वर्ष- 13 अंक - 75
लखनऊ, शनिवार 15 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बच्चों को प्रकृति व ग्रामीण जीवन से जोड़ना हमारी प्राथमिकता : जयवीर सिंह 03

एसएआर जागरूकता एवं साक्षरता कार्यालय का शुभारंभ 12

# नतीजे घोषित : बिहार में फिर एनडीए सरकार

## बिहार विधानसभा की 243 सीटों में एनडीए को मिली 195 सीटें, बीजेपी को 83, जेडीयू को 75, एलजेपी को 17, अन्य को चार सीटें मिली

एजेंसी

**पटना।** देर शाम तक बिहार विधानसभा चुनाव में 243 सीटों में से 238 सीटों के परिणाम आ चुके हैं, इनमें से 88 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 84 पर जदयू, 19 सीट पर लोजपा-आर, 05 सीट पर अन्य एनडीए सहयोगी, 6 सीट पर कांग्रेस, नेशनल कांग्रेस 6, एआईएमआईएम 5, राष्ट्रीय लोकमोर्चा 05, सीपीआई(एल) 02, सीपीआई (एम) 01 ने जीत दर्ज की है वहीं आरजेडी ने 24 सीटों पर जीत हासिल की व 5 सीटों पर अन्य पार्टियां आगे चल रही हैं।

राजग की शानदार वापसी और महागठबंधन की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। शाम 6.30 बजे तक के रुझानों में भाजपा, नीतीश कुमार की जदयू और चिराग पासवान की लोजपा-आर सामूहिक रूप से लगभग 200 पार की बढ़त बनाए हुए थे। अब तक 88 सीटों पर विजेताओं की घोषणा हो चुकी है। इनमें भाजपा की ओर से सिक%टी से विजय कुमार मंडल, बनमनखी से कृष्णा कुमार रिषी, पूर्णिया से विजय कुमार खेमका, कटीहार से तारकिशोर प्रसाद और कोरहा से कविता देवी ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज की है। दरभंगा से संजय सरावगी, हायाघाट से रामचन्द्र प्रसाद, कैवटी से मुरारी मोहन झा और औराई से राम निषाद ने पार्टी के प्रदर्शन को और मजबूत किया है। प्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर बरुराज से अरुण कुमार सिंह, साहेबगंज से राजू कुमार सिंह, गोपालगंज से सुभाष सिंह, सीवान से मंगल पांडेय, बानियापुर से केदारनाथ सिंह, बिहपुर से कुमार शैलेन्द्र, काटोरिया से पुरन लाल टुडू, मुंगेर से कुमार प्रणय, बाढ़ह से सियाराम सिंह, डिगहा से संजिव चौरसिया, बांकीपुर से नितिन नवीन, कुम्हरार से संजय कुमार, पटना साहिब से रत्नेश कुमार, दानापुर से रामकृपाल यादव, विक्रम से सिद्धार्थ सौरव, बरहरा से राघवेंद्र प्रताप सिंह, तरारी से विशाल प्रशांत, गुरुआ से उपेन्द्र प्रसाद और गया टाउन से प्रेम कुमार ने भी जीत दर्ज की है। इस व्यापक जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा ने बिहार के कई प्रमुख क्षेत्रों में मतदाताओं का विश्वास बनाए रखा है और पार्टी की मजबूत पकड़ राज्य में बनी हुई है। कई सीटों पर भारी वोट का अंतर और लगातार बढ़त ने यह संकेत दिया कि भाजपा इस चुनाव में एक बार फिर सत्ता समीकरणों में प्रमुख भूमिका निभा रही है।





### नीतीश सरकार के 21 मंत्रियों ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों में एनडीए प्रचंड जीत की ओर आगे बढ़ रहा है। एनडीए को मिली इस जीत में कम से कम 21 मंत्रियों ने जीत दर्ज की है। इनमें प्रेम कुमार, महेश्वर हजारी और संजय सरावगी और अन्य मंत्री शामिल हैं। नीतीश कुमार की सरकार में कृषि मंत्री रहे भाजपा नेता प्रेम कुमार ने गया शहर पर 1990 से लगातार जीत के अपने रिकॉर्ड को कायम रखा है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अखौरी ओंकार नाथ को 26 हजार वोटों से शिकस्त दी। तारापुर से पहली बार चुनाव लड़ रहे बिहार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। राजद के प्रत्याशी अरुण कुमार पर सम्राट चौधरी ने 45 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बना रखी है। वहीं, लखीसराय से डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा भी 19 हजार से ज्यादा वोटों की बढ़त बनाए हुए हैं। जदयू नेता महेश्वर हजारी नीतीश सरकार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री रहे हैं।

### बिहार चुनाव में चकनाचूर हुआ महागठबंधन का सपना

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने राजनीतिक विशेषकों के सारे अनुमान उलट कर दिये हैं। शाम सात बजे तक के रूझान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 202 से ज्यादा सीटों पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए है, जबकि महागठबंधन मात्र 35 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। बिहार विधानसभा के इस चुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि स्थिरता के लिए नीतीश कुमार और नेतृत्व के लिए नरेन्द्र मोदी हैं। दूसरी ओर, विपक्षी महागठबंधन की लुटिया डूबती दिख रही है। नयी नवेली प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी कोई असर नहीं छोड़ पाई, जिसने सबसे ज्यादा सभी को चौंकाया है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि महागठबंधन इतने बड़े अंतर से क्यों पिछड़ा? सिलसिलेवार बात की जाए, तो सबसे पहले सीटों के बंटवारे के दौरान ही महागठबंधन के घटक दलों के बीच अंदरूनी अविश्वास दिखा। सीट शेयरिंग के मतभेद, देर से घोषणा और एकजुट कैंपेन की कमी ने जमीनी स्तर पर महागठबंधन को नुकसान पहुंचाया। चुनावी पोस्टर से लेकर जनसभाओं तक, तीनों दलों में तालमेल न दिखना वोट बिखराव और करारी शिकस्त की बड़ी वजह बना। वहीं राजद ने 144 सीटों में से 52 पर यादव उम्मीदवार उतारकर जातीय समीकरण को अत्यधिक तवज्जो दी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, सुशासन की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है वो प. बंगाल, तमिलनाडु, यूपी और बाक़ी जगह पर अब नहीं हो पायेगा क्योंकि इस चुनावी साजिश का अब भंडाफोड़ हो चुका है। अब आगे हम ये खेल, इनको नहीं खेलने देंगे। 'पीडीए प्रहरी' चौकन्ना रहकर भाजपाई मंसूबों को नाकाम करेगा।

अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

### सात राज्यों के उपचुनाव में भाजपा दो, कांग्रेस दो, अन्य चार पर विजयी


**नई दिल्ली।** देश के सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को मतगणना के बाद घोषित किए गए। भाजपा और कांग्रेस को दो-दो, आम आदमी पार्टी (आआपा) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को एक-एक सीट पर जीत मिली है, जबकि जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेएंडके-पीजीपी) और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहीं। चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित किए गए। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से भाजपा उम्मीदवार देवयानी राणा और बडगाम से जेएंडके-पीडीपी के आगा सैयद मुंतजिर विजयी हुए। उपचुनाव में जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट सबसे अधिक चर्चा में रही। यहां उपचुनाव मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के इस्तीफे के बाद कराया गया। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटों गांदरबल और बडगाम से जीत हासिल की थी। बाद में उन्होंने गांदरबल सीट बरकरार रखते हुए बडगाम से इस्तीफा दे दिया था। बडगाम से 20 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। राजस्थान की अंता (बारां) सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन और तेलंगाना की जुबली हिल्स से कांग्रेस के नवीन यादव को जीत मिली है। पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी। आआपा पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है। यहां से हरमीत सिंह संधू ने जीत हासिल की। मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के आर. लालथंगलियाना ने जीत दर्ज की है। ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर भाजपा के जय ढोलकिया ने जीत दर्ज की है। झारखंड की घाटशिला सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन झामुमो के सोमेश चंद्र सोरेन से चुनाव हार गए हैं।



बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता को बधाई दी है। उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए नड्डा ने कहा कि बिहार के लोगों ने विपक्षी गठबंधन के जंगलराज और भ्रष्टाचार को पूरी तरह से नकार दिया है।

जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी

### -: सर्राफा बाजार भाव :-



| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,27,190/ |
| 22 कैरेट | = 1,16,600/ |
| 18 कैरेट | = 95,430/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 173,100/ |

### संक्षिप्त समाचार

**मनी लांड्रिंग मामले में स्वराज सिंह 14 दिनों की हिरासत में**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी योजना में मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार स्वराज सिंह यादव को 14 दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। एडिशनल सेशंस जज शेफाली बरनाला टंडन ने ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया। स्वराज सिंह यादव सेवन ओशियन बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड का प्रमोटर है। ईडी के मुताबिक स्वराज सिंह यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर खरीददारों को घर आवंटित कने के लिए पैसे वसूले और 222 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा किया। ओशियन बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड ने दिसंबर 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गुरुग्राम में प्रोजेक्ट लांच किया था। इस प्रोजेक्ट के लिए कंपनी ने करीब एक हजार से ज्यादा घर खरीददारों से 217 करोड़ वसूले थे।

**पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मिलने पहुंचे राजा भैया**

**मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा शुक्रवार सुबह अपने अगले पड़ाव के लिए निकली तो जय...जय श्रीराम का उद्घोष सभी की जुबान पर रहा। हजारों की भीड़ के बीच पहले छोर पर खड़े होकर अंतिम छोर दिखाई नहीं पड़ रहा था। भगवा ध्वज ही लहरा रहे थे। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री से मिलने कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया पहुंचे। कोसीकलां अनाज मंडी में विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे पदयात्रा आगे के लिए बढ़ी। यात्रा में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

**प्रदेश की ट्रायल कोर्ट अपना फैसला पूरा हिंदी या अंग्रेजी में लिखे : इलाहाबाद हाईकोर्ट**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक आदेश में कहा है कि ट्रायल कोर्ट अपने फैसले या तो पूरी तरह हिंदी में लिखें या पूरी तरह अंग्रेजी में। दोनों भाषाओं को मिलाकर लिखा गया निर्णय स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने आगरा की सत्र न्यायालय के एक फैसले को इसका सर्वोत्तम उदाहरण बताते हुए उसकी कॉपी चीफ जस्टिस और राज्य के न्यायिक अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने पाया कि फैसला 54 पन्नों का था, जिसमें 63 पैराग्राफ अंग्रेजी में व 125 हिंदी में और 11 पैराग्राफ दोनों भाषाओं के मिश्रण थे। इससे साधारण हिंदी भाषी व्यक्ति फैसला समझ नहीं सकता। कोर्ट ने कहा कि निर्णय एक ही भाषा में लिखा जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट/हाईकोर्ट के अंग्रेजी अंश या हिंदी में दर्ज मृत्युकालिक कथन जैसे उद्धरण अपनी मूल भाषा में दिए बगैर जा सकते हैं, बशर्ते उनका अनुवाद भी दिया जाए। मामले के अनुसार, हाईकोर्ट ने 2021 की दहेज हत्या के मामले में आरोपित पति को दोषमुक्त करने के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि अभियोजन दहेज की मांग से जुड़ी क्रूरता साबित नहीं कर सका।

## इंडियन स्टेट वाले बयान को लेकर राहुल के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

समृद्धि न्यूज

**संभल।** संभल के एमपीदूएमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विवादित बयान को लेकर दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद अब यह मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया है। हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में नई याचिका दाखिल की, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग दोहराई।

इस याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी का इंडियन स्टेट वाला बयान संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास पैदा करता है, इसलिए इस पर उचित एवं कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।सिमरन गुप्ता ने कहा कि वह न्याय की उम्मीद छोड़ने वाले नहीं हैं और उनकी कानूनी लड़ाई अब हाईकोर्ट में जारी रहेगी। यह पूरा विवाद उस बयान से जुड़ा है जो राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को एक कार्यक्रम के दौरान दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई भाजपा या आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से है। राहुल गांधी के इस बयान के बाद विवाद छिड़ गया। कई नेताओं ने इसकी निंदा की।

## बीजापुर जिले में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट, जवान घायल

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट हो गया। इस विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घटना की आधिकारिक पुष्टि बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्णा ने की है । घायल जवान को तुरंत रायपुर रेफर किया गया है। अभी इलाके में मुठभेड़ इलाके में चल रही है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं।

## सेना ने 16000 फीट ऊंचाई पर चलाई मोनो रेल, पहाड़ी इलाकों में पहुंचेगी मदद

एजेंसी



**ईटानगर।** भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने एक इन-हाउस हाई एल्टीट्यूड मोनो रेल सिस्टम तैयार किया है। यह स्मार्ट इनोवेशन अरुणाचल प्रदेश के 16 हजार फीट की ऊंचाई वाले दुर्गम पहाड़ी इलाकों में काम करने के लिए बनाया गया है, जिससे सैनिकों को जरूरी सामान तेजी से पहुंचाने में मदद मिलेगी।

यह नया सिस्टम कामेंग हिमालय रीजन में भारतीय सेना तक रसद पहुंचाने में मददगार है। यहां न तो रास्ता है, न ही कोई दूसरा वाहन पहुंच सकता है। पहाड़ों में, संकरे रास्तों, ढीली चट्टानों, अप्रत्याशित मौसम और सीमित ऑक्सीजन के कारण छोटी दूरियां भी लंबी और कठिन लगती हैं।

सैनिकों को अक्सर अपनी पीठ पर कई जरूरी सामान ढोने पड़ते थे। इसमें समय और मेहनत के साथ एक्स्ट्रा एफर्ट लगाने होते थे। अब, मोनो रेल से समय और मेहनत दोनों बचेंगे। साथ ही जोखिम भी कम होगा।

गजराज भारतीय सेना की चौथी कॉर्प्स है। यह सेना की ईस्टर्न कमांड का हिस्सा है, जिसकी स्थापना 4 अक्टूबर 1962 में भारत-चीन युद्ध के समय हुई थी। पूर्वोत्तर सुरक्षा की रीढ़ माना जाता है। इसका मुख्यालय तेजपुर (असम) में है। इसे नॉर्थ-ईस्ट भारत की सुरक्षा, काउंटर-इंसर्जेंसी ऑपरेशन और सीमा प्रबंधन में सबसे सक्रिय और रणनीतिक कॉर्प्स माना जाता है। इस कोर के तहत 71 माउंटेन डिवीजन, 5 बॉल ऑफ फायर डिवीजन, 21 रियल हॉर्न डिवीजन शामिल हैं। इसकी 1962 के भारत-चीन युद्ध में सक्रिय भूमिका रही थी। हालांकि उस समय इसकी शुरुआत हुई थी, लेकिन इसके जवानों ने अरुणाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों की रक्षा की थी। गजराज का अर्थ होता है हाथी, जो शक्ति, स्थिरता और पराक्रम का प्रतीक है।

## बंद कमरे में मिले दंपति व तीन बच्चों के शव

▸ एसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में शुक्रवार को एक बंद कमरे में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। प्रथमदृष्टतया पुलिस जांच में युवक ने ही अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी की है।

पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल की फोरेंसिक जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैलाशपुर बनकट ग्राम पंचायत के मजरा लियाकत पुरवा गांव में पति-पत्नी और तीन बच्चों के शव एक बंद कमरे में मिले हैं। मृतकों की पहचान रोज अली (32) उनकी पत्नी शहनाज (30) और उनके तीन बच्चे गुलनाज (11), तबस्सुम (10) और मोइन (डेढ़ साल) के रूप में हुई। उनके शव बेडरूम में मृत पाए गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि आज सुबह जब परिवार का कोई भी सदस्य कमरे से बाहर नहीं निकला तो मां जैतुना उन्हें जगाने के लिए पहुंची। कई बार आवाज देने के बावजूद भीतर से दरवाजा नहीं खुला। इस पर परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़कर कमरे के भीतर पहुंचे तो रोज अली का शव फंदे पर लटका था और बिस्तर पर उसकी पत्नी और बच्चों के शव पड़े थे। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक जांच कर साक्ष्य जुटाए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ने बताया कि प्रथमदृष्टतया जांच में पाया कि युवक ने पहले पत्नी और बच्चों की गला घोंटकर या फिर मुंह दबाकर हत्या कर दी और उसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु हुआ अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रगति मैदान और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है, जहां शुक्रवार से भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर) शुरू होने जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानाकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को लाल किले के पास विस्फोट की घटना के बाद पहले ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कुल 14 दिन तक चलने वाला व्यापार मेला 27 नवम्बर तक आयोजित होगा और रोजाना करीब 60,000 आगंतुकों के आने का अनुमान है।

## जम्मू कश्मीर में आतंकी डॉ. उमर के घर को आईईडी से उड़ाया गया

एजेंसी

▸ दिल्ली ब्लास्ट को लेकर सुरक्षा बलों ने पुलवामा में की कार्रवाई

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट मामले के आरोपी डॉ. उमर नबी के घर को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रित विस्फोट के जरिए ढाँचे को ध्वस्त किया गया।

वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया था और तोड़फोड़ से पहले निवासियों को घर खाली करने को कहा गया था। जांचकर्ताओं ने अब तक खुलासा किया है कि डॉ. उमर ही सोमवार शाम लाल किले के पास विस्फोट वाली आई20 कार चला रहा था। विस्फोट के कारण कई लोगों की जान चली गई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हालांकि इस तोड़फोड़ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने से हतोत्साहित करना है।

## बैंक फ्रॉड मामला : अनिल अंबानी पूछताछ के लिए ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नयी दिल्ली।** रिलायंस एडीएजी समूह के अनिल डी.अंबानी शुक्रवार को बैंक फ्रॉड मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दिल्ली मुख्यालय में पेश नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। अनिल अंबानी की ओर से जारी एक बयान में, कंपनी ने कहा कि वह सभी मामलों में ईडी के साथ पूरा सहयोग करेगी और वर्चुअल माध्यम से पेश होने को तैयार है। उन्हें अभी तक अनिल अंबानी या उनकी कंपनी से ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है। अनिल अंबानी की ओर से जारी बयान में कहा गया, अनिल डी. अंबानी को ईडी की ओर से भेजा गया समन फेमा जांच से संबंधित है।

## दिल्ली हमले के ऑनलाइन समर्थन पर असम से 20 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**गुवाहाटी।** दिल्ली आतंकी हमले के आरोपितों के पक्ष में सोशल मीडिया पर समर्थन जताने वालों के खिलाफ असम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के विभिन्न जिलों में छापेमारी के बाद कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया के जरिए शुक्रवार को कहा कि ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और खोज अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, जिन व्यक्तियों को पकड़ा गया है, वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हमले में शामिल आतंकियों के समर्थन में पोस्ट और प्रतिक्रियाएं साझा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद का महिमामंडन करने या राष्ट्र की सुरक्षा को चुनौती देने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि आरोपितों की ऑनलाइन गतिविधियों की जांच जारी है और जुटाए गए सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में मत्तिउर रहमान (दरंग), हसन अली मोंडल (ग्वालपाड़ा), जयंत मोहन दास (नलबाड़ी), अब्दुल लतीफ (चिरांग), वाजहुल कमाल (कामरूप), नूर अमीन अहमद (बंगाईगांव), रफीजुल अली (बंगाईगांव), फोरिद उद्दीन लस्कर (हैलाकांदी), इनामुल इस्लाम (लखीमपुर) आदि गिरफ्तार किए गए।

कैबिनेट

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## 10 वर्ष की किरायेदारी पर स्टांप शुल्क व रजिस्ट्रेशन फीस में छूट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 10 वर्ष तक की अवधि के कियायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूरी देने के साथ कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप जीतने की बधाई दी गई।

इसके अलावा दिल्ली कार विस्फोट की आतंकी घटना की निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कैबिनेट बैठक के बाद राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मंत्री अनिल राजभर, परिवहन मंत्री और राकेश सचान ने मीडियो को कैबिनेट में पारित प्रस्तावों की जानकारी दी।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी प्रदेश सरकार ने राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूर कर दी है। इसका उद्देश्य यह है कि भवन स्वामी और किरायेदार दोनों किरायानामा लिखित रूप में तैयार करें और रजिस्ट्री कराएं, जिससे विवाद कम हों और किरायेदारी विनियमन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वर्तमान नियमों के अनुसार एक वर्ष से अधिक अवधि की किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन आमतौर पर अधिकांश किरायानामे मौखिक होते हैं या यदि लिखित होते भी हैं तो उनकी रजिस्ट्री नहीं कराई जाती।

### अब चैनमैन भी बन सकेंगे लेखपाल, नई नियमावली मंजूर

प्रदेश कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमों में बड़ा बदलाव कर चैनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति का मार्ग खोल दिया है। वित्त मंत्री सुरेशा खन्ना ने बताया कि पंचम संशोधन नियमावली 2025 के तहत अब लेखपाल के कुल पदों में से दो प्रतिशत पद योग्य चैनमैन को पदोन्नति के आधार पर दिए जा सकेंगे। यह पहली बार है जब चैनमैन को सीधी भर्ती व्यवस्था से बाहर निकलकर लेखपाल पद तक प्रमोशन का अवसर मिलेगा।

### बागपत में पीपीपी मोड पर बनेगा मेडिकल कॉलेज

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने जनपद बागपत में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 5.07 हेक्टेयर भूमि नि:शुल्क चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह भूमि ग्राम मीतली में स्थित है और मत्स्य विभाग के पास थी। विवादित 0.53 हेक्टेयर हिस्से को छोड़कर शेष भूमि पर कॉलेज का निर्माण किया जाएगा।

### दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान कानून में बड़ा संशोधन

कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। अब राज्य के सभी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठान भी इस कानून के दायरे में आएंगे। इससे अधिकतम श्रमिक कानूनी संरक्षण के दायरे में आएंगे और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी।

# अवसर का भरपूर लाभ उठाएं बेटियां : डीएम





समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** सर्वशक्तिमान प्रतिभा सभी को देता है परन्तु सभी को एक समान अवसर नहीं प्राप्त होते हैं। हमारी नन्ही मुन्नी बच्चियों को विहान बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सभी बालिकाएं इस अवसर का भरपूर लाभ उठाकर समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त कर परिवार व देश का नाम रौशन करें। विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी आप जैसी बेटियों के कांधों पर है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

**▸ विहान विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस व जनजातीय गौरव दिवस**

श्रम विभाग द्वारा हुजूरपुर रोड पर संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय में बाल दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उक्त उद्गार व्यक्त किये। डीएम ने कहा कि विहान विद्यालय की जिम्मेदारी मात्र बच्चियों को कक्षा 08 उत्तीर्ण कराना ही नहीं है।

बल्कि हमें यह भी देखना होगा कि पास आउट छात्राएं आगे की भी पढ़ाई जारी रखें और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरूद्ध समाज को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करें। डीएम ने कहा कि पास आउट बेटियां यदि आगे की पढ़ाई जारी रख रही हैं तो यह माना जायेगा कि वे यहां से अच्छे संस्कार लेकर विदा हुई हैं। सामाजिक संस्था सद्भावना एवं लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल दिवस समारोह में छात्राओं द्वारा वार्डेन प्रगति सिंह की देख-रेख में निबन्ध लेखन, चित्रकारी, योगा एवं राष्ट्रगान जैसे रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई। कालेज परिसर में लगाये गये बाल मेला में छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाकर बिक्री भी की गयी।

इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, अधीक्षक प्रगति सिंह, सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला संयोजक संजीव शर्मा, लायन्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, आर्दश अग्रवाल, थारू जनजाति की बेटियां जया राना, आईसा, निराशा, दया त्रिवेदी सहित विभिन्न ब्लाकों के सद्भावना के पदाधिकारियों व अन्य अतिथियों द्वारा बालिकाओं का उत्साहवर्द्धन किया गया।

# बीईओ ऑफिस बंद, सिस्टम हुआ धड़ाम, रियाल्टी चेक में खुली लापरवाही की पोल

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** शुक्रवार सुबह 10.10 बजे विशेश्वरगंज स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय की रियल्टी चेकिंग के दौरान बड़ा खुलासा हुआ।

निर्धारित समय पर पहुंचे अधिकारियों ने देखा कि पूरा कार्यालय बंद था और मुख्य गेट पर ताला लटका हुआ था। जांच में खंड शिक्षा अधिकारी भी मौके से नदारद मिले, जबकि बीआरसी कार्यालय में केवल कुछ कर्मचारी उपस्थित पाए गए। अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिससे सरकारी कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, दफ्तर किसी भी दिन 11 बजे से पहले नहीं खुलता। लगातार देरी और कर्मचारियों की गायब रहने की प्रवृत्ति ने शिक्षा कार्यों पर सीधा असर डाला है।

**▸ सरकारी कार्यप्रणाली व जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न हुए खड़े**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बीईओ का पक्ष जानकर बताता हूँ, लेकिन उनका जवाब नहीं मिला। उनके अनुसार, संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेकर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### कक्षा तीन की छात्रा आराध्या गुप्ता बनी एक दिन की सीएमओ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय नानपारा की कक्षा 03 की छात्रा आराध्या गुप्ता को सांकेतिक रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पदभार दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर छात्रा का स्वागत किया तथा अपनी कुर्सी पर बैठाकर कक्ष में मौजूद चिकित्साधिकारियों से छात्रा का औपचारिक परिचय कराते हुए सीएमओ के पदेन उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एनडीए की बड़ी जीत पर रेहराबाजार में जश्न



**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** विहार में एनडीए की बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रेहराबाजार में जोरदार जश्न मनाया। भाजपा नेता एवं रूद्रांश ग्रुप के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय नेता एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई। इस दौरान भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह पिंकू,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम करन मिश्रा, मण्डल प्रभारी भारत नरेश सिंह, संतोष पांडे, नब्बन वर्मा, बिपिन सिंह, राजेश सिंह, दयाशंकर पांडे, इन्द्रजीत सिंह, निरहू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने एनडीए नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए जीत को विकास और सुशासन की विजय बताया।।

### नगर पुलिस ने जालसाज अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** वादी रामलखन त्रिपाठी द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गई कि उसकी पैतृक संपत्ति हड़पने की नीयत से मीना देवी, शिवशंकर त्रिपाठी, रामशंकर त्रिपाठी व राजेश कुमार त्रिपाठी आदि ने मिलकर कूटरचित शपथ पत्र संख्या 80ष22779 तैयार किया गया है, जिस पर नोटरी लक्ष्मीरतन लाल की फर्जी मोहर व हस्ताक्षर लगाए गए हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधन गोण्डा की जांच रिपोर्ट दिनांक 05.02.2025 में यह साबित हो चुका है कि शपथ पत्र फर्जी है। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में 04 नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 14.11.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी राजेश कुमार त्रिपाठी को अंबेडकर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### नवजात बच्चे के शव का पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात क्षेत्र में एक युवती करीब एक वर्ष पूर्व एक युवक के साथ घर से भाग गई थी।कुछ दिनों के बाद अपने घर चली आई। उस युवती ने शुक्रवार के दिन एक मरे हुए नवजात बच्चे को जन्म दिया। जिस का पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराने के लिए भेजा है। इस के बाद पुलिस का डीएनए टेस्ट कराएगी। कोतवाली देहात क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने थाने पर तहरीर दिया कि उस की पुत्री 17 जुलाई 2024 को घर से एक युवक के साथ भाग गई थी। कुछ दिनों तक साथ में रहने के बाद युवक उस को उस के घर लाकर छोड़ दिया था। युवती गर्भवती थी। युवक उस को अपने साथ ले जाने से मना कर दिया और उस बच्चे को अपनाने से इनकार कर दिया। शुक्रवार के दिन जब उस युवती ने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया तब उस के पिता ने इस की सूचना कोतवाली देहात की पुलिस को दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि उस के शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इस के बाद कारवाही की जाएगी।

### कालियानाग मान मर्दन व रासलीला वर्णन से भक्त हुए विभोर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र के चैनवापुर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। अयोध्याधाम से पधारे कथा व्यास पंडित जगदम्बा शरद शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों का सरस वर्णन करते हुए कालियानाग का मान मर्दन व रास लीला की अद्भुत कथा प्रस्तुत की। कथा व्यास पंडित जगदम्बा शरद शास्त्री जी महाराज ने बताया कि मथुरा में जन्म लेने के बाद भगवान कृष्ण ने बृजवासियों को अपना प्रेम दिया ।कंस के आदेश पर पूतना ने विष लगे स्तन से श्री कृष्ण को मारने का प्रयत्न किया। भगवान ने पूतना का वध कर उसे मोक्ष प्रदान किया। भगवान भक्तों के प्रेम में बंधे होते हैं। इसी कारण उन्होंने ग्वालो के साथ भोजन भी किया और उनका झूठा भी खाया। जब ब्रह्मा जी ने इस बारे में पूछा तो भगवान ने कहा कि प्रेम से उन्हें भी बस में किया जा सकता है ।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा कोतवाली त्रे में गुरुवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मटेरा इलाके के गौरा धनौली निवासी इंद्रजीत अपने भाई दिनेश के साथ बाइक से नवाबगंज जा रहे थे। मथुरा पुल के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से उन्हें नानपारा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत सादुल्लानगर पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



समृद्धि न्यूज

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सादुल्लानगर पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान गुमा तिराहा- सादुल्लानगर पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का अहसास दिलाया और जागरूकता संदेश दिए।

इस दौरान विद्यालयों एवं कॉलेजों के बाहर अनावश्यक रूप से घूमने वाले शोहदों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लगभग एक दर्जन बाइकों का चालान किया, साथ ही एक वाहन से काली फिल्म हटवाई। चेकिंग टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, महिला कंस्टेबल पूजा चौधरी, कांस्टेबल अनिल नायक, आरक्षी मुरारीलाल,आरक्षी अनिल नायक, शामिल रहे। थाना प्रभारी सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व प्रमुख चौराहों पर प्रतिदिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति अभियान के तहत उन्हें आत्मनिर्भर, सजग एवं निडर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

# जीवन-शैली सुधार कर मधुमेह को करें बाय-बाय : सीएमओ

**▸ हस्ताक्षर अभियान से हुई कार्यक्रमों की शुरूआत**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच** शुक्रवार को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जनपद में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन में जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान का आयोजन समस्त स्वास्थ्य इकाई पर करते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय के सभागार कक्ष में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता फोरम के माननीय न्यायाधीश सुरेश चंद्र भारती एवं विशिष्ट अतिथि भारती जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने की।गोष्ठी का संचालन जेरियाट्रिक कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ परितोष तिवारी ने किया। सीएमओ डॉ संजय शर्मा ने कहा कि विश्व मधुमेह दिवस को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1991 में शुरू किया गया था। डायबिटीज यानी मधुमेह के विषय में लोगों को जाग्रत एवं शिक्षित करना ही इसका लक्ष्य है। यदि किसी को डायबिटीज की समस्या हो जाती है तो इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना असंभव है लेकिन यदि थोड़ी सावधानी बरती जाए तो इससे होने वाले खतरों से बचा जा सकता है। डायबिटीज प्राकृतिक या आनुवांशिक दोनों कारणों से हो सकती है। डायबिटीज होने का मुख्य कारण शरीर में इन्सुलिन का बनना बंद हो जाये या फिर शरीर में इन्सुलिन का प्रभाव कम हो जाये, दोनों ही परिस्थितियों में शरीर में ग्लूसकोज की मात्रा बढ़ जाती है। डायबिटीज के मरीजों को अपने आहार का ध्यान रखना चाहिए क्योकि यह उम्र के आखिरी पड़ाव तक बना रहता है। उन्होंने कहा कि मोटे तौर पर कह सकते है कि जीवन-शैली में सुधार लाकर मधुमेह से होने वाले दुष्प्रभावों को बाय-बाय किया जा सकता है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा ने बताया कि मधुमेह का प्रभाव परिवार में कैसे और किस वजहों से पड़ता है एवं उसके प्रकारो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की डायबटीज के प्रकार क्या है व उसको किस प्रकर से नियन्त्रित रखा जा सकता है। इस अवसर पर एनसीडी क्लीनिक में विशाल चिकित्सा शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप की जांच कर आईईसी मटेरियल द्वारा मरीजो को जागरूक किया गया।

एनसीडी क्लीनिक के डॉ अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने कहा कि डायबिटीज एक क्रॉनिक बीमारी है जो तब होती है जब आपके ब्लड में ग्लूकोज की मात्रा बहुत ज़्यादा बढ़ जाती है। ब्लड ग्लूकोज या शुगर आपके शरीर में ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। इंसुलिन अग्न्याशय द्वारा बनाया जाने वाला एक हार्मोन है, जो ग्लूकोज को कोशिकाओं में जाने और ऊर्जा पैदा करने में सहायता करता है।

कभी-कभी जब शरीर में पर्याप्त इंसुलिन नहीं बन पाता है या इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो पाता है तो ग्लूकोज कोशिकाओं तक नहीं पहुँच पाता है। यह स्थिति शरीर में इंसुलिन की कमी पैदा करती है। जिसे मधुमेह कहते हैं। यदि इसे समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो स्थिती और गंभीर हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जरियाट्रिक कार्यक्रम के नोडल डॉ परितोष तिवारी ने कहा कि मधुमेह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि जीवन के भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को भी प्रभावित करता है। जिसके लिए प्रबंधन और सहायता के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। जागरूकता को बढ़ावा देने और व्यापक सहायता प्रदान करके, हम मधुमेह से पीड़ित लोगों को स्वस्थ, अधिक संतुष्ट जीवन जीने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

## पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा बाल दिवस के अवसर पर ÷हर बच्चा खास है÷ अभियान के अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सत्या गुप्ता जी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को माला अर्पण कर किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में ÷मुझे पढ़ाई क्यों पसंद है विषय पर प्रभावशाली निबंध प्रस्तुत किए गए तथा पोस्टर प्रतियोगिता में शिक्षा सबका अधिकार÷ तथा हर बच्चा खास है शीर्षक पर बच्चों ने सुंदर पोस्टर बनाए । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए । प्रथम द्वितीय एवं तृतीय बच्चों को पुरस्कार दिया गया सभी बच्चों को स्टेशनरी एवं फल वितरित किए गए प्रधान अध्यापिका को दुपट्टा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ ही प्राथमिक विद्यालय में भी बच्चों को स्टेशनरी एवं फल वितरित किए गए और वहां के प्रधानाध्यापक जी का सम्मान दुपट्टा पहनाकर किया गया इस कार्यक्रम में प्रांतीय नारी चेतना संयोजिका नीलम जैन मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा अध्यक्ष अनीता मनीरामका एवं अन्य सदस्य पुष्पा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।


### जमीन के रंजिश को लेकर दो सगे भाई, चाचा सहित पांच को पीटा, दस लोगों पर मुकदमा


गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार में पुरानी जमीन के रंजिश को लेकर शंभू नाथ के घर पर एक दर्जन लोगों ने लाठी डंडा लोहे की रॉड से हमला कर के दो सगे भाई चाचा सहित पांच लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार बड़गांव निवासी शंभू नाथ पुत्र राम लाल ने बताया कि बृहस्पतिवार के दिन अशोक कुमार ओम प्रकाश राम प्रकाश पुत्र गण धन लाल रवि मोहित धुव पुत्र गण राम प्रकाश सहित एक दर्जन लोग उस के घर पर चढ़ लोहे की रॉड लाठी डंडा सरिया चाकू लेकर चढ़ आए। उस के भाई उमा नाथ पुत्र शुभम दीपांशु पर लोहे की रॉड लाठी डंडा से हमला कर के मारने लगे। बचाने दौड़े गौरव शोभित को चाकू और बाट से हमला कर के मारा पीटा जिस से पांचों लोग बेहोश हो गए। बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शंभू नाथ की तहरीर पर अशोक कुमार ओम प्रकाश राम प्रकाश, रवि मोहित धुव खुशी मुस्कान मोहिनी रचना निवासी रानी बाजार बड़गांव के खिलाफ में। मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी।

### बाल दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

**बहराइच।** गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया में बाल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि संजय चिरानिया, विशिष्ट अतिथि सुधीश अग्रवाल, मनोज पांडे, राजेश गोयल, भारत विकास परिषद, राम रतन दोचानिया, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना हे हंस वाहिनी मां से शुरुआत हुई। इसी क्रम में प्रीति शशि और प्रियंका ने सुबह सवेरे लेकर प्रभु का नाम वंदना से सभी का मन खुश किया। बाल दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा वंदना, सांस्कृतिक, कार्यक्रम एवं रंगोली और स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुधीश अग्रवाल ने बताया कि बाल दिवस चाचा नेहरू की यादगार में 14 नवंबर को मनाया जाता है इसके साथ सभी छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दिया। राम रतन दोचानिया ने चाचा नेहरू के जीवन परिचय बताया और पराली और पालीथीन से वातावरण से हो रहे दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए यूज न करने के बारे में कहा।

## खरगूपुर पुलिस जबरन करा रही है शादी शुदा महिला से दूसरी शादी





समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिले में थाना खरगूपुर का एक नया चौंकाने वाला मामला सामने आया है, बता दें कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के विनोद कुमार मिश्रा निवासी वीरपुर भोज ने खरगूपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया है कि थाने के दरोगा प्रदीप सिंह और शशांक मौर्य मेरे लड़के अतुल कुमार को विगत चार दिन से अपने कब्जे में रखकर जबरन उसका वीडियो बनाकर गैर जाति की शादी शुदा लड़की से जबरन शादी कराने में जुटे हुए हैं।

वादी विनोद का कहना है कि मेरे बेटे को पुलिस द्वारा जबरन दबाव बनाकर गैर जाति के शादी शुदा महिला से दूसरी शादी कराना चाहते हैं। जबकि लड़की की शादी पहले से हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब पुलिस अपना काम छोड़कर शादी भी कराने लगी है यह बात कुछ समझ में नहीं आ रहा है। वादी विनोद ने एक लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर गृह विभाग साथ ही मंडल के आईजी व जिले के पुलिस अधीक्षक तक की शिकायत कर डाली। अब देखना यह है कि क्या पीड़ित को उचित न्याय मिल पता है या नहीं।

**▸ चार दिन से जबरन लड़के को थाने में बैठकर बनाया वीडियो**

# पराली जलाने पर पर्यावरण पर पड़ता है प्रतिकूल प्रभाव : डीएम

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जनपद के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है खेत में फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ ही साथ मृदा उर्वरता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

राजस्व विभाग के आदेश संख्या-1618/1-9-2017- रा.-09 दिनांक 13 नवम्बर 2017 द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत 2 एकड़ से कम क्षेत्रफल हेतु रु0 2500/- प्रति घटना, 2 एकड़ से अधिक तथा 5 एकड़ तक के क्षेत्रफल हेतु रु0 5000/- प्रति घटना एवं 5 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल हेतु रु0 15000/- प्रति घटना के हिसाब से पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली एवं धारा 26 के अंतर्गत उल्लंघन की पुनरावृत्ति होने पर अर्थदंड प्राविधानित है। कृषि अपशिष्ट के जलाए जाने की पुनरावृत्ति होने पर (लगातार दो घटनाएं होने की दशा में) सम्बंधित कृषकों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं तथा अनुदान आदि से वंचित किए जाने की कार्यवाई भी की जाएगी। जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपेक्षा है कि फसल अवशेषों को पशु चारा, कम्पोस्ट खाद वनाने आदि में उपयोग करें। इसके अतिरिक्त किसान भाई वेस्ट डिकम्पोजर का प्रयोग करके फसल अवशेषों को खेत में ही सडा सकते हैं। किसान भाई अवशेष के रूप में प्राप्त पराली को नजदीकी गौ आश्रय केन्द्र पर देने के लिए गौ- आश्रय केंद्र प्रभारी, पंचायत सेक्रेटरी अथवा ग्राम प्रधान से संपर्क कर सकते हैं जिनके द्वारा पराली को गौ- आश्रय केन्द्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

**▸ किसान भाई से अपेक्षा है कि फसल अवशेषों को पशु चारा, कम्पोस्ट खाद आदि में करें उपयोग**

### 24 घंटे बाद भी मासूम का नही लगा पता, वन विभाग कर रहा तलाश

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील के गोडहिया नंबर 3 ग्राम पंचायत के लोधन पुरवा मजरे में गुरुवार सुबह एक भेड़िया चार साल की बच्ची जाह्नवी को उसकी मां के सामने उठा ले गया। घटना के 24 घंटे बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, जिसके बाद वन विभाग और पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। ग्रामीण संतोष की बेटी जाह्नवी घर के अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी, जबकि उसकी मां सीमा पास में घर का काम कर रही थी। उसकी ताई भी वहीं बैठी थी। तभी घर से करीब पचास मीटर दूर गन्ने के खेत से एक भेड़िया निकला और जाह्नवी को अपने जबड़ों में दबाकर खेतों की ओर भाग गया। परिवार के सदस्यों ने भेड़िये का पीछा किया, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। जाह्नवी की मां सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची के बाबा सजन लाल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जाह्नवी गेंद उठाने के लिए थोड़ी आगे बढ़ी थी, तभी भेड़िया उसे उठा ले गया।

**यातायात माह** | **विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों, वाहन चालकों व स्टाफ को महत्वपूर्ण जानकारियां की गईं प्रदान**

# यातायात माह के दृष्टिगत 49 स्कूल वाहन चालक हुए जागरूक

समृद्धि न्यूज







**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में आज दिनांक 14.11.2025 को यातायात माह-नवम्बर 2025 के दृष्टिगत टीएसआई बलराम सिंह द्वारा एस मय स्कूल, एसआरपी पब्लिक स्कूल, सेंट जोसफ स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, एससीपीएम स्कूल तथा नेशनल पब्लिक स्कूल में व्यापक यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों, वाहन चालकों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल बसों व वैनों के 49 वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट व सीट-बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा, वाहन फिटनेस, ओवरलोडिंग से बचाव तथा स्कूल बसों के मानक सुरक्षा प्रावधानों के पालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित वाहन चालकों को यह भी अवगत कराया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि स्वयं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है साथ ही मानक अनुरूप न पाए जाने पर 07 वाहनों का चालान किया गया तथा वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, बच्चों की सुरक्षा बढ़ाने तथा यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता को व्यापक बनाने हेतु ऐसे अभियान सतत रूप से जारी रहेंगे।

**महत्वपूर्ण संदेश**

01. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन अथवा इयरफोन का प्रयोग न करें।
02. नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना पूर्णतः वर्जित है।
03. दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।
04. चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है।
05. निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना व निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन चलाना दण्डनीय अपराध है।
06. दायें-बायें मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें।
06. दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं।
07. वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें।
08. वाहनों के आगे एवं पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाना आवश्यक है।
09. एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहनों को जाने हेतु पहले रास्ता प्रदान करें।
10. नशे अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं।
11. सड़क पर वाहन चलाते समय स्टंट न करें।
12. सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्तियों की मदद करें एवं 112 डायल कर सूचना दें।

# प्री- प्राइमरी के 38 लाख नन्हें बच्चों ने बनाया कीर्तिमान, बाल मेले में उमड़ा उत्साह

## 38 लाख से अधिक बच्चों ने मेले में भाग लेकर पूरे प्रदेश को बाल सशक्तिकरण, रचनात्मकता और नवरंग उमंग से किया सराबोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ने एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया, जब प्रदेश के 50 हजार से अधिक बालवाटिकाओं में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के 38 लाख से अधिक नन्हे बच्चों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ बाल मेले में भाग लेकर पूरे प्रदेश को बाल सशक्तिकरण, रचनात्मकता और नवरंग उमंग से सराबोर कर दिया। यह संख्या न सिर्फ शिक्षा विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रमाण है,



बल्कि यह संदेश भी देती है कि सरकार का प्रारम्भिक शिक्षा अभियान अब नई ऊंचाइयों को छूने लगा है।

उत्तर प्रदेश के लिए यह शुक्रवार का दिन प्रारम्भिक बाल शिक्षा के इतिहास में नई इबारत लिखने वाला साबित हुआ। विभाग के प्रयास से आयोजित इस विशाल बाल मेले ने यह सिद्ध कर दिया कि सरकार की 'बच्चों के शुरुआती सीखने के अधिकार' को केंद्र में रखने वाली नीतियां अब जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव डाल रही हैं। प्रदेश के 75 जिलों में एक साथ आयोजित यह मेला बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं, सामाजिक व्यवहार, आत्मविश्वास और बुनियादी सीखने के स्तर को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। गतिविधियों में रंगभेद खेल, चित्रांकन, बौद्धिक खेल, संवेदी गतिविधियां और बच्चों द्वारा संचालित खेल स्टॉल प्रमुख आकर्षण रहे। जिस पैमाने पर यह आयोजन हुआ, वह अब तक अभूतपूर्व रहा।

**यूपी अब देश में प्रारम्भिक बाल शिक्षा का नेतृत्व करने की स्थिति में**

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जारी बयान में कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालवाटिकाओं के बच्चों की सामूहिक सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब देश में प्रारम्भिक बाल शिक्षा का नेतृत्व करने की स्थिति में है। यह सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि अभिभावकों और समुदाय का वह विश्वास है जो योगी सरकार की बाल-केंद्रित नीतियों को और मजबूत कर रहा है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा बाल मेला खेल आधारित सीखने का सबसे शक्तिशाली मंच है। जिस पैमाने पर बच्चों ने भाग लिया है, वह हमारे फाउंडेशनल स्टेज कार्यक्रम को नई ऊर्जा देता है। भविष्य में हम इसे और व्यापक रूप में लागू करेंगे।

## बेसिक शिक्षा विभाग ने नव-प्रोन्नत अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने नव-प्रोन्नत अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इसमें पांच जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिली है। हरदोई के बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मैनपुरी, पीलीभीत के बीएसए अमित कुमार को डायट कन्नौज, गोरखपुर के बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह को डायट हरदोई में उप प्राचार्य पद की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ के बीएसए राम प्रवेश को डायट लखनऊ का उप प्राचार्य बनाया गया है। डायट लखनऊ में उप प्राचार्य शिवेंद्र प्रताप सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, कानपुर मंडल बनाया गया है।

## गीता प्रेरणा उत्सव में शामिल होने 23 को लखनऊ पहुंचेंगे आरएसएस प्रमुख

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत 23 नवंबर को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। डॉ भागवत यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी भी उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी जीओ गीता उत्तर प्रदेश के संयोजक मणि प्रसाद मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि सरसंघचालक डॉ भागवत 25 नवंबर 2025 को अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में भी शामिल होंगे। इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। ध्वजारोहण समारोह की तैयारी में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों के निवास के लिए तीर्थक्षेत्रपुरम में टेंट सिटी बनाई जा रही है। विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह तीर्थक्षेत्रपुरम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### आज लखनऊ आएंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार 15 नवंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री शनिवार दोपहर 11.40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से सदर जाएंगे और वहां संस्कृत पाठशाला ऑडिटोरियम में और शाम को 4.00 बजे राजाजीपुरम में राजकुमार चिल्ड्रन एकेडमी में वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसके बाद राज्यसभा सांसद संजय सेठ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास जाएंगे। अगले दिन रविवार को अपराह्न 12.00 बजे सेक्टर-19 पासी चौराहा वृंदावन कॉलोनी में शहीद वीरांगना ऊदा देवी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 1.00 बजे वृंदावन कॉलोनी से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और अपराह्न 01.20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### राज्यपाल ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, गौरवशाली जनजातीय परंपराओं और अदम्य साहस की धरती झारखंड निरंतर प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कामना की कि विकास की यह सकारात्मक धारा और सशक्त होती रहे तथा राज्य के सभी नागरिकों का जीवन सुख, समृद्धि, शांति और उन्नति से आलोकित हो।

### हक की लड़ाई लड़ेंगे तभी बदलाव होगा : संजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आप सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में चल रही सरयू से संगम तक श्रोजगार दो,सामाजिक न्याय दोशपदयात्रा का बीकापुर क्षेत्र में पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत किया गया।शुक्रवार को अयोध्या की बीकापुर तहसील गेट पर अधिवक्ताओं और ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। सांसद संजय सिंह ने बताया कि पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं सहित समाज के सभी वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जब तक लोग एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई नहीं लड़ेंगे,तब तक बदलाव संभव नहीं है। मौजूदा सरकार लोगों को धर्म के नाम पर बांटकर असली मुद्दों रोजगार, किसानों की समस्याओं और सामाजिक न्याय से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। दलित, पिछड़े, किसान और युवा अपने को आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह देश संविधान की मूल भावना के अनुसार ही चलेगा। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें संघर्ष के लिए एकजुट करना है। स्वागत कर्ताओं में इमरान खान, मनोज मिश्रा, दिलीप वर्मा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ने किया डिजिटल एक्स-रे का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सचिवालय डिस्पेंसरी में डिजिटल एक्स रे और अन्य आधुनिक उपकरणों का उदघाटन किया। उन्होंने कहा, डिजिटल एक्स-रे एवं नए उपकरणों की उपलब्धता से सचिवालय कर्मियों के उपचार में और अधिक सरलता व गुणवत्ता आएगी। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से त्वरित इमेजिंग संभव होगी, जबकि लेन्सोमीटर एवं रिफ्लेक्शन यूनिट से नेत्र जांच की क्षमता में वृद्धि होगी। इससे सचिवालय के हजारों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा प्रकोष्ठ को निर्देशित किया कि उपकरणों का संचालन प्रशिक्षित स्टाफद्वारा सुनिश्चित किया जाए और कर्मचारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँ। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि तथा सचिवालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पत्रकार पर हमला, अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पुलिस ने मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक स्थानीय पत्रकार पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पत्रकार और मोहनलालगंज निवासी मुकेश द्विवेदी ने पुलिस थाने में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा कि बृहस्पतिवार (13 नवंबर) शाम करीब 5.40 बजे वह और हिमांशु रावत एक सर्विस सेंटर से अपनी कार (एसयूवी) लेकर जा रहे थे। तभी दो एसयूवी और एक अन्य कार ने उनके वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की। जब द्विवेदी अपने भूखंड पर पहुंचे और अपने लोगों को बुलाया, तो तीनों गाड़ियां (दो एसयूवी और एक कार) भी उनका पीछा करते हुए वहां पहुंच गईं। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि जब उनका हमलावरों से आमना-समना हुआ तो उन्होंने उनको लक्ष्य करके गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन पुलिस ने इस आरोप से इनकार किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गाड़ियों में सवार लोगों ने उनके साथ गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी।

### स्वामी शुकदेवानन्द विवि की स्थापना को मिली मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुआ। मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत करते हुए स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर के रूप में एक नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि योगी सरकार प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिनमें यह निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973, जो कि उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-29 सन् 1974 द्वारा पुनः अधिनियमित तथा संशोधित है, उसी के अंतर्गत संशोधन करते हुए नए विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड की खास पहल

# बच्चों को प्रकृति व ग्रामीण जीवन से जोड़ना हमारी प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग बाल दिवस 14 नवंबर के अवसर पर बच्चों को प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने की पहल की है। ग्रामीण पर्यटन और इको-टूरिज्म को एक सूत्र में पिरोते हुए विभाग ने विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवनशैली, स्थानीय व्यंजन और वन्य जीवों एवं प्रकृति से सीधा जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग ईको टूरिज्म, युवा पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और रिस्पांसिबल टूरिज्म की अवधारणा को में लेकर आगे बढ़ रहा है। ये बच्चे ही भविष्य के ब्रांड एम्बेसडर हैं, जो आने



वाले समय में पर्यटन को विस्तार देने में अहम भूमिका निभायेंगें। उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड बाल दिवस पर विद्यार्थियों को प्रकृति के सबसे करीब ले जाने वाला एक अनोखा अनुभव देने जा रहा है। लखनऊ के गवर्नमेंट इंटर जुबिली कॉलेज के 30 छात्र-छात्राओ ने दुधवा की प्रसिद्ध 'विस्टाडोम ट्रेन सफारी' का अनुभव किया। बिछिया से शुरू होने वाली यह विशेष यात्रा उन्हें तराई के घने जंगलों, घास के मैदानों और वेटलैंड्स के बीच से होकर मैलानी तक ले जाएगी, जहां हर मोड़ पर प्रकृति का मंत्रमुग्ध कर देने वाला सौंदर्य उनका स्वागत करेगा। सामान्यतः शनिवार और रविवार को संचालित होने वाली विस्टाडोम सेवा के अनुरूप भ्रमण कल 15 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है।

बाल दिवस के अवसर पर प्रयागराज में एस.के. कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के 40 छात्रों का दल दो शिक्षक समन्वयकों के साथ श्रृंगवेरपुर के शैक्षिक दौरे पर पहुंचा। छात्रों ने ऐतिहासिक श्रृंगी मंदिर, श्री राम घाट, श्री राम शयन स्थल का भ्रमण और नौकायन किया। वहां की आध्यात्मिकता और इतिहास की महत्ता को अनुभव किया। स्कूली बच्चों ने निषादराज किला व निषादराज उद्यान की भव्यता को करीब से देखा। ऐतिहासिकता को जाना और समझा। छात्रों ने स्थानीय खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लिया और ग्रामीण होमस्टे में पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा। बच्चों का अनुभव अविस्मरणीय रहा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन के तहत विकसित किए गए ईको-सिस्टम के अध्ययन हेतु सुल्तानपुर के कादीपुर स्थित त्रिभुवन एकेडमी के 75 छात्र नंदगांव पहुंचे। छात्रों ने स्थानीय पारंपरिक वास्तुकला, कृषि-आधारित ग्रामीण जीवनशैली तथा औषधीय एवं स्थानीय पौधों की विभिन्न प्रजातियों का नजदीक से अवलोकन किया।

**सभी जिलों में 'युवा पर्यटन क्लब' किए गए स्थापित**

युवाओं को पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में 'युवा पर्यटन क्लब' स्थापित किए गए हैं। अब तक 1,500 से अधिक क्लब बनाए जा चुके हैं, जिनसे 30,000 से ज्यादा विद्यार्थी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र इन क्लबों का हिस्सा हैं और समय-समय पर ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा उन्हें प्रदेश के प्रमुख जंगलों, पक्षी विहारों और प्राकृतिक धरोहरों का भ्रमण कराया जाता है। इसी क्रम में इस बार विद्यार्थियों को विस्टाडोम ट्रेन से दुधवा के आसपास के जंगलों की समृद्ध जैव विविधता को देखने का अवसर मिलेगा।

## लेसा में रिस्ट्रक्चरिंग से हजारों पदों की समाप्ति

**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में एवं लेसा में रिस्ट्रक्चरिंग कर हजारों पदों को समाप्त किए जाने के विरोध में बिजली कर्मियों,जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने आज शक्ति भवन पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के क्रम में आज प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली कर्मियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन कर अपना गुस्सा व्यक्त किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन जान बूझ कर लेसा की रिस्ट्रक्चरिंग के बारे में बिजली कर्मियों को भ्रमित कर रहा है।

# वरिष्ठजनों को स्वतः मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ : मंत्री असीम अरुण

**कैबिनेट के फैसले का 67.50 लाख वरिष्ठजनों को मिलेगा लाभ**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एक परिवार एक पहचान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने फैमिली आईडी की व्यवस्था शुरू की है। इसके अंतर्गत परिवार के सदस्यों का आधार प्रमाणीकृत विवरण, आय, जाति, इत्यादि जानकारियां फैमिली आईडी प्रणाली से लिंक होंगी।

प्रदेश सरकार फैमिली आईडी के आधार पर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का चिन्हीकरण करते हुए उन्हें विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ा जा सके, जिससे पत्रों को योजनाओं का लाभ स्वतः मिल सके। समाज कल्याण विभाग फैमिली आईडी के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन योजना को जोड़ रहा है। कैबिनेट बैठक के बाद समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को बताया कि फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दीर्घकालिक राह दिखाएगा। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग ने एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन के रूप में दिया जा रहा है। इसके लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठजन पात्र हैं। वर्तमान में सरकार 67.50 लाख वरिष्ठजनों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्रदान कर रही है।

## अब अलग से होगा खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय का गठन : केशव

**लखनऊ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय से खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय को अलग कर पृथक से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय को स्थापित किया जायेगा ताकि खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके एवं व्यवस्थित धनराशि का समुचित उपयोग हो सके। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के लिये स्थान, भवन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नये पदों के सृजन की अतिरिक्त आवश्यकता नहीं है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 300 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है।

# जो खेल बिहार में हुआ, यूपी में नहीं होगा : अखिलेश

**बिहार में लोकतंत्र की हत्या हुई : उदित राज**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में महागठबंधन की करारी हार और एनडीए को मिली प्रचंड जीत का असर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी दिखने लगा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुनौती देते हुए कहा है कि जो खेल बिहार में खेला गया है, वो उत्तर प्रदेश में नहीं हो पाएगा।

अखिलेश यादव ने अपने एक्स ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए छल करती है।



शुक्रवार को आए नतीजों के बाद अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा, बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वो पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, यूपी और बाकी जगह पर नहीं हो पाएगा, क्योंकि चुनावी साजिश का भंडाफोड़ हो चुका है। अब आगे हम ये खेल, इनको नहीं खेलने देंगे। सीसीटीवी की तरह पीपीटीवी मतलब पीडीए प्रहरी चौकन्ना रहकर भाजपाई मंसूबों को नाकाम करेगा। भाजपा दल नहीं छल है। चुनाव आयोग की तरफ से वोटर लिस्ट को लेकर चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर पर विपक्ष शुरुआत से हमलावर है।

विपक्षी दलों का कहना है कि इसके जरिए चुनाव आयोग, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए वोट चोरी कर रहा है। बिहार चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस नेता उदित राज ने भी महागठबंधन की हार का ठीकरा एसआईआर के सिर फोड़ा है। उदित राज ने कहा कि विपक्ष की तरफ से एसआईआर को लेकर लाखों की संख्या में आपत्तियां दी गई, लेकिन चुनाव आयोग ने एक का भी जवाब नहीं दिया। उदित राज बोले कि जब इस हद तक बेईमानी होगी तो चुनाव का क्या अर्थ रह जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है।

# कूड़ा फेंकने के विवाद में पड़ोसी ने की युवक की हत्या, गुडंबा थाने में मामला दर्ज, जांच शुरु

**मोहम्मद दानिश के रूप में हुई मृतक की पहचान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के गुडंबा थाना क्षेत्र के आदिल नगर में शुक्रवार सुबह एक मामूली बात ने बड़ा रूप ले लिया। घर के बाहर कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में 22 साल के युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहम्मद दानिश के रूप में हुई है। उसकी मौत से परिवार में मातम छाया है।

सुबह करीब 7 बजे, दानिश और उसके पड़ोसी फारुख के बीच घर के बाहर कूड़ा फेंकने को लेकर कहासुनी शुरू हुई। बतौर परिजनों, बहस इतनी



बढ़ गई कि फारुख अपने परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडे और बेलचा लेकर आ गया। दानिश के भाई और पिता ने बताया कि फारुख और उसके साथियों ने दानिश पर लगातार कई बार बेलचे से वार किए। हमले में दानिश बुरी तरह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। परिवार वाले उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दानिश की शादी 6 महीने पहले तबस्सुम से हुई थी। दानिश अपने पिता मोहम्मद शबान, माता अब्दा और छोटे भाई वामिश के साथ मिलकर दूध की डेयरी चलाता था। परिवार अचानक हुए इस हादसे से सदमे में है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। दानिश के परिवार का कहना है कि विवाद को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। मामले की शिकायत गुडंबा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कहा कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह हत्या एक बार फिर बताती है कि छोटी-सी कहासुनी भी किस तरह बड़े हादसे में बदल सकती है।

## डीएलएड में प्रवेश के लिए 24 से रजिस्ट्रेशन, कक्षाएं 17 फरवरी से

**प्रयागराज।** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज के प्रस्ताव पर शासन से अनुमति मिल जाने पर 24 नवम्बर से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होने जा रहा है। इसी के साथ आवेदन शुल्क आनलाइन जमा किए जा सकेंगे। स्टेंट रैंक के आधार पर दो चरणों में प्रवेश प्रक्रिया 16 फरवरी तक पूरी की जाएगी और 17 फरवरी से कक्षाएं प्रदेश के सभी डायट और निजी क्षेत्र के कालेजों में संचालित होंगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएलएड में इंटरमीडिएट योग्यता के आधार पर प्रवेश लेने के निर्देश दिए थे, जबकि पीएनपी स्नातक योग्यता के आधार पर प्रवेश लेता रहा है। ऐसे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरोध में सरकार की ओर से पीएनपी ने अपील दाखिल की।

# अयोध्या धाम स्टेशन पर कराया गया नये केटरिंग स्टॉल का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बाल दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर बच्चों द्वारा नये केटरिंग स्टॉल का उद्घाटन कराया गया। इस नये केटरिंग स्टॉल के संचालन से प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 पर आने-जाने वाले सभी यात्रियों को गुणवत्ता-युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ सुलभ दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे। इससे स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं में और अधिक विस्तार होगा तथा यात्रियों की सुविधा में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

अयोध्या धाम स्टेशन पर लगातार बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते हुए सुविधाओं का विस्तार अत्यंत



आवश्यक था। इसी क्रम में यह नया केटरिंग स्टॉल यात्रियों को स्वच्छ, पौष्टिक और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाल दिवस जैसे विशेष दिन पर इस सुविधा का प्रारंभ होना रेलवे द्वारा यात्रियों विशेषकर बच्चों एवं उनके परिवारों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जनजातीय गौरव दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा की गई।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित रेलवे यूनियनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागार में बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान हेतु उनके



अविस्मरणीय योगदान को स्मरण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समुदाय के स्वाभिमान, अधिकार और सामाजिक बदलाव के लिए जो संघर्ष किया, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमें समाज के सभी वर्गों के अधिकारों के सम्मान और समान भागीदारी की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में यूनियन प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और जनजातीय समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पूरे लखनऊ मंडल में सभी प्रमुख स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से विशेष जिंगल प्रसारित किया गया।

जयंती

देश के पहले प्रधानमंत्री की जयंती पर विचार संगोष्ठी आयोजित हुई

# वक्ताओं ने जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं देश के महान राष्ट्र निर्माता, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक विचार संगोष्ठी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई।

संगोष्ठी से पूर्व पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री राजबहादुर एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। संगोष्ठी में अपने उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



अजय राय ने पंडित नेहरू के बहुआयामी व्यक्तित्व और देश के प्रति उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी, वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, समाजवाद, शिक्षा और तकनीकी विकास की दिशा में ठोस आधार तैयार किया। श्री राय ने कहा कि आज देश को नेहरू जी की सोच और उनके आदर्शों की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। देश में विविधता, भाईचारा और प्रगति तब ही संभव है जब हम समानता, संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को सर्वोपरि रखें। श्री राय ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नेहरू जी के जीवन और उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

उन्होंने कहा कि नेहरू जी का सपना एक मजबूत, समावेशी और प्रगतिशील भारत का था, और कांग्रेस पार्टी उस सपने को साकार करने हेतु सदैव संघर्षरत रहेगी। श्री राय ने कहा कि आज बिहार में जो नतीजे आए हैं वह चौंकाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से एसआईआर के नाम पर बिहार के लाखों की संख्या में मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाने तथा उन्हें वोट के अधिकार से वंचित रखना देश के लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इस मौके पर कै. वंशीधर मिश्रा, अब्दुल्ला शेरखान, सुशील तिवारी, सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, कृपाशंकर मिश्रा, आलेख पाण्डेय, डॉ.पीके त्यागी, अमानुर रहमान, संजय शर्मा, बृजेश कुमार, राजेश सिंह काली, अनिल शुक्ला, बदरे आलम, सुभाष मिश्र, योगेश्वर सिंह, वसिउल्ला, आशुतोष मिश्रा सहित भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# महिला ने मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

## थाना मदनापुर का मामला, पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** दबंग किस्म के लोगों ने एक महिला को घर में घुसकर पीटा और उसे पकडकर घसीटा हैं। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी उसे छोडकर भाग गए। पीडिता ने शुक्रवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और अपनी और अपने परिवार को जान का खतरा भी बताया हैं। हालांकि इस पूरे मामले से मदनापुर पुलिस की लचर कार्यशैली अवश्य उजागर हो रही हैं। यहां तक की पीडिता को मदनापुर पुलिस पर विश्वास भी नही रहा कि वह उसे न्याय दिला पाएगी, क्योंकि महिला ने दूसरे थाने से जांच कराने की बात कही हैं। थाना मदनापुर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। महिला के अनुसार, उसका बेटा हाल ही में एक युवती के साथ घर से चला गया था और दोनों ने दिल्ली स्थित एक मंदिर में विवाह कर लिया। मामला थाना मदनापुर पहुंचने पर पुलिस ने दोनों को वापस बुलाया, जिसके बाद युवक कई दिनों तक थाने में ही रखा गया। महिला का आरोप है कि वह 12 नवंबर को थाने से लौटकर अपने घर पहुँची ही थी कि गांव के कई लोगों ने अचानक उसके घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर उसे घसीटा, पीटा और अपमानित किया। इसी दौरान मौके पर पहुँचे एक पुलिसकर्मी ने उसे भीड़ से बचाया और घर से कपड़े लाकर दिए। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि थाना मदनापुर में उसकी सही रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और उसे जबरन रिश्तेदारों के पास भेज दिया गया। बाद में उसे थाने बुलाकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रिपोर्ट की प्रति उसे बाद में ही दी गई। पीड़िता ने कहा कि यदि उसे न्याय नहीं मिला और उसकी पूरी घटना दर्ज नहीं की गई, तो वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर होगी। हालांकि महिला बहुत परेशान है और दबंग उसके परिवार के साथ कोई भी अनहोनी कर सकते हैं। लेकिन मदनापुर पुलिस दबंगों के आगे बेबस दिखाई दे रही हैं क्योंकि महिला के जो आरोप है यदि वह सत्य है तो मदनापुर पुलिस कार्रवाई के काबिल हैं। अब महिला ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की जांच किसी अन्य थाने की पुलिस को सौंपी जाए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# टीईटी के विरोध में 5 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे शिक्षक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भावलखेड़ा की एक आवश्यक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र, भावलखेड़ा में संघ पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं पर टीईटी अनिवार्यता थोपना न केवल नियुक्ति नियमावली के विरुद्ध है, बल्कि आने वाले समय के लिए एक उत्पीड़नात्मक परम्परा को जन्म देने वाला कदम भी है। उन्होंने कहा कि इस अन्यायपूर्ण आदेश के विरोध में उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के लगभग 10 लाख शिक्षक एवं शिक्षिकाएं 5 दिसंबर को देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भावलखेड़ा ब्लॉक से 5 दिसंबर के धरना-प्रदर्शन में शत् प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए व्यापक रणनीति पर विचार-विमर्श किया। ब्लॉक स्तर पर सभी शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक 20 नवंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के ब्लॉक मंत्री अरविंद त्रिपाठी, ब्लॉक उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, समर खां, संजय त्रिपाठी, के.के. सिंह, डॉ. विमलेश त्रिपाठी, वारिस अली, सचिन अवस्थी, हरिशरण तिवारी, शिव कुमार, विनायक मिश्रा, पुनीत मिश्रा, विजय पटेल, नवनीत मिश्र सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हादसे के बाद चेते अधिकारी, स्कूली वाहनों पर कसा शिकंजा

## चेकिंग अभियान में 3 ईरिक्शा जब्त, 15 स्कूली वाहनों का चालान

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पुवायां में एक स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते वाहन से विधार्थी गिर गई थी और उसको काफी गम्भीर चोटे आई। जिसके बाद अधिकारी ने स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया ओर तीन ई रिक्शा जप्त, 15 स्कूली वाहनों का चालान काटा उसके बाद स्कूल प्रबंधन को हिदायत देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने बालो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शुक्रवार को पुवायां में स्कूली वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस ओर परिवहन विभाग के अधिकारी एआरटीओ सर्वेश कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह व यातायात प्रभारी विनय पाण्डेय ने स्कूली वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। जहां उन्होंने ने राजीव चौक पर स्कूली बच्चों से भरे तीन ई रिक्शा जब्त किए। ओर करीब 15 वाहनों को सीज किया। एआरटीओ सर्वेश कुमार ने अभिवावकों से अपील की सभी लोग अपने बच्चों को सुरक्षित वाहनों पर ही अपने बच्चों को स्कूल भेजे क्योंकि बच्चों के लिए ई रिक्शा सुरक्षित नही है इसलिए ई रिक्शो पर बच्चों को स्कूल विल्कुल न भेजे। सीओ यातायात संजय कुमार सिंह ने कहा कि जो स्कूली छात्रा गम्भीर घायल हुए है वह बहुत ही निदनीय है। उसके साथ ही वाहन स्वामियों ओर लोगो को जागरूक किया गया है। स्कूल प्रबंधन से कहा कि सभी वाहनों का बीमा, फिटनेस आदि कागज होने चाहिए नही तो कार्यवाही की जाएगी।

### बाल मेला में बच्चों ने की मस्ती

**शाहजहांपुर।** बाल दिवस के अवसर पर लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति के सदस्यों ने गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल में बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया।अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि विद्यालय में बच्चों और शिक्षिकाओं के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, एडीएम वित्त अरविंद कुमार की पत्नी सौम्या और क्लब के सदस्यों द्वारा बाल मेला का उद्घाटन किया गया। बाल मेला में खाने पीने के स्टॉल जैसे पानी पुरी, मटर चाट , आलू चाट और भेलपुरी तथा बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट एवं डेकोरेशन का सामान, गेम के स्टॉल लगाए गए थे। लायन क्लब शक्ति टी अध्यक्ष ललिता यादव ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी तथा क्लब द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या हरमीत कौर ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में शिल्पी गुप्ता, सौम्या लायन ललिता यादव, लायन गुरमीत कौर मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में धूमधाम से मनाया गया बाल मेला



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कंपोजिट विद्यालय अटसलिया विकासखंड भवलखेड़ा में धूमधाम से बाल मेला मनाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा अभिभावकों को एवं बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम लेमन रेस म्यूजिकल चेयर बच्चों की माताओं द्वारा रेस फैंसी ड्रेस आदि विभिन्न कार्यक्रम किए गए। रेस में पायल प्रथम शिवानी ने द्वितीय कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लेमन रेस में फर्स्ट शिवम सेकंड आर्यन थर्ड स्थान राज में प्राप्त किया। अभिभावकों की रेस में प्रथम स्थान शकुंतला, मंजू देवी द्वितीय स्थान, रेनू देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजन शिक्षिका दपिन्दर कौर, मीरा सिंह द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में शालिनी मिश्रा नम्रता मिश्रा एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। स्काउट गाइड के बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।

# उड़ान एक उम्मीद संस्था में बाल दिवस समारोह, बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह ने बांधा समां



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** अजीज़गंज उड़ान एक उम्मीद संस्था द्वारा गोद लिए गए विद्यालय जीजीआईसी अजीज़गंज में बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हरवंश का स्वागत संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बुके भेंट कर किया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती तथा चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में बाल मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए मोमोस, मैकरोनी, सैंडविच, पकौड़े, गोलगप्पे, मटर, भेलपुरी तथा विभिन्न खेलों के स्टॉल लगाए। संस्था की ओर से प्रत्येक बच्चे को 20 रुपये का टोकन प्रदान किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और बढ़ गया।संस्था पदाधिकारियों, बेसिक शिक्षा विभाग के सदस्यों और शिक्षिकाओं ने बच्चों के स्टॉल से भोजन चखकर उनका मनोबल बढ़ाया। बच्चे अतिथियों को प्रेमपूर्वक आग्रह करके अपने हाथों से खिलाते दिखाई दिए। सीमित संसाधनों में की गई बच्चों की तैयारी और मेहनत की सभी ने सराहना की।कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, महामंत्री शैली गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनिता गुप्ता सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबर

### छह दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** सिंधौली पुलिस की नाक के नीचे विगत दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना व कस्बा सिधौली निवासी देवसुती ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि वह 3 नवंबर को अपनी बेटी की ससुराल गई हुए थी। इसी दौरान 8 नवंबर की रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने उनके बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने स्टोर रूम का भी ताला तोड़कर बैग में रखा कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पर परिजन घर पहुंचे तो चोरी का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया बाद में रिर्पोट दर्ज कर जांच शुरू की।

### नगर आयुक्त ने दी बाल दिवस की शुभकामनाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा 14 नवंबर 2025 को चिल्ड्रंस डे के उपलक्ष में नगर क्षेत्र के कटिया टोला स्थित नगर निगम मान्टेसरी स्कूल में बच्चों को उपहार देकर बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य द्वारा बच्चों को उपहार देकर शुभकामनाएं दी गयी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य, अन्य शिक्षक व शिक्षकायें तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हर कुमार पाठक कॉलेज में बाल दिवस पर काटा गया केक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज दलेलगंज के नियुक्ति प्राधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला के निर्देशन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत पंडित नेहरू जी के चित्र पर समस्त स्टाफ ने पुष्पांजलि एवं केक काट कर की। प्रधानाचार्य ब्यूटी ने कहा कि बाल दिवस हमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश देता है छात्राओं को एक सुरक्षित शिक्षाप्रद और स्नेह मय वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है बाल दिवस का थीम जेम्स ऑफ इंडिया द लिजेंड्री पर्सनेलिटीज है। इसके तहत छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यापिका मीना, अनीता, अंजुम, दीप शिखा, अंजू, रजनी, पल्लवी आदि का सहयोग रहा।

### मारपीट व कार में तोड़फोड़ का आरोप

**पुवायां-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नाहिल निवासी गुरजीत पुत्र लखविंदर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे वह अपनी कार से चेना रुरीया निवासी गुरुजीत पुत्र गुलजार सिंह, गांव चठिया नजावत निवासी दमन वीर पुत्र गुरु मेल सिंह के साथ शाहजहांपुर जा रहा था। जब मोहम्मदी रोड से फ्लाई ओवर पर चढ़कर शाहजहांपुर की तरफ कार पहुंची तभी पहले से घात लगाए बैठे सात लोगों ने गाड़ी रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा कार में तोड़फोड़ कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसकी भतीजी नगर के कान्वेंट स्कूल में पढ़ती है। कुछ दिन पूर्व उक्त लोगों ने उसका पीछा किया। जिसके बाद उक्त लोगों को पीछा न करने की हिदायत दे दी। जिससे नाराज उक्त लोगों ने रास्ते में कार रोक कर मारपीट तथा कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### अध्यापक पुरस्कार को आवेदन 5 दिसम्बर तक वेवासाइट पर आमंत्रित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन 15 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक वेवासाइट के माध्यम से आमंत्रित किए गये है। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि सम्बन्धित शिक्षक द्वारा अपने समस्त अभिलेख ,उत्कृष्ट कार्यों का विवरण आवेदन पत्र के साथ आनलाइन अपलोड किया जाएगा, जिसमें सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा अपने उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में अपने 5 मिनट का वीडियो भी अपलोड किया जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश, समय-सारिणी, आनलाइन आवेदन लिंक एवं अन्य विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। आफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

# डॉ. सुदामा प्रसाद स्कूल में बाल दिवस मेले का आयोजन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** डॉ सुदामा प्रसाद विद्यास्थाली में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बाल दिवस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभरारम्भ नेहरू जी के चित्र के समाक्ष पुष्पांजलि एवं पुष्प अर्पित कर किया गया जिसके पश्चात विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का की प्रस्तुति की गयी एवं शिक्षिकों ने भी भी बच्चों को गीत एवं चूटकूलों से खूब हसाया। विद्यालय में अलग अलग तरह के खाने के स्टाल लगाए गए जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लॉयन्स क्लब 'सहेली' की अध्यक्ष महिमा शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय की पूर्व शिक्षिका स्नेह लता सक्सेना रहीं। शालिनी अग्निहोत्री के संचालन में हुए कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ ज्योत्सना द्विवेदी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में शैलजा मिश्रा ने धन्यबाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सक्सेना, दिव्यांश मिश्रा, सुमन दीक्षित, विनीत सक्सेना, रुचिर शर्मा, नमिता मिश्रा, रचना सक्सेना, राहुल दीक्षित, संदीप तिवारी, सलमान अहमद खान, महजबी मंसूरी, अनीता सिंह, अंकिता सक्सेना, सोनल शुक्ला, मोनिका सेठ आदि शिक्षक सक्रिय रहे।

### अतिरिक्त दहेज की खातिर घर से निकाला

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज़ की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने के आरोपी पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला खेड़ा निवासी गौरी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि साल 2023 मे उसकी शादी जिला हरदोई के थाना शाहाबाद के बेझा चौराहा निवासी शुभम मिश्रा के साथ हुई थी। शादी मे उसके घरवालों द्वारा दिये गये दहेज से उसके ससुराली संतुष्ट नही थे और एक लाख रुपये नकद तथा बरेली मोड़ पर एक प्लाट दिलवाने की मांग करते हुये उसे प्रताड़ित करने लगे। माता पिता उनकी यह मांग पूरी नही कर सके। आरोप है कि बीती 24 मई को उसके पति शुभम मिश्रा, ससुर सत्यदेव, सास सीता मिश्रा ननद दिव्यांशी तथा देवर सोहन मिश्रा ने मारपीट कर उसे व उसके डेढ़ साल के बेटे हार्दिक को घर से निकाल दिया। घटना के बाद से वह अपने मायके मे रह रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी गई है।

# महिला ने लगाया दबंग युवक पर मारपीट का आरोप

**सिंधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के रखिया बुजुर्ग गांव की निवासी उषा देवी ने एक युवक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली सिधौली में तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार वह गुरुवार को उक्त युवक से अपने रुपये मांगने गई थी। युवक ने उसे भुगतान के लिए एक चेक दिया, लेकिन बैंक में जमा करने पर चेक बाउंस हो गया। इसके बाद वह नगद रुपये लेने उसके घर पहुंची, जहां उस समय युवक ने पैसे देने से इंकार कर दिया। उषा देवी ने आरोप लगाया कि दोपहर करीब 3 बजे युवक शराब के नशे में उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता की बेटी भी बीच-बचाव करने आई तो युवक ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे बेटी के सिर में गंभीर खुली चोट आ गई और उषा देवी की नाक पर चोट लगी। पीड़िता ने बताया कि अचानक हुए हमले से घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की मदद से घायल मां-बेटी को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। उषा देवी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# फारसी, अरबी के परीक्षा आवेदन 20 से भरे जाएंगे

**सिंधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** मुंशी मौलवी सेकेंडरी (फारसी अरबी) आलिम सीनियर सेकेंडरी (फारसी , अरबी) के परीक्षा आवेदन पत्र वर्ष 2026 के **20** नवंबर से भरे जाएंगे। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (फारसी / अरबी)सेकेंड्री एवम् आलिम ,सीनियर सेकेंडरी (फारसी/अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर प्रारम्भ होने की तिथि 20 नवम्बर 2025 से मदरसे द्वारा भरवाये जाएंगे । मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय जमाकोष में दिनांक 20 नवंबर 2025 से प्रारम्भ होकर 19 दिसम्बर 2025 तक बिना बिलंब शुल्क जमा किए जाएंगे। मदरसे के प्रधानाचार्य, द्वारा छात्र-छात्राओं की परिषद मुंशी मौलवी सेकेंडरी फारसी, अरबी एवं आलिम सीनियर सेकेंडरी फारसी अरबी की परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2025 है प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को लाक करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2025 है।मदरसे के छात्र/छात्राएं परीक्षा फॉर्म भरने हेतु अपने मदरसे के प्रधानाचार्य से 20 नबंबर से संपर्क कर सकते है।

# कटैया खुर्द में भागवत कथा से पहले महिलाओं ने किया जलाभिषेक



**सिंधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड सिधौली क्षेत्र के गांव कटैया खुर्द में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पहले सोमवार को महिलाओं ने भव्य जलाभिषेक यात्रा निकालकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। गांव की सैकड़ों महिलाएं कलश सिर पर धारण कर हर-हर महादेव के जयकारों के साथ खन्नौत नदी तक पैदल यात्रा करती हुई पहुंचीं। वहां विधि-विधान से जलाभिषेक करने के बाद जल लेकर पुनः गांव वापस लौटीं। कथा वाचक श्रवण दास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गांव निवासी हरिराम के यहां 12 नवंबर से 19 नवंबर तक किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालु भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती है और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा भक्ति का संदेश देती है। गांव के युवाओं और महिलाओं ने मिलकर जलाभिषेक यात्रा को सफल बनाने में सहयोग किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने कथा आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं और पूरे गांव को रंग-बिरंगी झालरों व भगवा झंडों से सजाया गया है।

# चाचा नेहरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सिंधौली-शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।** सिंधौली क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम0 ए 0 पब्लिक स्कूल एवम् ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात प्रबंधक एवं स्कूल की संरक्षक इरम मंसूरी ने स्कूल में लगे मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि चाचा नेहरू को बच्चों से बड़ा प्यार था वे बच्चों के साथ खेलते एवं उन्हें स्नेह से दुलारते थे उनके बच्चों के प्रति लगाव के कारण पूरे देश में उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है स्कूल के मेला प्रभारी कृष्ण पाल गौतम सह प्रभारी शिवम वर्मा सकीम खान रोमाना खान मनीषा सिंह सोनम मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ इस मौके पर अथिति के रूप में चिनौर से आई प्रतिभा पाल वर्तिका यादव नीतेश कुमार त्रिवेदी राजकुमार पाल जितेंद्र सक्सेना जितेंद्र कुशवाहा आदित्य सिंह जैद मंसूरी मोहम्मद सलीम शिवांगी वर्मा निदा अंसारी गुलफिजा मंसूरी रीता चौहान आसना चौहान अंचल त्रिवेदी मीनू यादव रीना गुलफशा शहजादी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# उपचार के दौरान युवक की मौत

**सिधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव वरौरा निवासी राम लखन पुत्र मुंशीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 2 नवंबर को उसका पुत्र रामवीर उम्र लगभग 28 वर्ष जो अपनी बाइक संख्या यूपी 27 ए एन 0 935 से जिला हरदोई के कस्बा शाहाबाद रिश्तेदारी से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही वह सिंधौली थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर गांव तिऊलक के पास पहुंचा ही था तभी सामने से ट्रक संख्या यूपी 27 टी 6436 तेजी से आ रहा था जिसके ड्राइवर का नाम पता अज्ञात लापरवाही से चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहा रामवीर दूर जा गिरा और छटपटाने लगा जिससे बाइक चालक रामवीर को गंभीर चोटें आई जिस कारण उसका इलाज शाहजहांपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था बीते दिनांक 12 नवंबर को उसके पुत्र की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई पुलिस ने ट्रक संख्या व चालक के खिलाफ लापरवाही से चलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की।

# कार्य बेहतर ढंग से तेज गति से और गुणवत्तापूर्ण कराया जाए : डीएम

## खन्नौत नदी पर निर्माणाधीन रिवर फ्रंट, बरेली मोड़ का चौड़ीकरण एवं सौंदरीकरण का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हनुमत धाम के पास खन्नौत नदी पर निर्माणाधीन रिवर फ्रंट, बरेली मोड़ का चौड़ीकरण एवं सौंदरीकरण तथा गर्रा नदी से निकली अजीजगंज पंप कैनाल पर 1200 मीटर सीसी लाइनिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पक्का पुल से नए पुल (नदी घाट) तक पक्की दीवार एवं पथ विकास के साथ हनुमन्त धाम के चारों ओर सौन्दर्याकरण कार्य की परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय टो-वॉल का कार्य होता हुआ पाया गया। उपस्थित अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता प्रथम द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 40 प्रतिशत हो गयी है, शेष कार्य आगामी 2-3 माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने परियोजना का कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्वक कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने बरेली मोड़ का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली। चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य में आ रहे विद्युत पोल, ई बस स्टैंड एवं पेड़ों को जिलाधिकारी ने साइड में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्श का कार्य कलरफुल कराया जाए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि कार्य बेहतर ढंग से तेज गति से गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी धमेंद्र प्रताप सिंह ने गर्रा नदी से निकली अजीजगंज पंप कैनाल पर 1200 मीटर सीसी लाइनिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि नहर की चौड़ाई सभी जगह एक समान होनी चाहिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता व सहायक अभियन्ता प्रथम शारदा नहर खण्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चीनी मिल के 45वें पेराई सत्र का हवन पूजन के साथ शुभारंभ

## एडीएम वित्त समेत मिल प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य हुए शामिल



**तिलहर-शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।** दि किसान सहकारी मिल के 45 वें पेराई सत्र 2025-26 का हवन पूजन कर शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने मिल पहुंचकर जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र , उपसभापति दोदराम कुशवाहा, प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना के अलावा गणमान्यों साथ पंडित रामजी शास्त्री व गोविंद मिश्रा के सानिध्य में मिल पटला पर पूजन कर हवन में आहूतियां देकर चीनी मिल के निर्बाध संचालन की कामना की। इस दौरान अधिकारी व अतिथि गण बैलगाड़ी कांटे एवं ट्राली कांटे पहुंचे प्रथम बैलगाड़ी लेकर आए गांव सुल्तानपुर निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र खेमकरन व ग्राम नवादिया निवासी दूसरी बैलगाड़ी लाने बाले किसान श्यामपाल पुत्र बनवारी लाल तथा प्रथम ट्रैक्टर-ट्राली लाने वाले ग्राम फुलवा निवासी कृषक धर्मपाल पुत्र मन्नालाल को सॉल व नकद धनराशि का लिफाफा भेंट किया तथा बैलों को साफा बांध तिलक करके गुड खिलाने व ट्रेक्टर पर तिलक करने के बाद सभी अतिथियों ने मिल केन कैरियर में उक्त गाड़ियों से गन्ना डाला। इसी क्रम में जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने स्विच दबाकर मिल के नवीन पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी श्री मिश्र ने सभी गन्ना किसानो से जड़-पत्ती अगौला रहित ताजे गन्ने की आपूर्ति कर मिल को लाभान्वित करने आह्वान किया। प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना ने कहा कि इस सत्र में चीनी मिल एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। उपसभापति दोदराम कुशवाहा ने कहा कि समस्त कर्मचारी मिल को पूर्ण गति प्रदान करने में सहयोग करें। सीसीओ दमिनेश कुमार राय ने चीनी मिल में आये अधिकारीगण एवं गणमान्य लोगों का स्वागत अभिनंदन किया । और चीनी मिल को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व उपसभापति सुरेश पाल सिंह, डायरेक्टर रविन्द्र सिंह, श्यामा सिंह, सर्वेश कश्यप, आशीष अवस्थी, धर्मवीर गंगवार, एससीडीआई मनीष शुक्ला, चीफ इंजीनियर महेन्द्र यादव, चीफ कैमिस्ट रामलखन प्रजापति, एईडीपी चन्द्रभान सिंह, जेई सिविल प्रदीप कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मनोज यादव, देवेन्द्र सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, कैशियर कमलेश कुमार वर्मा, स्टेनो-टू-जीएम विकास शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, संजय पाठक, अभिषेक शर्मा सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी तथा गणना कृषक शामिल रहे।

# खेल सप्ताह का शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम से हुआ




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पुवायां के मारवाह मॉडर्न स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे खेल सप्ताह का समापन हो गया। खेल सप्ताह का आरंभ रंगारंग कार्यक्रम से हुआ।जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। खेलों का प्रारंभ मशाल जलाकर किया गया। प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह तथा निदेशक तारा सिंह आदि मौजूद रहे। सर्वप्रथम कक्षा पीएनसी में फ्रॉग रेस में समरथ सिंह, फतेह सिंह, अक्षवीर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा में बिस्किट रेस में अमानत गनत कौर, मनराज सिंह, प्रगति गुप्ता, केजी में 25 मीटर दौड जशवीर, गुरजस, अगमवीर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। लेमन रेस में अग्रज, आरुष, आविक कक्षा वा 100 मीटर रेस में गुस्मान, वेदांश, अंशुमन, 50 बैंक रेस में व में जॉयदीप दिलराज गुरुमान , 400 मीटर रेस में अंशदीप सिंह, परमवीर, मनराज क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में खो-खों में टीम बी एकमजीत की अगुवाई में प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी में वीम बी की अगुवाई को बाजी मारी। फुटबाल में क्रिकेट में रोशन हाउस। रिले रेस में रोशन हाउस प्रथम स्थान पर हाउस' अशफाक ने प्रिंसदीप सिंह रहे। बालिका वर्ग में खो - खो' में बिस्मिल अशफाक हाउस ने द्वितीय व हाउस प्रथम भगत हाउस तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी में टीम ए ने नवजोत कौर की अगुवाई में जीत हासिल की। सभी हाउस में प्रदर्शन के स्तर पर सभी विजयी छात्र - बिस्मिल हाउस'श विनर रहा। सभी को सम्मानित प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में खेल अध्यापक सतनाम सिंह, तरन्नुम व अन्य अध्यापक - अध्यापिकाओं का योगदान रहा ।

# यह दिन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करने का अवसर देता : गजेंद्र



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छावनी परिषद में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार स्टॉल सजाकर शिक्षकों व अतिथियों को आकर्षित किया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रद्धा सैनी और गजेंद्र गंगवार एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरस्वती मां एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए , गजेंद्र गंगवार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा यह दिन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करने का अवसर देता है, इस दिन शिक्षक माता-पिता और समाज बचपन का जश्न मनाने , सीखने और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए साथ आते हैं , पंडित नेहरू बच्चों को बहुत पसंद करते थे और उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहा जाता था , बच्चे मन के सच्चे होते हैं और उनके बारे में नेहरू जी का मानना था कि हमारे देश के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्यार और स्वतंत्रता मिलनी चाहिए बच्चे पढ़ाई में ही नहीं बल्कि अन्य चीजों में भी आगे बढ़े, बच्चों का मनोबल बढ़ाएं और उनकी हर छोटी-छोटी खुशियों में उनके साथ दें बच्चों के बिना दुनिया अधूरी है इसलिए बच्चों का सम्मान करना चाहिए ,इसके बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती श्रद्धा सैनी और श्री गजेंद्र गंगवार ने सभी स्टॉल पर जाकर गेम्स एवं विभिन्न व्यंजनों का आनन्द लिया। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में चाऊमीन, सैंडविच, गोलगप्पा, कॉफी, भेल, टिकिया, ब्रेड, पॉपकॉर्न जैसे खाद्य पदार्थ शामिल थे। इसके अतिरिक्त रिंग गेम, बॉल थ्रू ग्लास जैसे कई अन्य मनोरंजक स्टॉल भी लगाए गए । बच्चों ने स्कूल प्रांगण में छोटी-छोटी दुकान सजाकर अपने हाथ से बनाए हुए व्यंजन एवं चाट पकौड़ी बनाकर शिक्षकों एवं अतिथियों को खिलायी। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। अंत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया और सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अमित आर्य, अभिषेक वर्मा, शोभना गुप्ता, सचिन कुमार, सुरेश कुमार, सीमा श्रीवस्तव, प्रत्युषा प्रियदर्शी, प्रतिभा कश्यप, नीरज पाल, इब्तेस्याम खान, प्रभाकर, संध्या सक्सेना, वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बंडा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** चार दिन पूर्व अपने रिश्तेदारी में आए पीलीभीत निवासी युवक की बाइक में टक्कर लग जाने से युवक और उसके साथी घायल हो गए थे जिसके बाद युवक को इलाज के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। पिता ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ बंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जनपद पीलीभीत के थाना बरखेड़ा के गांव नवदिया शरीफ गंज निवासी मदनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 27 वर्षीय पुत्र कालीचरन अपने साढ़ू थाना माधोटांडा के गांव अभयपुर निवासी सुखवंत और दूसरे साढ़ू निवासी रामपुर फकीरे निवासी अनिल के साथ अपनी रिश्तेदारी सुखवंत की मोटर साइकिल से थाना बंडा के गांव रामपुर हीरा में आया था । इस दौरान वह बंडा चौराहे से कुछ सौदा लेकर वापस रामपुर हीरा गांव जा रहे थे । सुबह करीब साढ़े दस बजे जब वह रामपुर हीरा मोड़ पर पहुंचे तभी तेज राफ़्तार से आ रहे अज्ञात बाइक चालक जिसका आरसी नंबर यूपी 26 एयू 2332 है ने सुखवंत की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे सुखवंत की बाईक पर सवार तीनों लोग गिरकर घायल हो गए । घायल अवस्था में उन्हें बंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां उसके पुत्र कालीचरन की हालत गंभीर होने पर उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और सुखवंत को पीलीभीत के एक अस्पताल में ले जाया गया । 11 नवम्बर की सुबह जब उसके पुत्र कालीचरन की हालत में सुधार नहीं हुआ तो वह उसे लखनऊ के लिए लेकर जा रहा था जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई । पिता मदनलाल की तहरीर पर बंडा पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है ।

# बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर मनाई खुशी, बांटी मिठाई



**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** बिहार प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर नगर के राजीव चौक पर कार्यकताओं आतिशबाजी छुड़ाकर पटाखे फोड़े। जय श्री राम योगी मोदी ज़िंदाबाद व नितीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनने पर खुशी जताई । भाजपा सांसद अरुण सागर को नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता मिठाई खिलाई इस दौरान मंडल अध्यक्ष ग्रामीण राजेश राजपूत विपिन शुक्ला नगर उपाध्यक्ष रवि गुप्ता मिथुन मिश्रा गौरव त्रिवेदी मधु सिंह महामंत्री मदनपाल रोहितास गुप्ता पंकज मिश्रा पवन भारद्वाज बबली सिंह अमिताभ सिंह संजीव शुक्ला रोहित सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर बच्चों ने स्कूल में लगाई दुकानें, खूब की गई खरीदारी



**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** भारत में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस के रूप में शुक्रवार को खुटार में बंडा जाने वाले मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर के.एम. शुक्ला व चेयरमैन पति बाबूराम पासवान ने सीता काट कर मेले का शुभारंभ किया। मेले में स्कूल के तमाम बच्चों ने चाट, मिष्ठान, टॉफी, चाय, बिस्किट, कुरकुरे, गुब्बारे, चिप्स, नमकीन आदि की 37 दुकानें लगाई गई।मेले में बच्चों के साथ ही अभिभावकों, अध्यापकों ने नगर के गणमान्य लोगों ने दुकानों से खूब खरीदारी की। जिससे बच्चों ने खूब बिक्री कर उत्साहित हुए।स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज मिश्र व अध्यापक मौजूद रहे। उधर, गोला बाईपास रोड पर हिमंचलपुर में बिटोली देवी महाविद्यालय में छात्रों ने मेले में दुकानें लगाई और खूब खरीदारी की गई। इस मौके पर गौरव सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ला, संतोष कुमार, सौरभ कुमार, नफीस अहमद, राज बहादुर शुक्ला आदि आदि अध्यापक मौजूद रहे। इधर, खुटार के गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल प्रबंधक हरदेव सिंह, अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संदीप गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय एक में प्रधानाचार्य आरडी तिवारी के देखरेख में मेले का आयोजन किया गया। वहीं, गांव रामपुर कलां में शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज, एलएसपी पब्लिक स्कूल में मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

# जीपी इंटर कॉलेज में मैजिक कलर्स एंड स्माइल्स शीर्षक से कार्यक्रम हुआ



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** आरटीआई वीक के तहत द्वारा जीपी इंटर कॉलेज में मैजिक कलर्स एंड स्माइल्स शीर्षक से एक विशेष आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम एफटीई स्कूल पर मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लाइव मैजिक शो रहा, जिसने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह भर दिया। बच्चों ने पहली बार इतने करीब से जादू के खेल देखे और उनकी आंखों में आश्चर्य और खुशी झलक रही थी। रचनात्मकता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्केच एवं कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें कक्षा 3-5 और कक्षा 6-8 के दो वर्ग बनाए गए। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दोनों वर्गों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया, जबकि प्रतिभागियों को सांत्वना प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में बच्चों को समोसे, फ्रूटी बांटी गई, जिससे उत्सव का माहौल और भी खुशनुमा हो गया। इस अवसर पर आरटीआई वीक संयोजक शुभित गोयल ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखना बेहद सुखद अनुभव रहा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनके लिए यादगार पल बनाना था। उक्त आयोजन राउंड टेबल इंडिया की सेवा के माध्यम से आनंद की भावना को साकार करता है और वास्तव में बच्चों के लिए एक यादगार दिन बन गया।

# शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई लाइब्रेरी का शुभारंभ



**सिंधौली-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** कस्बे में बच्चों और युवाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरोज सिंह यादव ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल वर्मा के साथ मिलकर 'फीता काट कर लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। इस मौके पर लाइब्रेरी की संरक्षक राममूर्ति देवी एवं प्रबंधक सेवा राठौर ने बताया कि क्षेत्र में बच्चों के लिए उपयुक्त लाइब्रेरी की सुविधा लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी को देखते हुए यहां एक आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जिससे कस्बे के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। सेवा राठौर ने बताया कि लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए शांत और अनुकूल माहौल उपलब्ध है। साथ ही कंप्यूटर शिक्षा के लिए अलग से लैब की व्यवस्था की गई है, जिसमें विद्यार्थियों को बेसिक से लेकर एडवांस कंप्यूटर कोर्स तक की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा कक्षा एक से लेकर इंटर तक के छात्रों के लिए ट्यूशन की भी व्यवस्था की गई है, ताकि बच्चों को एक ही स्थान पर शिक्षा से जुड़ी सभी सुविधाएं मिल सकें। लाइब्रेरी में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां महिलाओं और युवतियों के लिए सिलाई-कढ़ाई तथा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि फिरोज सिंह यादव ने कहा कि ऐसी शैक्षिक संस्थाओं का खुलना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लाइब्रेरी संचालकों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे कस्बे के कई बच्चों को बेहतर शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रेमपाल सिंह, सुमित यादव, विश्व मोहन, रहमान, बारिश, अनुज पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को लाइब्रेरी की सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# बाल दिवस पर गीत प्रतियोगिता आयोजित

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अत्यंत प्रेरक गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रति छात्रों के प्रेम और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित ?कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता श्रीकृष्ण के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। उन्होंने बाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'चाचा नेहरू का मानना था कि बच्चे ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए हर बच्चे के भीतर के कलाकार और नागरिक को पोषित करना होगा। ?विद्यालय के ऊर्जावान प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने छात्रों के उत्साह की सराहना की और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति के महत्व पर बल दिया। प्रतियोगिता के कुशल संयोजन के लिए संयोजक इन्द्रजीत की भूमिका अत्यंत प्रशंसनीय रही। प्रतियोगिता के दौरान, छात्रों ने अपनी मधुर आवाज़ और ओजपूर्ण प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया।

# घर-घर जल तो नहीं मिला, लेकिन सडकें जरूर हुईं बेहाल



**सिंधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही के कारण परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। बारापुर गांव में हाईवे से अंदर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर किए गए पाइप कनेक्शन जगह-जगह से लीकेज हो रहे हैं, जिससे लगातार पानी सड़कों पर बह रहा है। पानी भरने के कारण मार्ग पर फिसलन पैदा हो गई है और राहगीरों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग के लोग मौके पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लीकेज से पानी की बर्बादी तो हो ही रही है, साथ ही सड़क पर जमा पानी वाहन चालकों के लिए खतरा बन गया है। वहीं खोदे गए गड्ढे अभी तक बंद नहीं किए गए हैं। खुले पड़े गड्ढे रात के समय दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। पाइप जोड़ मजबूत नहीं किए गए और मिट्टी भराई का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिसकी वजह से जगह-जगह से पानी फूट रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई और ठेकेदारों की टीम काम पूरा होने के बाद दोबारा मौके पर निरीक्षण तक नहीं करती, जिससे समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लीकेज को ठीक कराया जाए और खुले पड़े गड्ढों को बंद किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और पानी की बर्बादी रुके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर सुधार नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराएंगे।

# नगरायुक्त ने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा महानगर क्षेत्र के अजीजगंज डैम रोड पर नगर निगम द्वारा संचालित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सेंटर पर संचालित होने वाले कार्यों की स्थिति को देखा। निरीक्षण के समय सम्बंधित द्वारा अवगत कराया गया कि सेंटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा विद्युत व्यवस्था को तत्काल कराये जाने व सेंटर की सुरक्षा हेतु बॉउंड्रीवॉल कराये जाने के साथ-साथ गेट लगवाए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त व्यवस्थाओ को दुरस्त करते हुए एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का संचालन किये जाने के भी निर्देश दिए गए, जिससे महानगर के समस्त वार्डो में घूमने वाले आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी की जा सके।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 12208007517 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। रजत सक्सेना पुत्र अमित कुमार नि.मो. तरती बाजार पुवायां ब्लाक व तह. पुवायां-शाहजहांपुर।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210858190 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। दीपक शुक्ला पुत्र अवधेश कुमार नि.ग्रा. गुधनी तह. पुवायां-शाहजहांपुर।

## महंगाई में कमी

सरकारी आंकड़े हमेशा सार्वजनिक विमर्श में रहते हैं। राहत और तरक्की के दावे विभिन्न सरकारों के दौर में अकसर सामने आते हैं। टकसाली सत्य रही है कि राहत व तरक्की का जमीनी प्रभाव भी नजर आना चाहिए। मसलन, जिस जनहित की बात की जा रही है, उसका अहसास भी आमजन को होना चाहिए। प्रथम दृष्टया यह राहतकारी माना जाना चाहिए कि देश में खुदरा महंगाई की दर में गिरावट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि अक्टूबर में देश की मुद्रास्फीति की दर घटकर 0.25 रह गई है। यह स्थिति साल 2013 के बाद से सबसे कम बताई जा रही है। जाहिर है सरकार ने इसे अपनी बड़ी उपलब्धि माना है। सरकार का दावा है कि मुद्रास्फीति में यह बड़ी गिरावट कीमतों पर मजबूत नियंत्रण और कुशल वित्तीय प्रबंधन को ही दर्शाती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर आम परिवारों के लिये इस राहत का अहसास करना इतना भी आसान नहीं है। दरअसल, मुद्रास्फीति में इस गिरावट में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कम कीमतों की भूमिका देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती का प्रभाव भी बताया जा रहा है। जिसके चलते उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आई है। वहीं दूसरी ओर मुद्रास्फीति में यह तीव्र गिरावट पिछले साल की ऊंची कीमतों के आधार प्रभाव को भी दर्शाती है, जो शायद लंबे समय तक न रहे। प्रथम दृष्टया भले ही यह प्रभावशाली लगे, लेकिन कई लोग अभी भी उच्च घरेलू खर्चों का दबाव महसूस कर रहे हैं। दूध, दालों और सब्जियों जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में अभी भी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। जिससे लोगों का पारिवारिक बजट प्रभावित हो रहा है। इसलिए, जहां समग्र मुद्रास्फीति दर में गिरावट आई है, वहीं आम लोगों के लिये व्यावहारिक जीवन यापन की लागत में उसी तरह की गिरावट महसूस नहीं की जा रही है। वैसे देखा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के लिये यह स्थिति राहत और चुनौती दोनों ही लेकर आ रही है। दरअसल, ध्यान देने योग्य बात यह है कि मुख्य मुद्रास्फीति, जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं हैं, ऊंची बनी हुई है। जो यह भी दर्शाती है कि मूल्य दबाव पूरी तरह से कम नहीं हुआ है। ऐसे में आंकड़े से फुटकर मुद्रास्फीति इतनी कम होने के कारण उद्योग जगत की तरफ से दलील दी जा सकती है कि भारतीय रिजर्व बैंक दिसंबर की अपनी बैठक में उधार लेने और खर्च को प्रोत्साहित करने के लिये बैंक ब्याज दरों में कटौती पर विचार करे। लेकिन केंद्रीय बैंक को इस दिशा में सावधान भी रहना होगा। यदि केंद्रीय बैंक इस दिशा में कोई कदम उठाता है तो मुद्रास्फीति फिर से बढ़ भी सकती है। खासकर, अगर वैश्विक तेल की कीमतों में कोई अप्रत्याशित उछाल आ जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में रुपया कुछ कमजोर होता है। वैसे देखा जाए तो इस दौरान, मुद्रास्फीति में गिरावट का बेहतर ढंग से उपयोग मांग बढ़ाने, आय बढ़ाने और खाद्य कीमतों को स्थिर बनाने में भी किया जा सकता है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी देश में मुद्रास्फीति की कम दर एक छोटी अवधि में वैश्विक कारणों को पुनर्जीवित करने में मदद भी कर सकती है। लेकिन इसकी शर्त यही है कि लापरवाही से सरकारी खर्च न बढ़ाया जाए या कोई खराब योजना का क्रियान्वयन न हो। ऐसे में आंकड़े तो दिखा सकते हैं कि कीमतें नियंत्रण में हैं, लेकिन लोगों के अनुभव कुछ और ही कहानी बयां कर सकते हैं। देश में सच्ची प्रगति तभी मानी जा सकती है, जब राहत हर घर तक पहुंचेगी। लेकिन जरूरत इस बात की है कि राहत सिर्फ सरकारी आंकड़ों में ही नजर न आए। यह भी हकीकत है कि कीमतों का संतुलन मांग व आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जिसकी ओर भी सत्ताधीशों का ध्यान देने की जरूरत होती है। निःसंदेह, ऐसे में खुदरा महंगाई में गिरावट सुखद ही है, लेकिन जरूरत इस बात की भी कि यह राहत आम आदमी को भी महसूस होनी चाहिए।

# बिहार विधानसभा चुनाव नतीजे के मायने

सियाराम पांडेय 'शांत'

बिहार के लोग बेहद लोकतांत्रिक हैं। उनकी सोच-समझ को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बौद्धिकों का प्रदेश है। उधार किसी का भी नहीं रखता, सूद समेत वापस करता है। बिहार का व्यक्ति अकारण कोई निर्णय नहीं लेता। बिहारी जन मानस विकास को सर्वोपरि मानता है और राज्य के हित में बड़े से बड़ा निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल यहीं की धरती चंपारण से शुरू किया था। यह मंडन मिश्र, विद्यापति, रामधारी सिंह 'दिनकर', फणीश्वरनाथ 'रेणु' और हजारी प्रसाद द्विवेदी की धरती है। बिहार आंदोलन और प्रतिकार की भूमि है। इसे लोकलुभावन वादों से बहलाया नहीं जा सकता और कट्टे की नोक पर तो बिल्कुल भी डराया नहीं जा सकता। लोकतंत्र में जब कभी भटकाव और विभ्रम के हालात बने हैं, बिहार ने अग्रिम पंक्ति पर खड़े होकर मोर्चा संभाला है। बिहार ने हमेशा देश को दिशा देने का काम किया है। मौजूदा चुनाव नतीजे इस बात की पुष्टि करते हैं। यह नतीजे यह बताने और जताने के लिए काफी है कि युवा सिर्फ युवा नेताओं को ही तरजीह नहीं देते, बल्कि अपने बुजुर्गों का भी सम्मान करना जानते हैं। नीतीश कुमार ने बतौर मुख्यमंत्री बिहार में सुशासन लाने का काम किया, उसे विकास से जोड़ने की जो कोशिश की, उसे नजरन्दाज करना तो उनके लिए एक तरह से कृतघ्नता का प्रदर्शन ही होता।

राजद नेता तेजस्वी तो पूरे चुनाव में अपने माता-पिता को ही सम्मान देना भूल गए। अपनी चुनावी रैलियों में एक तरह से उन्होंने माता-पिता की छवि से ही किनारा कर लिया। यह बात लालू यादव को समर्थकों को रास नहीं आई। इसका बिहार की जनता में भी प्रतिकूल संदेश गया कि जो नेता अपने माता-पिता को सम्मान नहीं दे सकता, वह बिहार की जनता का, लालू-राबड़ी समर्थकों का क्या सम्मान करेगा? तेजस्वी यादव ने जिस तरह अपने चुनावी पोस्टर में लालू प्रसाद यादव की तस्वीर छोटी रखी और एक तरह से बिहार को 'नई पीढ़ी' का संदेश देने की कोशिश की, वे अपने बल पर इस चुनाव में विजय ध्वज लहरा सकते हैं। शायद यह बात बिहार की जनता को पसंद नहीं आई। एनडीए ने तो तेजस्वी यादव की इन कोशिशों को 'जंगलराज के पाप छिपाने' की कोशिश करार दिया।

बीस साल बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार को अगर जनता ने फिर सत्ताधीश बनाने के लिहाज से मतदान किया तो इसके भी अपने मायने हैं। मौजूदा चुनाव नतीजे इस बात की तरफ इंगित करते हैं कि एनडीए के प्रचार पर बड़ी तादाद में मतदाताओं ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी है। यह कहने में शायद ही किसी कोई गुरेज होगा कि नीतीश ने एक बार फिर जनता का विश्वास जीत लिया है। बिहार का चुनाव इसलिए भी खास रहा कि यहां लंबे समय से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। विपक्ष को लगता था कि सत्ता विरोधी लहर पर सवार होकर वे बिहार की चुनावी वैतरणी पार कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने भारी भरकम वादे भी किए लेकिन जनता सब समझती है। वह तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के झांसे में नहीं आई। तेजस्वी के प्रण में प्राण भरने की बजाय उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास अवधारणा को महत्व दिया। सबका साथ, सबका विकास की नीति पर अपनी सहमति की मुहर लगाकर बिहार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उसके लिए जाति-धर्म से ज्यादा महत्वपूर्ण सुशासन और विकास है। जो काम करेगा, सम्मान का अधिकारी वही होगा। वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कहने पर ही नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री का पद स्वीकार किया था। बाद के वर्षों में उन्होंने गठबंधन बदले लेकिन सत्ता हमेशा अपने पास रखी। वे नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। अब 10वीं बार बतौर मुख्यमंत्री उनकी ताजपोशी होनी है।



इस बार ऐसा लग रहा था कि नीतीश कुमार सत्ता विरोधी लहर का सामना शायद न कर पाएं लेकिन चुनाव नतीजों ने यह साबित किया कि उनके खिलाफ राज्य में कोई लहर थी ही नहीं। जनता दल-यूनाइटेड और भाजपा ने इस बार 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। विपक्षी गठबंधन ने बिहार को यह संदेश देने की कोशिश की कि नीतीश कुमार को कदाचित इस बार मुख्यमंत्री न बनाया जाए लेकिन भाजपा और जदयू ने जिस संयम के साथ चुनाव प्रचार किया, उससे जनता को रंचमात्र का भी संदेह नहीं हुआ कि दोनों दलों के बीच महत्वाकांक्षा की कोई जंग है भी। बिहार में पहले और दूसरे चरण में चरण में क्रमशः 65.08 और 69.20 फीसदी वोट पड़े थे। जिस तरह महिलाओं ने बड़ी तादाद में मतदान किया, उसी से लगने लगा था कि इस बार नतीजे चौंकाने वाले आ सकते हैं। बिहार के अब तक के चुनावी इतिहास में यह पहला मौका था जब इतना बंपर मतदान हुआ।

जदयू को वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में 15.39 फीसदी वोट मिले थे, इस बार इसमें भारी इजाफा हुआ है। समझा जा रहा है कि महिलाओं ने चुनाव में पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की विकास नीति पर जमकर भरोसा जताया है। बालिकाओं को साइकिल देने, उन्हें स्कूल भेजने, एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के खाते में सीधे 10 हजार रुपये भेजने तक की योजनाओं का नीतीश को खासा फायदा हुआ है। मतदान के दोनों ही चरणों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बढ़-चढ़कर वोट डाला। पुरुषों की तुलना में पहले चरण में 7.48 फीसदी और दूसरे चरण में 10.15 फीसदी अधिक महिलाओं ने वोट किया।

तेजस्वी की अगुवाई वाला विपक्षी महागठबंधन तो लंबे समय तक खींचतान का शिकार रहा। सीटों के बंटवारे को लेकर उनमें सहमति बनते-बनते बहुत देर हो चुकी थी। कई सीटों पर गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद के उम्मीदवार आमने-सामने आ गए थे। इस विलंब से एनडीए को लाभ की फसल काटने में मदद मिली। मतलब महागठबंधन तो अपनी लड़ाई प्रारंभिक मोर्चे पर ही हार गया था। इसके बाद भी अपनी हार का ठीकरा वह चुनाव आयोग पर फोड़ता है तो यह उसकी मर्जी है। वैसे भी अपने कार्यकर्ताओं को उन्हें कुछ बड़ा कारण तो बताना ही है।

दूसरी ओर राजग जनता को यह बताने और समझाने में कामयाब रहा कि डबल इंजन की सरकार ही बिहार को जंगलराज से बचा सकती है। वही विकास की गाड़ी को आगे बढ़ा सकती है। सरपट दौड़ा सकती है। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) ने भी इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है। यही नहीं, जीतनराम मांझी की पार्टी हम भी कुछ अच्छा कर पाने में सफल रही है। तेजस्वी ने भरसक कोशिश की कि वह लालू-राबड़ी की सरकार के कार्यकाल से 'जंगलराज' के असर से पार्टी की रक्षा कर सकें लेकिन उनकी कोशिशों ने उनका फायदा कम, नुकसान ज्यादा कर दिया। तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्रित्व काल में हुई नियुक्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उछाल कर राजग ने उनके अतीत को मतदाताओं के समक्ष खड़ा कर दिया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो वोट चोरी का हाइड्रोजन बम भी फोड़ा लेकिन वह भी बुरी तरह फुस्स साबित हुआ। राहुल फैक्टर से विपक्ष को जो थोड़ी-बहुत उम्मीदें थी, उनका भी जनाजा निकल गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस का पराभव पार्टी के लिए चिंताजनक नहीं तो और क्या है।

अपने को किंग मेकर समझने वाले प्रशांत किशोर और उनकी जनसुराज पार्टी ने भी बिहार में राजद और कांग्रेस का बेड़ा गर्क करने में बड़ी भूमिका निभाई। तीन प्रतिशत से कुछ अधिक वोट पाकर यह पार्टी खुद तो कुछ खास नहीं कर सकी लेकिन खेलब न खेलय देब, खेलवय बिगारब वाली कहावत को उसने चरितार्थ जरूर किया। वैसे, प्रशांत किशोर ने पहले ही सुस्पष्ट कर दिया था कि वे इस चुनाव में या तो अर्श पर रहेंगे या फिर फर्श पर रहेंगे। कोई भी सुलझा व्यक्ति कुछ ऐसी ही लोकतांत्रिक टिप्पणी कर सकता है।

यूं तो तेजस्वी यादव ने हर घर सरकारी नौकरी, पेंशन, महिला सशक्तिकरण जैसे कई बड़े वादे किए, लेकिन फंडिंग और टाइमलाइन का ठोस प्लान वे बिहार के आम जनमानस को समझा नहीं सके। दावे जब हकीकत कम और फसाने ज्यादा लगने लगे तो इस तरह के नतीजों का आना स्वाभाविक है। राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच भरोसे की कमी का असर होना ही था। घोषणापत्र का नाम जब राजद की ओर 'तेजस्वी प्रण' रखा गया तभी उनके सहयोगी दलों को यह बात समझ में आ गई होगी कि तेजस्वी यादव की महत्वाकांक्षा के केंद्र में वे कहीं नहीं हैं।

विपक्षी महागठबंधन को मुस्लिम बहुल सीटों पर तो मजबूती मिली लेकिन महागठबंधन को इससे उतना ही नुकसान भी हुआ। यादव वोट भी कई जगहों पर अगर राजद से विमुख हुए तो इसकी वजह अपने हिंदुत्ववादी, विकासवादी और राष्ट्रवादी एजेंडे को प्रमुखता से आगे बढ़ाना ही रहा। वक्फ बिल पर तेजस्वी के विवादित बयान, राहुल गांधी द्वारा छठ माता के प्रति अनर्गल टिप्पणी का भी इस चुनाव में असर देखा गया। राजद ने भले 144 सीटों में से 52 यादव प्रत्याशी उतारे हों लेकिन उसके जितने प्रत्याशियों की जीत हुई है, उससे इतना साफ हो गया है कि महागठबंधन का एमवाई यानी मुस्लिम यादव समीकरण फेल हो गया है। जबकि भाजपा का एमवाई महिला-युवा समीकरण बखूबी कामयाब रहा। तेजस्वी अगर अकेले दम पर चुनाव लड़ते तो शायद नतीजे इससे कहीं अधिक बेहतर होते लेकिन राहुल गांधी के साथ संपर्क की वजह से वे राजनीति के लगभग निचले पायदान पर पहुंच गए। तेजस्वी की 'यादव एकीकरण' रणनीति से उनकी जातिवादी छवि तो मजबूत हुई लेकिन गैर-यादव वोट बैंक, सवर्ण और अति पिछड़े मतदाताओं का विपक्षी महागठबंधन से मोहभंग हुआ, इस सच को नकारा नहीं जा सकता। अच्छा होता कि विपक्षी दल इस चुनाव नतीजे पर वाकई ठोस मंथन कर पाते, अपनी कमियों को सुधार पाते और विकास की राजनीति के महत्व को समझ पाते।

## विचार

# बचपन और भारत का भविष्य

*गिरीश्वर मिश्र*

भारतीय समाज में प्राचीन काल से बच्चों की निराली छवि संजोई जाती रही है। बाल गोपाल की नटखट लीलाओं का आकर्षण अब भी है। कई घरों में लड्डू गोपाल की पूजा भी होती है। वैसे भी बच्चों की उपस्थिति, उनके हाव-भाव, किलकारी, खेल-कूद में भावनाओं की जिस ऊष्मा से भर देने वाले होते हैं वह अलौकिक यानी ईश्वरीय ही होती है। निश्छल, स्वाभाविक और सहज बच्चे मन के सच्चे होते हैं। पर आम जन जो संतान की चाहत रखते हैं वे समझदार हो गए हैं और परिवार का आकार सीमित रखने की कोशिश करते हैं। शिक्षित प्रौढ़ अधिक सचेत हैं और वे सीमित परिवार की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस बदलाव का प्रमुख कारण संयुक्त परिवारों का टूटना, अपने मूल स्थान से विस्थापन और तेजी से बढ़ती मँहगाई का अनिवार्य दबाव है। साथ ही वैश्वीकरण के दौर में आकांक्षाओं को भी पर लग गया है और नई-नई संभावनाओं के द्वार खुलते जा रहे हैं जो जीवन की वरीयताओं को उलट-पलट रहे हैं। परिवार ही सबसे पहले उनकी भेंट चढ़ रहा है। कई अत्याधुनिक लोग परिवार को वैकल्पिक मानने लगे हैं । कुल मिला कर आज के कठिन समय में मध्य और उच्च मध्य वर्ग के परिवारों में विशेष रूप से बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा-दीक्षा को अच्छी तरह से अंजाम देना चुनौती भरा होता जा रहा है।

देश के स्तर पर समस्याएं विराट हैं। आज विश्व की कुल जनसंख्या का छठाँ भाग भारत में रहता है। इसमें बच्चे अर्थात् 18 साल तक की आयु वाले लगभग 39 प्रतिशत हैं। एक अनुमान के हिसाब से भारत में 253 मिलियन किशोर हैं। देश में निःसंदेह आर्थिक प्रगति दर्ज हुई है पर उसके अनुपात में जीवन की गुणवत्ता सबके लिए ख़ास तौर पर बच्चों और स्त्रियों के लिए उतनी नहीं बढ़ी है जितनी अपेक्षित है । वस्तुतः भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति गंभीर विचार का विषय हो कर भी प्रायः हाशिये पर ही रहती रही है हालांकि कुछ मामलों में प्रगति दर्ज हुई है। उदाहरण के लिए शिशु मृत्यु दर और स्कूल छोड़ने की दर घटी है। परंतु बाल विवाह, कुपोषण और गरीबी से अभी भी छुटकारा नहीं मिल सका है। गौर तलब है कि आज भी हज़ार बच्चों में 95 बच्चे अपना पाँचवाँ जन्म दिवस मनाने के पहले ही काल कवलित हो जाते हैं। आज भी 4 वर्ष से 14 वर्ष की आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले बच्चों का एक बड़ा हिस्सा, आधे से कुछ कम, प्राइमरी शिक्षा पूरी नहीं कर पाता । भारत के आधे बच्चे आज भी कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। एक अध्ययन के हिसाब से हर दो लड़कियों में एक कुपोषित मिलती है। तीन महीने तक की आयु के बच्चों में 74 प्रतिशत न्यून या अल्प पोषण पाते हैं। शहरी इलाकों में, खास तौर पर अनौपचारिक हलकों, में ग़रीबी निश्चित रूप से बाल-विकास के मार्ग में बहुत बड़ी बाधा है। आज भी श्वास रोग और डायरिया (उल्टी दस्त) शिशु मृत्यु का एक बड़ा कारण बना हुआ है। अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में बाल-विवाह यानी 18 वर्ष की उम्र के पहले विवाह की दर आज भी भारत में सबसे ज़्यादा है। इसी तरह देश के कुछ भागों में अभी भी पुत्र की पसंद पुत्रियों की अपेक्षा ज़्यादा है जिससे जेंडर से जुड़े भेद-भाव की गुंजाइश बढ़ती है ।

भारत की जनसंख्या का यह एक सुखद पहलू यह है कि उसमें युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व अधिक है। भारत अब विश्व में एक युवा-प्रधान देश हो गया है। देश में किशोरों की संख्या पूरे विश्व में सर्वाधिक है। उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल-संवर्धन की ख़ास जरूरत है। ये सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक सभी दृष्टियों से भारत के विकास के लिए निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध होने वाले हैं बशर्ते वे सुरक्षित रहें, उनका स्वास्थ्य ठीक रहे, तथा वे सुशिक्षित और कौशल युक्त बन सकें । किशोरियों पर विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है जिनके लिए कुपोषण और बाल-विवाह बड़ी मुसीबत है और उनको ज़्यादा प्रभावित होने की संभावना रहती है। किशोरियों के सशक्तीकरण के मार्ग में ये बड़ी बाधाएँ बनी हुई हैं। युवा वर्ग को प्रोत्साहित और विकास के मार्ग पर अग्रसर कराते हुए ही विकसित भारत-2047 की परिकल्पना साकार हो सकेगी। देश में बच्चों की सुरक्षा और उनके पालन-पोषण पर जोर देने वाली कई सरकारी नीतियां बनी हैं। इस सिलसिले में सरकार का 'मिशन वात्सल्य' बच्चों के स्वास्थ्य और बाल-कल्याण के लिए समर्पित है। कुछ संकेत सकारात्मक बदलाव बताते हैं पर स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशहाली के प्रश्न अभी भी बरकरार हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और और स्वास्थ्य की जरूरतें अभी भी संतोषजनक ढंग पूरी नहीं हो पा रही हैं। इसी तरह बाल-विवाह को रोकना आवश्यक है। पिछले दो दशकों में देश में निश्चित रूप से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अति गरीबी 21 प्रतिशत कम हुई है। इसी तरह अब 80 प्रतिशत बच्चों का जन्म स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर होता है। तब भी ग्रामीण क्षेत्र, मलिन बस्ती, अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की स्थिति चिंतनीय बनी हुई है ।विशेष रूप से वंचित समुदाय अनेक प्रकार के अभावों से ग्रस्त हैं। अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की बड़ी कमी है। सभी क्षेत्रों में स्वच्छता और शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अभी भी एक चुनौती है। ऊपर से सूखा, बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, जलवायु-परिवर्तन और शरणार्थी समुदायों का आना-जाना ऐसी आकस्मिक परिस्थितियाँ हैं जो विकास की गति को अचानक थाम लेती हैं।

अब वैश्विक स्तर पर इस बात पर अधिकांश देशों में सहमति बन गई है कि बच्चों के अधिकारों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। बाल श्रम और उनके साथ होने वाले अत्याचार बंद होने चाहिए। परंपरागत रूप से बच्चों की देख-रेख और सुरक्षा परिवार और समुदाय की जिम्मेदारी रही है। पितृसत्तात्मक परिवेश में अक्सर यह भुला दिया जाता है कि बच्चे भी 'व्यक्ति' हैं और उनके भी अधिकार हैं।अब स्पष्ट रूप से बच्चों के अधिकारों में जीवन का अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा, भागीदारी, विकास, स्वास्थ्य, कल्याण, पहचान, अभिव्यक्ति, भेदभाव से मुक्ति और सुरक्षित वातावरण के अधिकार शामिल किए गए हैं । परंतु गरीबी, भूख, पेय जल की उपलब्धता, रोग, शिक्षा की कमी, बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, बच्चों से श्रम कराना, बच्चों के प्रति हिंसा और शोषण, तथा बाल-विवाह आदि ऐसे विकट संकट हैं जो बच्चों के जीवन, सुरक्षा और विकास में भागीदारी को नकारात्मक रूप से प्रभावित कराते हैं। कानून बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, उनका शोषण और भेदभाव करने के विरुद्ध संरक्षण देता है और उसके उल्लंघन के लिए दंड का भी प्रविधान करता है। फिर भी देश में वंचित वर्ग के बच्चे बड़ी संख्या में कुपोषण के शिकार हैं। उनके आहार में कार्बोहाइड्रेट की अधिकता और प्रोटीन की कमी भी एक बड़ा कारण है । इस का परिणाम होता है अवरुद्ध विकास। एक अनुमान के अनुसार 6.1 करोड़ बच्चे भूख और ख़राब स्वास्थ्य से पीड़ित हैं। स्वच्छता और संतुलित आहार के लिए क़ानून, जागरण और सामाजिक सुधार सबकी जरूरत है। कानूनों के बावजूद आज भी बाल-श्रम जारी है। मासूम बच्चे कई शिफ्ट में काम करते हैं और उनको आराम नहीं दिया जाता । उल्टे उन्हें मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना मिलती है। पौष्टिक भोजन और स्वच्छ पानी विकास की प्राथमिक आवश्यकता होती है। संविधान के 86 वें संशोधन में 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया है। बच्चों को जरूरत को ध्यान में रख कर नई शिक्षा नीति-2020 में भी कई प्राविधान किए गए हैं जो बच्चों की रुचि, प्रतिभा, मातृ भाषा और संस्कृति के आलोक में उनके समग्र विकास का लक्ष्य पाने के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं। बच्चों के विकास के लिए कई ग़ैर सरकारी प्रयास, भी शुरू हुए हैं जो बच्चों के लिए प्राविधान, उनकी सुरक्षा और प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से काम कर रहे हैं। आम तौर पर भारतीय समाज में बच्चों के प्रति प्रेम के भाव प्रबल होते हैं। बच्चों से मिलना, उनसे बात करना और उनका कोमल स्पर्श प्रीतिकर होता है पर बदलती परिस्थितियों के दबाव के बीच बच्चों पर सकारात्मक रूप से ध्यान देना और उनकी अवस्था के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराना परिवार, समुदाय और स्कूल जैसी संस्थाओं को पुनर्विचार के लिए आमंत्रित करता है। मीडिया की सकारात्मक भूमिका कैसे सुनिश्चित हो इस पर गंभीर विचार कर कदम उठाने की आवश्यकता है। बच्चे समाज के भविष्य को अनिवार्य रूप से गढ़ते हैं इसलिए उन पर ध्यान देना समाज के अस्तित्व का प्रश्न बन जाता है। बच्चों का पालन-पोषण दायित्व भी है और निर्माण का भी अवसर है।

*लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)*

साहित्य



## गुलाब

**श्याम सिंह बिष्ट**

पन्ने पलटते-पलटते आज
उनका रखा हुआ गुलाब मिल गया
जिंदगी को आज ईस मोड़ पर
उनसे पूछा हुआ जवाब मिल गया।
कुछ पत्ते थे मुरझाए हुए
कुछ मैं खुशबू अभी भी बाकी रह गई
बस विराने ए जिंदगी -
फ़लसफ़ा यादें जिंदगी ही रह गई ।
कमबख्त बड़ा बेदर्द है यह वक़्त
आज फिर मीठा जख्म यह दे गया
कुछ धुंधली यादों से आईने पर
उनका अक्स फिर उकेर गया
पन्ने पलटते-पलटते जिंदगी के
बस अब यादों में सिर्फ -
उनका दिया गुलाब ही रह गया!!





## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# बिहार में बीजेपी का उभार, जातीय राजनीति से आगे हिन्दुत्व का वोट बैंक तैयार



संजय सक्सेना

बिहार की राजनीति लंबे समय से सामाजिक समीकरणों, जातीय पहचान और नेतृत्व के करिश्मे पर आधारित रही है। इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नंबर वन पार्टी बनना सिर्फ सीटों की संख्या का मामला नहीं, बल्कि यह उस गहरे राजनीतिक बदलाव का संकेत है जो पिछले एक दशक में धीरे-धीरे आकार ले चुका है। भाजपा अब सिर्फ सहयोगी दल के सहारे चलने वाली पार्टी नहीं रही, बल्कि उसने अपनी वैचारिक जड़ें, संगठनात्मक शक्ति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के प्रभाव से बिहार की राजनीति के केंद्र में जगह बना ली है। बीजेपी का नंबर वन पार्टी बनना इस बात की भी घोषणा है कि बिहार की पारंपरिक राजनीति, जो कभी जातीय समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती थी, अब धीरे-धीरे विकास, नेतृत्व और हिंदुत्व के विमर्श के तहत पुनर्गठित हो रही है। मोदी की अगुवाई में पार्टी ने जिस तरह से राष्ट्रीयता, विकास और हिंदू एकता का एजेंडा स्थापित किया, उसने बिहार के मतदाताओं के मनोविज्ञान में गहरी पैठ बना ली है। खासकर युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बीजेपी को विकास की प्रतीक पार्टी के रूप में देखा जाने लगा है।

इस बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री मोदी की छवि सबसे बड़ा कारक है। बिहार जैसे राज्य, जहां नौकरी, गरीबी और पलायन लंबे समय से चुनावी मुद्दे रहे हैं, वहां मोदी का सबका साथ, सबका विकास का नारा लोगों को आकर्षित करता है। यह नारा जातीय दायरों से परे जाकर एक नई राजनीतिक सोच को जन्म देता है जहां नेता की पहचान उसके काम, योजनाओं और राष्ट्रवादी अपील से तय होती है। यही कारण है कि मोदी का मैजिक आज भी बिहार में उतनी ही जोर से काम कर रहा है जितना 2014 या 2019 में था।



संगठनात्मक रूप से भी बीजेपी ने राज्य में जबरदस्त पैठ बनाई है। बूथ-स्तर तक कैडर वाले ढांचे ने पार्टी को निचले स्तर पर मजबूत किया। आरएसएस और उसके सहयोगी संगठनों की सक्रियता ने गांव-गांव तक वैचारिक अभियान चलाया। इसके साथ ही बीजेपी ने अपने पारंपरिक वोट बैंक ऊंची जातियों और शहरी वर्गों के अलावा ओबीसी और महासमुदाय के मतदाताओं में भी भरोसा बनाने की कोशिश की। इससे पार्टी का सामाजिक आधार अब पहले से कहीं ज्यादा व्यापक हो गया है। 2020 के विधानसभा चुनाव में हालांकि एनडीए को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, लेकिन तब भी बीजेपी जेडीयू से आगे निकल गई थी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव ने इस प्रवृत्ति को और भी पुख्ता किया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने बिहार के अधिकांश हिस्सों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। इसका बड़ा कारण विपक्ष का बिखराव और विपक्षी गठबंधन में अंदरूनी मतभेद भी रहा। आरजेडी जैसी पार्टी, जो कभी मुस्लिम-यादव (रूढ़) समीकरण पर भरोसा करती थी, अब उस वर्ग में भी अपनी पकड़ कमजोर होते देख रही है।

बीजेपी की रणनीति स्पष्ट है जातीय समीकरणों को नकारे बिना, लेकिन उससे ऊपर उठकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की नई पहचान को स्थायी बनाना। स्थानीय नेतृत्व के रूप में पार्टी ने कई पिछड़े और दलित चेहरों को आगे लाकर यह संदेश दिया कि वह सबको साथ लेने के अपने सिद्धांत पर टिके रहना चाहती है। यही प्रयोग भविष्य में भी उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। 2029 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से देखें तो बिहार में बीजेपी की मौजूदा स्थिति उसके लिए मजबूत जमीन तैयार कर चुकी है। राज्य की 40 लोकसभा सीटों में यदि पार्टी अकेले सबसे बड़ी ताकत बनी रहती है, तो यह न केवल बिहार बल्कि पूरे पूर्वी भारत में भाजपा के लिए निर्णायक प्रभाव डाल सकती है। भाजपा अब बिहार को राजनीतिक रूप से सहयोगी राज्य नहीं बल्कि मुख्य फ्रंटलाइन के रूप में देख रही है। मोदी की लोकप्रियता और संगठन की एकजुटता के साथ, बिहार में पार्टी का प्रदर्शन 2029 में और बेहतर होने की संभावना है।

इसके अलावा, केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, और मुफ्त राशन वितरण योजनाओं का प्रभाव उन ग्रामीण वोटरों पर पड़ा है जो पहले विपक्ष के प्रति झुकाव रखते थे। यह वर्ग अब बीजेपी को सुविधा देने वाली सरकार के रूप में देखने लगा है। ऐसे वोटरों का झुकाव पार्टी को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाता है, क्योंकि ये वही घर-घर के मतदाता हैं जो स्थानीय चुनावों में भी वातावरण बनाते हैं।

मोदी के मैजिक की सफलता का एक और पहलू है उनकी संवाद क्षमता। चाहे मन की बात के माध्यम से संवाद हो या सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रयास, मोदी ने अपने संदेश को इतना गहराई से फैलाया है कि ग्रामीण मतदाता भी खुद को सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ा महसूस करता है। इस मनोवैज्ञानिक जुड़ाव ने भाजपा के लिए बिहार जैसे राज्य में लोकप्रियता का स्थायी आधार तैयार कर दिया है।

कुल मिलाकर, बिहार में बीजेपी का नंबर वन पार्टी बनना सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि एक वैचारिक पुनर्संरचना का प्रतीक है। यह दिखाता है कि पार्टी ने अपनी जमीनी ताकत और नेतृत्व की छवि, दोनों को एक साथ मजबूत किया है। अगर विपक्ष आने वाले वर्षों में कोई ठोस वैकल्पिक नैरेटिव नहीं गढ़ सका, तो 2029 का लोकसभा चुनाव बीजेपी के लिए बिहार में अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन वाला चुनाव साबित हो सकता है। मोदी का करिश्मा, संगठन की गहराई और केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच ये तीनों मिलकर बीजेपी को आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति का स्थायी केंद्र बना रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### उप परिवहन आयुक्त ने संगोष्ठी में सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। यातायात माह के तहत उप परिवहन आयुक्त ने कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्रमिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए वाहन संचालन के दौरान नियमों के पालन की शपथ दिलाई। झांसी एवं चित्रकूट धाम मंडल बांदा के उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह गौर ने जनपद के दौरे के दौरान कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्रमिकों को यातायात नियमों के पालन की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन बहुमूल्य है। बाइक, स्कूटी, कार चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट आदि का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह सुरक्षा के प्रति परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इसके साथ उन्होंने यातायात नियमों को पालन करने की सभी को शपथ दिलाई। इस मौके पर एचयूएल के एचआर मैनेजर अदित सिंह, सिक्योरिटी मैनेजर विशाल, संकेत मोरे, एआरटीओ अमिताभ राय, पीटीओ चंदन पांडे, यातायात प्रभारी हरवेंन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर आठ वर्षों से कर रहा दुष्कर्म, अब मुकरा

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने रिश्तेदार पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। अब वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि कैथी के मजरा करेना डेरा का रिश्तेदार बचपन से उसके घर आता जाता था। आरोप लगाया कि करीब आठ वर्ष पहले वह मां पिता की गैर मौजूदगी घर आया। उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पीला कर बेहोश करके उसके साथ दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो आदि बना लिए। इसके बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अलग-अलग स्थान में ले जाकर दुष्कर्म किया। साथ ही शादी करने का झांसा देता रहा है। अब शादी से मुकर रहा है और जान से मार देने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### प्रथामिक विद्यालय में बाल मेला, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित





हमीरपुर। कुरारा समर्थ इंडिया और पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कुसमरा द्वारा बाल दिवस के मौके पर बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह सिंह यादव द्वारा अध्यक्षता की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि रहे। बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह यादव ने कहा का निश्चित रूप से यह प्रयास बच्चों की प्रतिभा का निखारता है( वहीं सर्वाधिक उपस्थित वाले बच्चों के माताओं का सम्मान अनुपम एवं अनुकरणीय उदाहरण है विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार में बताया कि वर्ष 2011 से अनवरत रूप से बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल समय पर आ पाते है इनमें मां की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है इसलिए हम बच्चों के साथ उनकी मां का सम्मान करते है। समर्थ इंडिया इस पहल में हमेशा साथ रही है। सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों और महिलाओं का सम्मान बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 1 से लेकर 8 तक सर्वाधिक उपस्थिति वाले प्रत्येक कक्षा से तीन तीन बच्चों और उनकी मां को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया बाल मेला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बच्चों ने लगाए दुकानें, जमकर हुई खरीदारी हजारों का सामान बिका। इस मौके पर एक दर्जन से अधिक दुकानों बच्चों ने लगाई। सब्जी, चाट, इमली, बेर, लगीचना, भेलपुरी, सहित दुकानों पर बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीणों, अध्यापकों ने जमकर खरीदारी की। एक हजार से अधिक रुपया एक दुकानदार ने कमाया। हजारों का सामान बिका। इस मौके पर शिक्षक जितेन्द्र कुमार, मुश्ताक शेख, प्रदीप कुमार कुशवाहा, वर्षा सिंह, करिश्मा, योगिता, असना, वीरेंद्र, विनीत, रूपेंद्र, समर्थ इंडिया से कुमकुम, सिमरन, दिशा, आदित्या, कोमल, आंगनबाड़ी से रामलली, राजेंद्री, सोमवती, बालसंसद अध्यक्ष खुशी, इको क्लब के अध्यक्ष विशाल, कशिश, अंशराज, खुशी, दीपिका, शालिनी, एसएमसी अध्यक्ष इच्छा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



महोबा। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय और शहर के हृदय स्थल आल्हा चौक में जमकर जश्न मनाया गया। पार्टी द्वारा विजय उत्सव आयोजित कर कार्यकर्ता और पदाधिकारी ढोल नगाड़ों की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। पार्टी पदाधिकारियों ने एक दूसरे का मुँह मीठा करा बधाई दी है। कार्यक्रम स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान वितरित कर अपनी खुशी साझा की तथा राहगीरों एवं आम नागरिकों को भी मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास,सुशासन और स्थिरता के पक्ष में ऐतिहासिक जनमत दिया है। यह विजय जनता के विश्वास,कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। पार्टी ने यह भी कहा कि बिहार की जनता ने विकास की राजनीति को विजयी बनाया है, यह जीत जनता की जीत है,कार्यकर्ताओं की है और बिहार के उज्वल भविष्य की जीत है। इस दौरान जयपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र रविंद्र जिला उपाध्यक्ष, ओमनारायण तिवारी-जिला मंत्री, सत्येंद्र प्रताप-जिला मीडिया प्रभारी, संदीप तिवारी-युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, पंकज तिवारी-प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पुष्पेंद्र गुप्ता-नगर मंडल अध्यक्ष, अनुज सोनी-मंडल मीडिया प्रभारी, दीपक गुप्ता-मंडल मंत्री, अभिषेक शुक्ला-मंडल महामंत्री कबरई, रेखा तिवारी-महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष, उमा गजया-महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, नीतू श्रीवास्तव-जिला मंत्री, आशीष अवस्थी-वरिष्ठ भाजपा नेता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संतुलन बिगड़ा, बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।



अरतरा गांव निवासी एक नवयुवक की बाइक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर परचून की दुकान का सामान खरीदकर घर लौटते समय बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी, जिसकी शादी को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, रो-रोकर बेसुध हो गई। 24 वर्षीय जितेंद्र कुमार पुत्र राम किशोर, शुक्रवार को मौदहा कस्बे से सामान लेकर अपने गांव लौट रहा था। गांव से कुछ दूरी पहले ही अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राम किशोर ने बताया कि 18 फरवरी 2025 को ही ठंड के मौसम में बेटे का विवाह हुआ था। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। पत्नी संजू यादव यह खबर सुनते ही बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मृतक दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। छोटे भाई प्रांशु यादव ने बताया कि हादसा पेड़ से टकराने के कारण हुआ। अस्पताल प्रशासन ने पीआरवी को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## डीएपी के साथ गेहूं का बीज गायब, किसान परेशान



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। सहकारी समितियों से जहां डीएपी गायब है वहीं राजकीय बीज भंडार से गेहूं का बीज नदारत होने से किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं विकासखंड क्षेत्र की सभी समितियों से डीएपी गायब है किसान बाजार से महंगे दामों में घटिया डीएपी खरीद कर गेहूं की फसल बो रहा है। वहीं राजकीय बीज भंडार से गेहूं का बीज गायब है। किसान बाजार से घटिया किस्म के बीज महंगे दामों में खरीद रहा है अथवा पुराना बीज बोने को मजबूर हो रहा है। किसान मानसिंह भदौरिया, उदयभान, धनीराम, वीर प्रकाश, रामेश्वर, तुलसीराम, राम प्रकाश, सुरेंद्र कुमार, शिव सिंह, राम सिंह, सीताराम, रवि शंकर, इंद्रपाल सिंह, नवीन यादव, सुघर सिंह आदि का आरोप है कि सरकार किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने में नाकामयाब रही है। किसानों की उपज दुगनी करने का जुमला झूठा है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि इस सप्ताह 200 कुंटल से ज्यादा गेहूं का बीज प्राप्त हुआ है जिसको 150 किसानों के मध्य वितरित किया गया है। एडीओ सहकारिता सुरेश चंद्र ने बताया कि रैक लग गई है शनिवार को सभी समितियों में डीएपी मिलेगी।

### कलशयात्रा में दिखा भक्ति और अध्यात्म का संगम, भागवत पुराण कथा आज से



मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में शनिवार से होने वाली श्रीमद्‌भागवत कथा के एक दिन पहले कस्बे में कलशयात्रा निकली जिसमे भक्ति और अध्यात्म का संगम देखने को मिला कस्बे के बडी देवी मंदिर प्रांगण में शनिवार से होने वाली श्रीमद भागवत कथा के एक दिन पहले कस्बे की बडी देवी मंदिर से धूमधाम से कलशयात्रा निकाली गई जो बडी देवी से मराठीपुरा, थाना चौराहा, उपरौस पानी टंकी, मलीकुआं चौराहा, तहसील गेट, बंशनाला, गांधी इण्टर कालेज होकर बडी देवी मंदिर में सम्पन्न हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में पीताम्बर धारण किए महिला और पुरुषों को देखकर धर्म और अध्यात्म का विशाल संगम देखने को मिला। इस दौरान ढोल, नगाडों और डीजे की धुनों पर धार्मिक गीतों ने पूरे माहौल को धार्मिक बना दिया। कलशयात्रा में उमडी भक्तों की भीड़ को देखते हुए कोतवाली पुलिस मुस्तैदी से डटी रही और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय स्वयं कलशयात्रा में भ्रमण करते देखे गए। साथ ही कलशयात्रा को लेकर कुछ समय के लिए रूट डायवर्ट भी किया गया। बताते चलें कि शनिवार से बडी देवी मंदिर में काशी धर्म पीठाधीश्वर स्वामी नारायणानंद महाराज भक्तों को कथा का पान कराएँगे। इस दौरान रामदेव सिंह, शिवकुमार पाण्डेय, राकेश पालीवाल, मनीष शुक्ला, राधवेंद्र सिंह गौतम, धनंजय सिंह, उत्तम सिंह, विनय तिवारी, ज्योत्स्ना सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## टोडरपुर गांव में चौपाल का आयोजन



कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में स्थिति पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। तथा ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया गया। विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम प्रधान शकुंतला की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मौजूद लोगों को शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। रुकी हुई वृद्धा पेंशन के लिए शिकायत आई तथा उनका निस्तारण किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तीन फॉर्म भरे गए। तथा ग्रामीणों ने जल निकासी की व्यवस्था केलिए नाला निर्माण की मांग की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नसीम अहमद, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री देव कुमारी, पंचायत सहायक मनोरमा, मंजू, कृष्ण कुमार कुशवाहा, राघवेंद्र, सफाई कर्मी कमलेश कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वयंसेवक प्रशिक्षण के लिए 50 आपदा मित्र 12 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रवाना

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिले से 50आपदा मित्र स्वयंसेवक प्रशिक्षण के लिए रवाना डीएम ने दिखाई हरी झंडी 7 12 दिवसीय ट्रेनिंग लखनऊ मेंजिले में आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। आपदा मित्र परियोजना के तहत चयनित 50 स्वयंसेवकों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय, लखनऊ रवाना किया गया। कलेक्ट्रेट से डीएम घनश्याम मीना ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित टीम का होना किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने आशा जताई कि प्रशिक्षण के बाद ये युवा जनपद में आपदा जोखिम प्रबंधन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह प्रशिक्षण उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्वयंसेवकों को आगजनी, बाढ़, आकाशीय विद्युत, सर्प दंश, भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने हेतु प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव (Search & Rescue) और राहत कार्यों की तकनीकें सिखाई जाएंगी कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय तथा आपदा मित्र संगठन के प्रतिनिधि ऋषभ देव एवं मुबीन अहमद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने और आपदा के समय समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की सलाह दी।

## डीएम ने किया पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण

- डीआईओएस को दिए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



बालदिवस के अवसर पर पी.एम.श्री राजकीय इंटर कालेज महोबा का जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा पीएमश्री राजकीय इण्टर कालेज एवं परिसर में संचालित छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया। कालेज तथा छात्रावास के कक्षों की खिड़कियों के काँच टूटे पाये जाने पर तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। फर्नीचर की माँग, खिड़कियों में काँच व जाली लगवाने व अन्य कार्य कराये जाने के लिए आगणन तैयार करके प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। जिससे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये जा सके। पीएमश्री राजकीय इण्टर कालेज महोबा में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना होनी है। जिलाधिकारी द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी हेतु चयनित कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कालेज में विज्ञान क्लब, गणित क्लब, यूथ क्लब, इको क्लब फार मिशन लाइफ के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके साथ ही कालेज में बाल मेले का आयोजन एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिलाधिकारी द्वारा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों से पढ़ाई एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनकी आवश्यकता के मद्दे नजर समस्या का हल करने के लिए प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार को निर्देशित किया गया। कालेज निरीक्षण के दौरान प्रेमचन्द यादव,जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कालेज का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## लेखपाल संघ ने हर्षोल्लास से मनाया 64वां स्थापना दिवस

- जिला पुरुष एवं महिला अस्पतालों में भर्ती मरीजों को किया गया फलों का वितरण
- अनाथालय में बच्चों को वितरित किए गए कपड़े व फल



महोबा, समृद्धि न्यूज। लेखपाल संघ का 64वां स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया गया। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी शुक्रवार को स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा मुख्यालय स्थित अनाथालय में बच्चों को कपड़े व फल वितरण करने के उपरान्त जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं असहाय व्यक्तियों को फल वितरित गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष शिवभान, जिलामंत्री लोकेन्द्र सिंह यादव, तहसील महोबा के अध्यक्ष शिवप्रसाद सहित लेखपाल प्रमोद कुमार रावत,संदीप सिंह, सुशील पटेल, बृजेन्द्र वर्मा, चंद्रकुमार श्रीवास, प्रशांत पटेरिया, मिनेश पाल, छत्रपाल राजपूत, दीपशिखा सचान, मनीषा, पारुल पटेरिया, पुष्पा सहित जनपद के बड़ी संख्या में लेखपालों ने प्रतिभाग किया।

### साइबर हेल्प डेस्क टीम ने खोया मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी को सौंपा

महोबा। साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली नगर की सक्रिय पुलिस टीम द्वारा एक और सराहनीय कार्य किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा शिकायतकर्ता हृदेश कुमार पुत्र नवल किशोर साहू निवासी बड़ीहाट का वन प्लस नोर्ड सीई 3 मोबाइल फोन,जो कुछ समय पूर्व गुम हो गया था, सरकारी पोर्टल ceir.gov.in के माध्यम से सफलतापूर्वक बरामद किया गया। बरामद मोबाइल को विधि-विधान का पालन करते हुए शिकायतकर्ता को सकुशल सुपुर्द किया गया। पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सचिव के नेतृत्व में मनाया बाल दिवस



महोबा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा राम नगीना यादव के निर्देशानुसार बाल दिवस के अवसर पर अपर जिला जज,सचिव तेन्द्र पाल ने प्राथमिक विद्यालय नैकाना, शेखूपुरा में पहुंचकर जवाहर लाल नेहरू तथा महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बच्चों को जवाहर लाल नेहरू के बारे में उन्होंने बताया कि जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस मनाया जाता है। वह भारत के प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने जेल में रहते हुए डिस्कवरी ऑफ इंडिया किताब लिखीं। उन्होंने बताया कि उन्हें बच्चों के साथ खेलना, बातें करना और उनके सवालों के जवाब देना बहुत अच्छा लगता था। बच्चे भी उनसे बहुत प्यार करते थे और उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। उनका जन्मदिन 14 नवंबर को हुआ इसलिए इस दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कायक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा की ओर से पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी, अनुदेशक सुनील वर्मा, शिक्षिकाएं साहिला अंजुम, सुनीता वर्मा, जामवती प्रजापति गुंजन देवी व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के कई स्थानों में पराविधिक स्वयं सेवको ने अपने-अपने स्तर पर रैलियों व शिविरों का आयोजन किया। साथ तहसील स्तर पर कुलपहाड़, चरखारी, महोबा आदि स्थानों पर भी बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ रैलियां तथा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

पत्रांक-468/न.पं.मह./ई-टे./पं.दीन दयाल न.वि.यो./2025-26 — दिनांक- 12.11.2025

## ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्टैक्टर्स/वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कार्यों को कराये जाने हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से प्रतिशत दर आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र वेबसाइटः http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित हैः-

टेण्डर शेड्यूल (http://e-tender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ तिथि एवं समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | 14.11.2025 (10:00 AM) | - |
| 2. | Tender Download | 14.11.2025 (10:00 AM) | 04.12.2025 (5:00 PM) |
| 3. | Bid Submission | 14.11.2025 (10:00 AM) | 04.12.2025 (5:00 PM) |
| 4. | Bid Opening | 05.12.2025 (2:00 PM) | |
| | Bid Opening Place | Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli | |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्या 7855000100032601/IFSC CODE PUNB0785500 पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज जनपद रायबरेली में जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बन्धी विस्तृत नियम शर्ते व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

राम आशीष
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, महराजगंज
जनपद- रायबरेली।

सरला साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत, महराजगंज
जनपद- रायबरेली।


# जागरूक लोगों की सक्रियता से अपराधियों के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई

- लोगों की जागरूकता से नाकाम हुआ अमित ज्वेलर्स में चोरी का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार
- सीओ कुलपहाड़ रविकान्त गौंड ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

भरवारा/महोबा, समृद्धि न्यूज।



जनपद के थाना पनवाड़ी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भरवारा में स्थित अमित ज्वेलर्स शॉप में विगत रात्रि चोरी का प्रयास स्थानीय निवासियों की सतर्कता से विफल कर दिया गया। संदिग्ध गतिविधियों पर ध्यान देते हुए ग्रामीणों ने मौके पर ही चोरी के इरादे से दुकान में घुसे अभियुक्तों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा आज शुक्रवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सीओ ने वादी एवं स्थानीय नागरिकों से विस्तृत पूछताछ कर संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी ली। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी अर्जुन सिंह को निर्देशित किया कि पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महोबा पुलिस द्वारा स्थानीय जनता की सतर्कता एवं पुलिस-जन सहयोग की सराहना की गई तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार प्रभावी गश्त एवं निगरानी जारी है।

# वैज्ञानिकों की किसानों को सलाह, सरसों को रोगों से बचाएं

**बोले किसान स्वस्थ और प्रमाणित बीजों का ही करें उपयोग**



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में बड़े पैमाने पर सरसों की खेती करने वाले किसानों को इस समय मौसम के उतार- चढ़ाव का सामना करना पड़ रहा है। बदलते मौसम के कारण सरसों की फसल में अल्टरनेरिया झुलसा रोग तेजी से फैल रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह रोग फसल को 15 से 50 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। रोग की शुरुआत बुवाई के कुछ समय बाद निचली पत्तियों से होती है। पत्तियों पर छोटे हल्के भूरे से काले रंग के गोलाकार धब्बे बनते हैं, जिनके बीच सफ़ेद छल्ले दिखाई देते हैं। जैसे- जैसे रोग बढ़ता है, ये धब्बे बड़े होकर पूरी पत्ती को सुखा देते हैं। प्रकोप अधिक होने पर धब्बे तने, टहनियों और फलियों तक फैल जाते हैं, जिससे बीज सिकुड़े और हल्के बन जाते हैं तथा उपज पर सीधा असर पड़ता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अवनेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस रोग के रोकथाम के लिए किसानों को एकीकृत प्रबंधन पद्धति अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान स्वस्थ और प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करें। रोग प्रतिरोधी किस्मों का चयन करना लाभदायक रहेगा। एक ही खेत में लगातार सरसों या अन्य ब्रैसिका फसलों की बुवाई करने से बचें और कम से कम 3-4 वर्ष का फसल चक्र अपनाएँ।फसल कटाई के बाद खेत में बचे संक्रमित अवशेषों को नष्ट करना जरूरी है, क्योंकि फफूंद इन्हीं अवशेषों पर जीवित रहती है। पौधों में उचित दूरी और खेत में जल निकासी की अच्छी व्यवस्था भी रोग नियंत्रण में मदद करती है। बीज उपचार के लिए थिरम या कार्बेन्डाजिम का प्रयोग किया जा सकता है। वहीं, रोग के शुरुआती लक्षण दिखते ही मैनकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करना प्रभावी रहता है।

इसके विकल्प के रूप में प्रोपिकोनाजोल या टेबुकोनाजोल 0.1 से 0.15 प्रतिशत की दर से छिड़काव किया जा सकता है। पहला छिड़काव सामान्यतः बुवाई के 30 से 35 दिन बाद करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते प्रभावी प्रबंधन अपनाकर अपनी सरसों की फसल को नुकसान से बचाएँ।

# जादूगर देव के करिश्माई कारनामों से मंत्रमुग्ध हुए नन्हे-मुन्ने

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्री आरएस लाल देवकी किड्जी ग्लोबल स्कूल में बाल दिवस पर आयोजित जादू के कार्यक्रम ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को हैरत में डाल दिया। जादूगर देव के हैरतअंगेज कारनामें देखकर बच्चे झूम-झूमकर तालियां बजा रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। जादूगर देवराज सिंह उर्फ देव ने माइंड रीडिंग का कमाल दिखाते हुए मन में सोचा हुआ नाम बता दिया, मोबाइल का पासवर्ड तुरंत ओपन कर दिया, गिलास को हवा में उड़ा दिया, वाटर ऑफ इंडिया का चमत्कार रचा और अखबार फाड़कर जोड़कर सभी को दंग कर दिया। इन कारनामों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी व कोऑर्डिनेटर शुभम ने जादूगर देव सहित उनकी सहयोगी महक व एकता को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम समाप्ति पर हरियाणवी गीतों पर बच्चों ने जोरदार डांस कर मौज-मस्ती की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी ने कहा बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं। जादू की तरह ही शिक्षा से उनके सपनों को पंख लगाएं, ताकि वे समाज को नई दिशा दें। प्रिंसिपल बरखा अवस्थी ने कहा चाचा नेहरू के सपनों को साकार करने के लिए हम बच्चों को रचनात्मक शिक्षा दे रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम उनकी कल्पना को बल देते हैं। इस दौरान उप प्रधानाचार्य प्रतिमा शुक्ला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## विद्यालयों में नौनिहालों ने केक काटकर मनाया बाल दिवस

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर एवं जलालपुर सरवन के को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। नौनिहालों ने अपने अभिभावकों के साथ मिलकर केक काटा और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बाल दिवस को यादगार बनाया। मेले के दौरान बच्चों ने नींबू दौड़, मेंढक दौड़, गेंद से बोतल पर निशाना, धागे पर लटकी टॉफी खाकर खाने की रोचक प्रतियोगिता, चित्रकला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की प्रतिभा देख अभिभावक भी उत्साहित दिखे। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को कॉपी- पेंसिल आदि देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल और प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अबधनारायण ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन भर चलने वाली सतत प्रक्रिया है।

# एनडीए के प्रति जनता के विश्वास की हुई जीत : अर्चना पांडेय



**बिहार में बंपर जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। नगर में आतिशबाजी के बीच लड्डू बांटकर उत्सव का आगाज हुआ। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदृष्टि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति जनता का अटूट विश्वास और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति का परिणाम है। एनडीए सरकार विकास, सुशासन और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुएगी। बिहार की जनता ने फिर साबित किया कि सही नेतृत्व पर भरोसा ही असली ताकत है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा यह विजय न केवल बिहार की, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। एनडीए की एकजुटता ने विपक्ष की सारी साजिशों को धूल चटा दी। अब हम स्थानीय स्तर पर भी विकास योजनाओं को तेजी से लागू करेंगे ताकि छिबरामऊ का नगर क्षेत्र समृद्ध हों। इस जश्न में भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, मुनीश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, श्यामू चौहान, नगर महामंत्री पंकज दुबे, अंकित शर्मा, नगर उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी व आशीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों ने लगाईं व्यंजनों की दुकानें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विमला देवी इंटर कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में व्यापार के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों की दुकानें लगाकर न केवल सभी को आकर्षित किया, बल्कि उद्यमिता की भावना को भी जगाया है। आज के दौर में युवा पीढ़ी को व्यवसायिक कौशलों से लैस करना आवश्यक है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कालेज के प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री अनिल यादव ने कहा यह कार्यक्रम बच्चों को रचनात्मकता और आर्थिक समझ सिखाने का माध्यम बनेगा। बच्चों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन ने माहौल को जीवंत बना दिया है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रीता पाल, डॉ. उषा यादव, डॉ. रजनेश यादव, दमयंती बाथम, श्याम बाबू, जगमोहन, रीना पाल, मुस्कान, नीरज देवी, रोहित व अवधेश सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# धूमधाम से निकलेगी बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर में 5 दिसम्बर शुक्रवार को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। लिटिल स्टार मैरिज होम में आयोजित बैठक में बाबा के भक्तों ने इसकी रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा बाबा के सभी भक्त 5 दिसम्बर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां पर माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 11000 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। श्याम भक्तों को सभी निशान निःशुल्क मिलेंगे। शोभायात्रा में 15 जीवंत झांकी, 11 झांकी, 20 डीजे, दो बैंड, चंदौसी का ढोल, 60 महिला बाउंसर व 20 पुरुष बाउंसर होंगे। यात्रा का समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों के लिए यहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा शोभा यात्रा के लिए बाबा खाटू श्याम के निशान तैयार करने का काम जल्दी ही युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। अंत में सभी ने 2 मिनट मौन रहकर समित के प्रबंधक विनय शर्मा उर्फ सेठ को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाकियू (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन, नवदुर्गा सेवा समिति के महामंत्री संदीप दुबे, रिंकू पांडेय, विनोद गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, श्याम वर्मा, सर्वेश कुमार तिवारी, राहुल, शुभम उर्फ पल्ली पांडेय, आनंद गुप्ता, बृजेश गुप्ता एवं अन्नू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# डबल ट्रैक्टर-ट्रॉली की मनमानी से सड़कें बनी मौत का हाईवे



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गन्ना सीजन शुरू होते ही लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर डबल ट्रैक्टर-ट्रॉली की बेतहाशा आवाजाही ने सड़क सुरक्षा को मज़ाक बनाकर रख दिया है। किसान गन्ना विक्रय के लिए गुलरिया चीनी मिल तक एक ट्रैक्टर पर दो-दो ट्रॉली जोड़कर दौड़ा रहे हैं, जिनमें तेज़ हाई फ्रीक्वेंसी साउंड सिस्टम धड़ल्ले से बज रहा है। जिससे हादसे, जाम और आम लोगों की जिंदगी खतरे में है। डबल ट्रॉली और तेज़ साउंड सिस्टम दोनों मोटर व्हीकल एक्ट के स्पष्ट उल्लंघन हैं, बावजूद इसके न वाहन रोके जा रहे, न चालकों पर कार्रवाई। नियमों की खुलेआम अवहेलना के बाद भी पुलिस व परिवहन विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। डबल ट्रॉली वाले ट्रैक्टर के चलते पीछे आने वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे ओवरटेक के दौरान टक्कर की संभावना बढ़ जाती है। कई दुर्घटनाएं पहले ही हो चुकीं, लेकिन फिर भी सबक नहीं लिया जा रहा।

# बाल दिवस पर झूसीनागर विद्यालय में हुए कार्यक्रम

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समधन क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इन आयोजनों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उन्हें उपहार व मिठाइयां वितरित की गई।

प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में हेडमास्टर शैलेन्द्र सिंह यादव ने बाल दिवस समारोह का आयोजन किया इस दौरान बच्चों ने गुब्बारा और टॉफी की दुकानें लगाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई।

प्रभा सिंह और प्रशिक्षु राघव सिंह ने बच्चों को उपहार प्रदान किए, जबकि हेडमास्टर शैलेन्द्र सिंह ने फल, मिठाई, गुब्बारे और टॉफी वितरित की। इसी कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर में भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए यहां बच्चों ने गीत, नृत्य, खेलकूद और प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से अपनी छिपीं प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रधानाचार्य विवेक कुमार, सहायक अध्यापक योग्यता श्रीवास्तव और शिक्षा मित्र तरन्नुम ने बच्चों को बिस्कुट, मिठाई,पेन और पेंसिल बॉक्स आदि का वितरित किए। उधर समधन नगर के संतोषा प्राथमिक विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को चाचा नेहरू के विषय में जानकारी दी गई प्रेरक गतिविधियों के साथ यहां भी उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुए।




# रास्ता रोकने के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मुग्रहाधाम में जमीन के रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंग विपक्षियों ने न सिर्फ पीड़ित परिवार पर जानलेवा हमला किया, बल्कि घर में घुसकर महिलाओं पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में पीड़ित की पत्नी और बेटी को गंभीर चोटें आईं। बेटी गोल्डी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ने उसे केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया है। रास्ता रोकने के बहाने हुआ हमला, रायफल निकालकर दी धमकी पीडित रमेशचंद्र पुत्र स्व. शिवराम के मुताबिक, 12 नवंबर की शाम करीब 4 बजे विपक्षीगण उसके रास्ते को बंद करने के लिए अवैध निर्माण कर रहे थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि जगतपाल पुत्र स्टल्लू ने अपनी सेंशी रायफल निकालकर धमकी दीआज इसे कोई नहीं बचाएगा। इसके बाद मनीष पुत्र बीरेन्द्र कुमार, अनुपम कुमार पुत्र जगतपाल और अनुराग पुत्र सुनील कुमार ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। रमेश किसी तरह अपने घर में भाग गया, लेकिन आरोपी पीछे-पीछे घर में घुस गए और महिलाओं पर अंधाधुंध प्रहार शुरू कर दिए। पीड़ित ने बताया कि हमले में उसकी पत्नी और बेटी गोल्डी बुरी तरह घायल हुईं। गोल्डी को पहले जिला अस्पताल मोतीपुर लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने सिर की गंभीर चोट के चलते 13 नवंबर को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया।

## डीएम ने गोकर्ण कॉरीडोर के निर्माण कार्य पर जताया असंतोष

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को गोकर्ण कॉरीडोर निर्माण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने निर्माण एजेंसी को मैनपावर बढ़ाने और कार्य की गति तेज करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि श्रमशक्ति को दोगुना कर निर्माण कार्य में तेजी लाना अनिवार्य है। उन्होंने गुणवत्ता को सर्वोपरि बताते हुए समय-समय पर सामग्री की सैंपलिंग और जांच प्रक्रिया को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि गोकर्ण कॉरीडोर परियोजना की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी, जबकि प्रशासनिक टीमें दैनिक मॉनिटरिंग करेंगी, ताकि कार्य समयसीमा के भीतर पूरा हो सके। डीएम ने अधिकारियों को सावन माह से पूर्व सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए समयबद्धता व गुणवत्ता दोनों सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगी।

# बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ

**वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन-पूजन व किसानों के सम्मान के साथ डोंगा पर डाला गया प्रथम गन्ना**



**पलिया कलां,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया में शुक्रवार प्रातः नए पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ परंपरागत वैदिक विधि-विधान के साथ किया गया। मिल परिसर में स्थित भगवान शिव मंदिर व संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद डोंगा पर हवन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई की शुरुआत की गई। समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों किसान, नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे। पूजन कार्य मिल के पुजारी रामेंद्र मिश्र द्वारा कराया गया, जबकि विधिवत हवन-यज्ञ यूनिट हेड ओ.पी. चौहान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रथम गन्ना लेकर आने वाले किसान–बैलगाड़ी से उदयवीर (निवासी नगला) तथा बुग्गी से कय्यूम (निवासी मरौचा)–को भाजपा मंडल अध्यक्ष शशिशंकर शुक्ला व जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने शाल ओढ़ाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात तहसीलदार ज्योति वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार, गन्ना समिति पलिया अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी, भीरा समिति अध्यक्ष राकेश कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय सहित अनेक किसान नेताओं व किसानों ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में मिल अधिकारी उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दूवे, मोहित अवस्थी, उपेंद्र पांडेय, संजीव श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, कृषक विकास कपूर, सुखदेव सिंह, रणजीत सिंह, रामप्रकाश पाल, बलवीर सिंह, दर्शन सिंह, सतीश सिंह, रेशम सिंह, हेमराज और जीवन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## फोन पर मिली 'चम्बल घाटी के डाकू' की धमकी

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में एक अज्ञात कॉल ने सनसनी फैला दी। गणेशबिहार कॉलोनी निवासी मनोज कुमार भारती को आए इस फोन में खुद को 'चम्बल घाटी का डाकू' बताने वाले व्यक्ति ने न सिर्फ गाली–गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए दावा किया कि वह गोला बम बारूद छोड़ आया है। पीड़ित ने कॉल की रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपते हुए एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। गुरुवार शाम करीब 7 बजे मनोज कुमार भारती के फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को 卐चम्बल घाटी का डाकू卐 बताते हुए आतंक फैलाने की कोशिश की और मनोज को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। मनोज ने पूरी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर कोतवाली सदर पुलिस को सौंप दी है।

# पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर भड़के आउटसोर्स कर्मचारी

**लखीमपुर में बड़े आंदोलन की दी चेतावनी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी में उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि विभाग अपने ही आदेशों का पालन नहीं कर रहा है और आउटसोर्स कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्र ने बताया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है, जबकि 18 सितंबर 2025 के आदेश के निर्देशों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि मानक समिति की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई और 55 वर्ष की उम्र का बहाना बनाकर अनुभवी कर्मचारियों को कार्य से हटाया जा रहा है। वहीं स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने की स्थिति में मीटर रीडरों को किसी अन्य कार्य में समायोजित करने की जगह सीधे हटाया जा रहा है, जिससे कई परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।संघ ने यह भी आरोप लगाया कि ईपीएफ घोटाले की जांच आज तक आगे नहीं बढ़ी। कई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड नहीं बने हैं और हर माह ईपीएफ जमा करने की बाध्यता का पालन भी नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि मीटर रीडरों को 16 प्रति बिल भुगतान का आदेश होने के बाद भी यह राशि नहीं मिल रही, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

## सूचना

मेरे पिता पूर्व में राजीव चौपड़ा के नाम से जाने वह पहचाने जाते थे अब उनका नाम रंजीव कुमार चौपड़ा हो गया है। राजीव चौपड़ा व रंजीव कुमार चौपड़ा दोनों एक ही व्यक्ति यानी मेरे पिता का नाम है। अब वह भविष्य में रंजीव कुमार चौपड़ा नाम से जाने व पहचाने जाए।

**हर्ष चोपड़ा, पुत्र श्री रंजीव कुमार चौपड़ा निवासी 110, हैप्पी डेज विद्यालय के पास, बाजपेई कॉलोनी, लखीमपुर खीरी।**

# उद्योग, व्यापार बंधु की बैठक में लंबित मामलों के निस्तारण के दिए निर्देश

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक की गई, जिसमें विभागीय अधिकारियों को औद्योगिक विकास से संबंधित लंबित कार्यों की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा से अधिक लंबित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि निवेशकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन में तेजी आए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं, इसलिए विभागीय अधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। बैठक में कौंच औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक स्थान की उपलब्धता और आवश्यक सुविधाओं का समय पर विकास, निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अनिवार्य है।

# पेड़ से झूलता हुआ मिला अज्ञात का शव

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

**पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा**

उरई रोड स्थित शिवा गेस्ट हाउस के पीछे शुक्रवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब खेत की मेड़ पर लगे पेड़ से एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला। सुबह-सुबह खेतों पर गए किसानों ने जब यह दृश्य देखा तो तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पेड़ से उतरवाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

घटना शिवा गेस्ट हाउस के पीछे वीर सिंह और श्यामसुंदर के खेत की है, जहां कंजी का एक बड़ा पेड़ है। सुबह जब किसान उधर से निकले तो उनकी नजर पेड़ से लटके एक व्यक्ति के शव पर पड़ी। किसान हैरान रह गए और तुरंत पुलिस को बुलाया। सूचना पर एसआई राजेश वशिष्ठ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक ने सफेद और नीली चेक की शर्ट तथा अंदर इनर पहन रखा था। फांसी लगाने के लिए उसने गमछे का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों और किसानों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। मृतक के पास से न तो मोबाइल मिला और न ही कोई कागजात, जिससे पहचान संबंधी जानकारी मिल पाती। पुलिस खेत के आसपास रहने वाले ग्रामीणों व राहगीरों से पूछताछ कर रही है, ताकि मृतक का पता लगाया जा सके। एसआई राजेश वशिष्ठ ने बताया कि मृत व्यक्ति के पास से न तो कोई मोबाइल बरामद हुआ और न ही अन्य कोई कागजात। आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली है। कोतवाल आनंद सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति का शव खेत की मेड़ पर फंदे पर लटका हुआ मिला है। उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृत व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पल्स पोलियो राउंड की तैयारियों की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

**14 दिसम्बर को जनपद में लगेंगे 1188 बूथ, 2,19,356 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य**

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में पल्स पोलियो एस.एन.आई.डी. राउंड की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 14 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो राउंड में 0 से 5 वर्ष के 2,19,356 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश भले ही कई वर्षो से पोलियो-मुक्त है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक दवा पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 16 से 23 नवम्बर के बीच माइक्रोप्लान का पुनरीक्षण हर हाल में पूरा कर लिया जाए तथा 8 दिसम्बर तक सभी इकाइयों द्वारा माइक्रोप्लान की प्रतियाँ जिला स्तर पर उपलब्ध करा दी जाएँ। दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में वैक्सीनेटर और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण डब्ल्यूएचओ के सहयोग से कराया जाएगा।

## संबंध विच्छेद

मैने अपने पुत्र प्रमोद कुमार जो आवारा, शराबी, जुआरी प्रकृति का है और आये दिन मुझे अकारण परेशान करता हैं और मेरा कहा नहीं मानता तथा मनमानी करता हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने दिनांक 11.11.2025 से उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिया हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं होगा। उमेश कुमार पुत्र शिवदयाल निवासी मोहल्ला कुन्ती नगर , देवकली रोड शहर लखीमपुर थाना कोतवाली सदर, जिला- खीरी।





# पॉश कालोनी आवास विकास में अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का हंटर



आवास विकास में अतिक्रमण हटाती जेसीबी



नगर मजिस्ट्रेट से वार्ता करते दुकानदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

शहर की पॉश कालोनी आवास विकास में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का हंटर चला। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान छुटभैया दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। जेसीबी ने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण की जद में आने वाले टीनशेड, खोखे को हटाया।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के बाद शुक्रवार को आवास विकास कालोनी में अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी ने अवैध रुप से प्रतिष्ठानों के बाहर टीनशेड आदि डालकर अतिक्रमण किये दुकानदारों के अतिक्रमण हटा दिये। इस दौरान कर्मचारियों को दुकानदारों के कोप का भी भाजन बनना पड़ा, लेकिन उनकी प्रशासन के आगे एक नहीं चली। अभियान के दौरान कई जगहों पर बने कच्चे-पक्के निर्माण, शेड, दीवारें और अस्थायी ढांचे जेसीबी से ढहाए गए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। जिससे अतिक्रमणकारी ज्यादा विरोध करने का साहस नहीं जुटा सके। अधिकारियों का कहना था कि अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। जिससे प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ी। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना था कि यह अभियान केवल शुरुआत है। अब आवास विकास की पूरी जमीन का पुनः सर्वे किया जाएगा और जहां-जहां अतिक्रमण मिलेगा उसे तत्काल हटाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा अब कोई भी व्यक्ति सरकारी भूमि पर कब्जा न करे। नियमों का उल्लंघन हुआ तो सीधे कार्रवाई होगी। क्षेत्र के कई लोगों ने प्रशासन के इस कदम का समर्थन किया है। अभियान की शुरुआत डॉ0 राममनोहर लोहिया मूर्ति के पास से हुई। सबसे पहले सूरज अल्ट्रासाउंड का एक बड़ा बोर्ड जेसीबी की मदद से हटाया गया। इसके बाद लोहिया अस्पताल के सामने स्थित ट्रांसपोर्ट के ढाँचे, खोखे, पटरी पर लगी दुकानें और मेडिकल, जनरल स्टोर के शेड भी हटाए गए। एक सैलून की लोहे की सीढ़ी को भी उखाड़कर ट्रैक्टर में रख दिया गया। भार्गव चश्मे की दुकान पर कार्रवाई के दौरान दो युवतियों ने विरोध प्रदर्शन किया। महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें मौके से हटाया। जिसके बाद उनका टीन शेड भी गिरा दिया गया। लगातार जारी इस कार्रवाई के कारण पूरे इलाके में हड़कंप और तनाव का माहौल बना रहा।

### विधायक आवास के बाहर अतिक्रमण न हटाने पर भड़के दुकानदार

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के आवास विकास स्थित आवास के बाहर के अतिक्रमण को न हटाने पर दुकानदार भड़क गये और वह विधायक के आवास के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि यह भेदभाव नहीं चलेगा। अतिक्रमण हटाने में पारदर्शिता बरती जाये। तब अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि दो चार दिन में सभी का अतिक्रमण हटा दिया जायेगा। तब जाकर दुकानदार शांत हुए और विधायक के आवास के बाहर से हटे।

### सिटी हॉस्पिटल व मनकामेश्वरम होटल के बाहर अतिक्रमण बरकरार

**फर्रुखाबाद।** अतिक्रमण अभियान तो चलाया गया, लेकिन चेहरे-देख-देखकर। कई प्रतिष्ठानों के बाहर अब भी अतिक्रमण आबाद है। जिससे कई दुकानदार अतिक्रमण हटाओ अभियान में पक्षपात का आरोप लगाते नजर आये। दुकानदारों का कहना था कि यदि हमेशा गरीब व्यक्ति को ही निशाना बनाया जाता है, जबकि सफेदपोश नेता अतिक्रमण करने की खुली छूट दी जाती है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं जायेगा।

## महिला को पीटने में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवसनी निवासी दिनेश की पत्नी गीता देवी ने गांव के ही दीपक पुत्र ना मालूम, नीलम पत्नी दीपक, रीना पुत्री अजय पाल के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है तहरीर के अनुसार 11 नवंबर समय शाम 6:30 बजे मैं अपने दरवाजे पर खड़ी थी इस समय दीपक शराब पीकर हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान नीलम व रीना भी मौके पर आ गई और उपरोक्त तीनों आरोपितों ने हमारे साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मारपीट के दौरान कहीं मेरा एक कुंडल भी गिर गया। मारपीट किए जाने से मेरे शरीर में काफी चोटें आई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रिश्वत लेते एसपी आफिस के वरिष्ठ लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



पकड़ा गया वरिष्ठ लिपिक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

एंटी करप्शन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम का कहना था कि वरिष्ठ लिपिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक कौशलेंद्र सिंह की रिश्वत लेने की काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थीं। वरिष्ठ लिपिक गिरफ्त में तब आया, तब उसने एक हेड कांस्टेबिल आदित्य कुमार से टीए-डीए का भुगतान करने के एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत मांगी। जिस पर हेड कांस्टेबिल ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन मुख्यालय लखनऊ से की थी। जिस पर एंटी करप्शन की टीम सक्रिय हुई और उसने वरिष्ठ लिपिक को पकड़ने का जाल बिछाया। योजना के अनुसार जैसे ही हेड कांस्टेबिल ने वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत के 15 हजार रुपये दिये, वैसे ही छह सदस्यीय एंटी करप्शन टीम ने पीछे से पहुंचकर वरिष्ठ लिपिक को दबोच लिया। टीम ने आरोपी वरिष्ठ लिपिक से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में करीब 3 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद टीम उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

### बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपाई जश्न में डूबे



जीत का जश्न मनाते भाजपाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।** बिहार राज्य में विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नवाबगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार शाम लगभग चार बजे चुनाव परिणाम स्पष्ट होते ही बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक नगर के मेन चौराहे पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी छुड़ाकर जय श्रीराम के नारे लगाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्सव का माहौल देखा गया। कार्यकर्ताओं ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और राहगीरों को लड्डू बांटकर मुंह मीठा कराया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए एनडीए जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश गुप्ता, हेम सिंह लोधी, संजीव गुप्ता, शिवप्रताप सिंह, अवनीश कौशल, शिवम राठौर, आदेश राठौर, योगेन्द्र सिंह राठौड़, महावीर राठौर, मुकेश दुबे, सुरजीत यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर स्कूलों में हुए प्रेरणादायक कार्यक्रम



भाषण प्रतियोगिता में भाग लेता बच्चा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा चार के छात्र चंद्रसेन ने आत्मविश्वासपूर्ण और उत्कृष्ट तरीके से किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गणेश कुमार तथा सहायक अध्यापक सुमित कुमार द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप कुमार तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण में कक्षा चार के छात्र सुमित ने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें नेहरू के बाल प्रेम, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के संदेशों को प्रभावशाली ढंग से रखा गया। इसके बाद बच्चों ने कविता, गीत और अन्य प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

### सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पश्चात विद्यालय में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में चंद्रसेन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में तान्या की टीम विजयी रही और उत्कृष्ट टीम वर्क का परिचय दिया। लूडो प्रतियोगिता में कुलदीप ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। विजेता छात्रों को कार्यक्रम के अंत में सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल बना दिया। आयोजन के दौरान बच्चों में आनंद, उत्साह और उत्साहवर्धक ऊर्जा देखने को मिली।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय से सामान चोरी, दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय अलाउद्दीन वि.क्षे. थाना कमालगंज दिनांक 08.11.2025 को शाम 3:30 बजे विद्यालय बन्द कर दिया गया था तथा दिनाँक 09.11.2025 को रविवार होने के कारण विद्यालय बन्द था। दिनांक 10.11.2025 को प्रातः 8:40 बजे जब विद्यालय खोला गया, तो देखा कि विद्यालय के कक्ष एंव कार्यालय के दरवाजे की कुंडिया टूटी पड़ी हैं और दरवाजे खुले हैं। विद्यालय में फर्नीचर, अभिलेख व वस्तुएं क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हैं। विद्यालय में रखा एक टैब टेबलेट, दो सिम कार्ड, ईको क्लब किट एक, दो स्पोर्ट्स किट नई व पुरानी, एक दीवार घड़ी, दो सीलिंग फैन, करीब 150 किलो खाद्यान्न व सबमर्सिबल स्टार्टर, सौ मीटर केबल सहित अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# मदन मोहन चतुर्वेदी बने कायमगंज कोतवाली के प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने गुरुवार रात निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। इस फेरबदल के तहत मदन मोहन चतुर्वेदी को कायमगंज कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।



पुलिस अधीक्षक

एसपी के आदेशानुसार निरीक्षक मुन्नालाल को जन सूचना सेल के प्रभारी पद से हटाकर थाना मोहम्मदाबाद भेजा गया है। वहीं निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को न्यायालय सुरक्षा प्रभारी से जन सूचना सेल का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक मंजेश कुमार सिंह को मीडिया सेल प्रभारी से न्यायालय सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन से उप निरीक्षक अनुज कुमार को थाना मोहम्मदाबाद स्थानांतरित किया गया है। उप निरीक्षक नागेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से फतेहगढ़ की सरह चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक शकीला बानो और उप निरीक्षक राकेश तिवारी को भी पुलिस लाइन से महिला थाना भेजा गया है।

# धूमधाम से मना बाल दिवस कार्यक्रम, हुए सांस्कृतिक आयोजन




बच्ची को पुरस्कृत करते आनन्द कुमार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा संचालित सत्य भारती स्कूल ज्योना में बाल दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रकम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अंग्रेजी क्विज प्रतियोगिता और रंग तरंग का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने पारंपरिक और सांस्कृतिक परिधान पहनकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान आनंद कुमार यादव द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। ज्योना ग्राम पंचायत के समाज सेवी आनंद यादव और उनके सहयोगियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को निरंतर सहयोग देने और विकास कार्य कराने का संकल्प लिया। बच्चों ने देशभक्तों, वैज्ञानिकों और भारत के महान पुरुषों की वेशभूषा में प्रदर्शन कर खूब सराहना बटोरी। प्रधानाचार्य ने बच्चों को इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर भविष्य में एक सच्चे भारतीय बनकर देश सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलेश कुमार मिश्रा, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर रजीउल्लाह खान, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज तोमर तथा एयरटेल कम्युनिकेशन के अध्यापकगण आरजू, शिवम कुमार, शिवकुमार पाल, उजमा, हरिद्वार द्विवेदी, कीर्ती और क्षमा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



मेले में स्टाल लगाये छात्र-छात्रायें

## बाल दिवस पर मेले का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कंपोजिट विद्यालय कक्योली नवाबगंज में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें स्वनिर्मित वस्तुओं को अध्यापकों द्वारा खरीदा व चखा गया तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। बाल मेले में बच्चों द्वारा भी खरीदारी की गई। जिससे बच्चे उत्साहित दिखे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमकार सिंह की देखरेख में समस्त स्टाफ ने बच्चों का सहयोग किया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल दिवस चाचा नेहरु के जन्मदिवस के रुप में मनाया गया है, क्योंकि चाचा नेहरु बच्चों को बहुत प्यार करते थे। इस मौके पर इरमानशेर, प्रबल कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सुनील कुमार, मोहम्मद खालिद खान, उदय प्रताप सिंह, यादवेंद्र सिंह, सरिता एवं रणवीर सिंह, मुवीस अहमद और शिवनंदन लाल उपस्थित रहे।

# दोषसिद्ध बंदियों की मौत के मामले में मजिस्ट्रीयल जांच शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जेल में निरुद्ध दोषसिद्ध बंदियों की बीमारी के चलते उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में जिला मजिस्ट्रेट ने मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश दिये है। संबंधित दोषसिद्ध बंदियों की मौत के मामले में मजिस्ट्रीयल जांच की अलग-अलग तिथि दी गई है। इनसे संबंधित कोई भी व्यक्ति अगर किसी प्रकार की जानकारी देना चाहे वह लिखित या मौखिक उपस्थित होकर दे सकता है। (1) सिद्धदोष बन्दी बलवीर लोध पुत्र रघुवीर लोध कैदी संख्या-17707 नि0 ग्राम चौखण्डा, टीला थाना शमशाबाद वर्तमान पता चार नगला थाना जहानगंज की 10 सितम्बर 2025 को जीवन रक्षार्थ उपचार के दौरान मेडिकल कालेज कानपुर नगर में मृत्यु हो गयी थी। मजिस्ट्रीयल जांच में दिनांक 18 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक इससे संबंधित व्यक्ति कार्यालय में अवधि अवकाश को छोड़कर बयान दे सकता है। (2) दोषसिद्ध राजीव तिवारी पुत्र रामसनेही सिंह कैदी संख्या 28536 निवासी सरिया अरौल पोस्ट आकिन थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर की बीमारी के चलते उपचार के दौरान 23 अक्टूबर को जिला अस्पताल फर्रुखाबाद में मृत्यु हो गई थी, इस संदर्भ में मजिस्ट्रीयल जांच 20 नवंबर तक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर अपने बयान दे सकता है। (3) दोषसिद्ध जबर सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह कैदी संख्या 29271 ग्राम चांदपुर कोतवाली फर्रुखाबाद की बीमारी चलते उपचार दौरान राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 1 अक्टूबर को मृत्यु हो गई थी। मजिस्ट्रीयल जांच में 20 नवंबर तक इससे संबंधित कोई भी व्यक्ति कार्यालय उपस्थित होकर बयान दे सकता है।

# बिहार में प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



जश्न मनाते भाजपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के दिन भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल द्वारा प्रचंड जीत हासिल करने के उपलक्ष में जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हर्ष व्यक्त करने के लिए कादरीगेट स्थित फब्बारे के पास एकत्रित होकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण करके जीत की खुशी का इजहार किया।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा बिहार के विधानसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन ने दो तिहाई बहुमत के साथ जीत दर्ज की है, यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं नीतीश कुमार के सुशासन की जीत है। बिहार के विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दलों ने विपक्ष का सुपड़ा साफ कर दिया। बिहार की जनता ने फिर एक बार जंगल राज और भ्रष्टाचार को खारिज कर दिया।

इस अवसर पर डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, सतपाल सिंह, दिनेश कटियार, डीएस राठौर, विमल कटियार, अश्नील दिवाकर, अरविन्द गुप्ता, संदीप शाक्य, राजकुमार वर्मा, बबीता पाठक, श्वेता दुबे, संजीव गुप्ता, शेर सिंह शाक्य, प्रभात अवस्थी, संजय सिंह, रमला राठौर, अमन कटियार, लव कनौजिया, विश्राम सिंह यादव, प्रमोद मिश्रा, छोटू दुबे, कुलदीप पाल, संजीव गुप्ता, अमित शुक्ला, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, मुकेश गुप्ता, हेमलता मिश्रा, किरन सिंह, प्रीती तिवारी, जितेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## रोटावेटर में फंसकर युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो व गुमशुम बैठा मृतक का पिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोटावेटर में फंसने से युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन उसे 108 एंबूलेंस से लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम अंबरपुर निवासी फूल सिंह का पुत्र अर्पित 18 वर्ष अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर खेत में रोटावेटर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान रोटावेटर का पिन निकल गया। अर्पित जब पिन को ठीक करने का प्रयास कर रहा था, तभी वह रोटावेटर में फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से अर्पित को जिला लोहिया अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अर्पित को मृत घोषित कर दिया। अर्पित के पिता फूल सिंह मजदूरी करते हैं। घटना के बाद उसके पिता फूल सिंह व मां सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का एक छोटा भाई अंशू भी है।

# एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सालामी, दिये दिशा निर्देश



परेड के दौरान सलामी लेतीं एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त दुरुस्त रहने के निर्देश दिए। परेड में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारी, यातायात शाखा और पुलिस लाइन में नियुक्त पुलिसकर्मी शामिल हुए। रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त दुरुस्त रखने के लिए दौड़ कराई गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षियों की पीटी और परेड का भी निरीक्षण किया गया। उन्हें अनुशासन और नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। परेड के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही को और प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने डायल112, मेस, परिवहन शाखा, बैरक और क्वार्टर गार्ड जैसी विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## दो पक्षों ने मारपीट, दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी विनोद प्रजापति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि पुस्तैनी जमीन को लेकर यश प्रजापति पुत्र स्व0 गोपाल प्रजापति मेरी किराना स्टोर दुकान पर आया और आते ही मेरे साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से यश प्रजापति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि आज हम जमीन के बंटवारे को लेकर चाचा विनोद की दुकान पर पहुँचे। जहाँ उन्होंने मेरे साथ गाली-गलौज कर मारापीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर विनोद व यश का मेडीकल परीक्षण करवाया। चर्चा के अनुसार खेत व रोड पर जमकर दोनों पक्षों में लात--घूसे व लाठी-डन्डे चले। यश के द्वारा मेडीकल परीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियां के साथ बदसलूकी कर रहा था।

# गाली-गलौज करने का उलाहना देने पर महिला को पीटा



जानकारी देती पीड़ित महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव अलादादपुर निवासी अमिताव देवी पत्नी जुगेन्द्र यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके पति ट्रैक्टर लेकर आ रहे थे। उसी दौरान गाँव के रवेन्द्र सिंह उनके पति के साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे पति ट्रैकर लेकर चले गये। जब हम इसकी शिकायत करने रवेन्द्र के घर गये, तभी रवेन्द्र, हर्षित, पियूष, गीता एक जुट होकर घर से निकले और आते ही गालियां देते हुए अमिता के साथ लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अमिताव देवी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### चाचा-भतीजी के साथ मारपीट करने में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला मना निवासी पुष्पेंद्र पुत्र ब्रह्मजीत ने गांव के ही ग्रीश चंद्र, शिववीर सिंह पुत्रगण राम भरोसे, विपिन पुत्र शिववीर सिंह, हरदौल पुत्र ग्रीश चंद्र के विरुद्ध मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 9 नवंबर समय लगभग रात 10 बजे उक्त आरोपित ग्रीश चंद्र शराब के नशे में मेरे दरवाजे के सामने गाली-गलौज करने लगे। जब हमारी भतीजी रुचि ने गाली देने से मना किया, तो मेरी भतीजी के साथ मारपीट करने लगा। शोर सुनकर मैं दरवाजे पर पहुंचा, तो वहां पर उपरोक्त सभी आरोपित मौके पर थे। मैंने रुचि को बचाने का प्रयास किया, तो उक्त सभी आरोपितों ने मिलकर हम दोनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे हम दोनों के शरीर में काफी चोटें आ गईं और बाद में उक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव अहमदगंज निवासी अमन जाटव उम्र 31 वर्षीय पुत्र नेत्रपाल जाटव बीते दिन गुरुवार को अपनी बुआ के बेटे राघवेन्द्र जाटव उम्र 30 वर्षीय पुत्र वीरेन्द्र जाटव के घर गया था। शुक्रवार को अपनी बुआ के बेटे को साथ लेकर बाइक द्वारा उसे छोड़ने उसके घर अहमदगंज आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम मेंदपुर थाना कम्पिल के पास पहुंचा, तभी अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार राघवेन्द्र व अमन गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलो को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर अमन को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में बाल दिवस पर मेले का हुआ आयोजन

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को किया गया सम्मानित**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



छात्र हर्षवर्धन को साइकिल देते निदेशक व प्रबंधक

सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में बाल दिवस एवं बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। निदेशक रोजीशन विश्वासी, प्रबंधक रोहतानी विश्वासी एवं प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्वादिष्ट खाद्य सामग्री, विभिन्न खेल-खेलाव तथा रचनात्मक गतिविधियों का उम्दा प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और टीमवर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। कक्षा 3 एवं 4 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत मनमोहक रहा। वहीं नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। निदेशक रोजीशन विश्वासी ने कहा कि बाल दिवस एवं बाल मेला बच्चों की प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को निखारने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, ईमानदारी और दृढ़ आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश कुमार यादव ने कहा कि बाल दिवस केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि बच्चों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने का दिन है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में टीमवर्क जिम्मेदारी, आत्मप्रस्तुतिकरण और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में लकी ड्रा भी आकर्षण का विशेष केंद्र रहा। जिसमें सौ से अधिक पुरस्कार शामिल थे। कक्षा (ग) के छात्र हर्षवर्धन ने प्रथम पुरस्कार साइकिल जीती। द्वितीय पुरस्कार ट्रॉली बैग कक्षा 4 के छात्र ईशान शुक्ला को मिला। तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर आर्यन कटियार को प्राप्त हुआ, जबकि पाँचवाँ पुरस्कार सीलिंग फैन कक्षा प्रथम के छात्र रियांश ने जीता। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन विजय यादव एवं वैशाली पीटर ने किया। इस अवसर पर अतुल पाठक, संजीव सिंह, अभिषेक सिंह, बिंदु द्विवेदी, एकता मसीह, ज्योतिका मसीह आदि मौजूद रहे।

# पंचम दिवस पर भगवान के विभिन्न लीलाओं की भक्तों ने सुनी कथा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कथा सुनाते आचार्य मौजूद भक्तगण

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर आचार्य राम मूर्ति मिश्रा ने भगवान की विभिन्न लीलाओं का बहुत ही मनोहारी अनुवाद किया। लोको रोड फतेहगढ़ में चल रही कथा में आचार्य ने कहा कि हम सभी को भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए कि वह हम सभी को इस भवसागर से पार कर दें, मो सम कौन कुटिल खल कामी, जीनतन वीडियो ताहि बिसारायो, सो नमक हरामी।। आचार्य ने बताया कि जब पूतना भगवान के पास आई और जब विषपान करने के लिए शिखर चंद को गोद में लिया, तब भगवान ने आंखें बंद कर ली। उन्होंने बाल रक्षा स्त्रोत का गुणगान भी किया। जिस पर भगवान की कृपा होती है, उसका स्वभाव उदार मन होता है और जिस पर भगवान की कृपा नहीं होती है वह कृपाण होता है और प्रभु से विमुख होता है, उसमें श्रद्धा नहीं होती है। सूर कहे श्याम सुनो शरण है तिहा रे। अबकी बार पर करो नंद के दुलारे।। कथा का संचालन अंजुम दुबे ने किया। इस अवसर पर ईश्वरदास महाराज, पंडित शिवकुमार शास्त्री, आचार्य अविनाश पांडे, आदेश शुक्ला, अरविंद भदौरिया, अनिल तिवारी, सत्यपाल सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी, दीक्षा पांडे, गोविंद पांडे, डा0 केएम द्विवेदी, विवेक पांडे, दुर्गेश शुक्ला, दिनेश चंद्र पाठक, रामवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



खेल में प्रतिभाग करते छात्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में शिक्षकों और छात्रों ने मनोरंजन खेलो का आयोजन किया। रास्साकशी, म्यूजिकल चेयर, कॉक फाइट, तीन टंकी दौड़, मटका फोड़ आदि में कक्षा वार छात्रों व शिक्षकों ने सभी ने प्रतिभाग किया। कक्षा 6, 7, 8 के कॉक फाइट के विजेता ईशान नॉक्स प्रथम, प्रिंस द्वितीय, प्रियांशु पांडे तृतीया रहे। कक्षा 9 के हर्षित प्रथम, आलोक द्वितीय, दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10 के सार्थक प्रथम, विपिन शर्मा द्वितीय, आशुतोष तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 के नितिन प्रथम, अंशुल कुमार द्वितीय, आर्य प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 के गौरव, हर्षित और रोहित प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 और 10 के हर्षित, सार्थक, आलोक प्रथम, द्वितीय, तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 11-12 के अंशुल, रोहित पाल और हर्षित, साकेत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। म्यूजिकल चेयर में 11-12 के गौरव, रोहित और हर्षित प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 के आदर्श, अंशु, निखिल प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10 के आशुतोष, सार्थक सिंह और अभय राठौर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों की लेमन रेस में कक्षा 6, 7, 8 के ईशान, प्रिंस और अंशुल प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। तीन टांग की दौड़ में कक्षा 11-12 के अंशुल और अभिषेक प्रथम, द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 की दौड़ में केशव, हर्षित, दिव्यांश प्रथम, द्वितीय, तिथि स्थान पर रहे। एक टांग की दौड़ में अभिषेक, अंशुल, प्रथम-द्वितीय, कक्षा 12 से विपिन शर्मा च अभी कटिहार, कक्षा 9 से दिव्यांश और अभिमन्यु ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 प्रभात दीक्षित, जगदीप लाल, यादवेंद्र सिंह परिहार, आलोक दुबे, देवेंद्र यादव, अभय दुबे, संतोष दुबे, नोएलूकस, राहुल मेसी, संजीव प्रकाश, लेफ्टिनेंट अवधेश प्रभु खोजी, सेकंड लेफ्टिनेंट अमित नोएल समस्त टीचर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य

# चाचा नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों ने मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों के साथ मिलकर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने बच्चों को नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर विजेताओं जानवी, अंशी, आशिकी, तान्या, चांदनी, सौम्या, आदित्य, आकर्ष, समीर, पल्लवी, संध्या, पंकज आदि को पुरस्कृत किया। अल्पाहार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कमलेश राजपूत, मेमवती, आशा, उमा, सत्यवती उपस्थित रहे।

# एसबी पब्लिक स्कूल में विज्ञान व आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मॉडल देखते चेयरमैन विवेक सिंह यादव

याकूतगंज स्थित एसबी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने मां सरस्वती व चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। संचालन शिक्षकों ने किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक चिकन डांस ने सभी उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने चलने वाले (वर्किंग) मॉडलों के साथ-साथ स्टैटिक (नॉन-वर्किंग) मॉडलों का भी प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने मॉडलों का व्याख्यान स्वयं किया। जिसे देखकर अभिभावकों ने उनकी प्रतिभा की खूब सराहना की। विद्यालय प्रांगण में रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस द्वारा आकर्षक दुकानों की सजावट की गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की तथा विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, तथा ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। येलो हाउस ने भी उत्कृष्ट सहभागिता दर्ज की। प्रसिद्ध जादूगर गोगा ने रोमांचक मैजिक शो प्रस्तुत किया। उन्होंने मनोरंजन के साथ-साथ जल संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं मेहनत से पढ़ाई करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। चेयरमैन विवेक सिंह यादव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। ऐसे रचनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को आर्मी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिये शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा व्यंग्य नाटक प्रस्तुत किया गया। इतिहास प्रवक्ता एकता साध ने शास्त्रीय नृत्य करके तालियॉ बटोरी। प्रधानाचार्य संजीव ने पोस्टर मेकिंग, हिन्दी वाद-विवाद, अंग्रेजी वाद-विवाद तथा एथलीट के क्षेत्र में स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। चेयरमैन स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने बाल दिवस पर सभी बच्चों को शुभकामनायें दी। सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया। संचालन पूर्णिमा अग्निहोत्री व अनूपा अग्निहोत्री ने किया। प्राथमिक विंग की मुख्याध्यापिका स्मिता बोस ने प्राथमिक विंग के बच्चों को जसराम आडीटोरियम ले जाकर फिल्म दिखाई। पूर्व प्राथमिक विद्यालय की को-आर्डीनेटर रंजनी द्विवेदी ने बच्चों का रोचक कार्यक्रम करवाया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

# गैर कानूनी तरीके से बच्चा गोद लेना अपराध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद अधिकारी आदि

विकास खण्ड नवाबगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी अमरेश चौहान की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, यदि प्रमाण पत्र बनवाने में कोई समस्या हो तो तत्काल सूचित करें। इसके साथ ही समाज के किसी भी प्रकार शोषित बच्चे के संबंध में तत्काल सूचित करें और उस बच्चे को सहायता करें। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर लोगों को लाभान्वित कराएं। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कहा कि किसी भी नवजात के मिलने पर सबसे पहले पुलिस को सूचना दें और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर अवगत करा दें। गैर कानूनी तरीके से किसी भी बच्चे को गोद लेने पर जेल हो सकती है। 0 से 6 वर्ष तक के बच्चे को किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता, बल्कि उस बच्चे को शिशु गृह में आवासित कराकर उसे मिशन वात्सल्य की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्टर किया जाता है। फिर उस बालक को पूर्व से पंजीकृत अभिभावकों द्वारा गोद लिया जा सकता है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, बालश्रम, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 (1098), महिला हेल्पलाइन 181, इमरजेंसी नंबर 112 के साथ ही गुड टच-बैड टच, ट्रैफिकिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्टाहार का वितरण नियमित रूप से करें और बच्चों का पंजीकरण विद्यालय में अवश्य कराएं। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक सत्य नारायण, सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि क्षितिज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार, रूबी सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक कुणाल मिश्रा उपस्थित रहे।

## गैर इरादातन हत्या के मामले दंपति को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैर इरादातन हत्या के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश शैली रॉय ने रामवरन पुत्र गंगाराम, गुड्डी पत्नी रामबरन को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते सात वर्षों पूर्व कोतवाली अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कोलासोता बहादुर निवासी रामदेवी पत्नी रामकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक 14 जून 2018 को समय करीब छः बजे शाम को मेरे पड़ोसी रामबरन अपनी दीवार मेरी जमीन की तरफ बढ़ाकर बना रहे थे। जब मेरे पति रामकुमार ने दीवार बनाने का विरोध किया, तो इसी बात पर नाराज होकर रामबक्स व उसकी पत्नी गुड्डी देवी मेरे पति को गली देते हुए लात घूसों से मारने लगे। जिससे वह अचेत हो गए। उन्हें अस्पताल लेकर गए। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने रामबरन, गुड्डी देवी को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## मिशन शक्ति के तहत ग्रामवासियों को किया गया जागरुक



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत भटासा में मिशन शक्ति अभियान जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरकार की मंशा के अनुरूप हर ग्रामवाशी को सरकार की योजना से जोड़ना और पात्र लाभार्थियों योजना से जोड़ना जैसे की निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। जनपद में संचालित वन स्टाफ सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ग्रामवासियों एवं महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़वीमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने सरकार संचालित सभी टोल फ्री नंबर बताए। एडीओ समाज कल्याण, ग्राम प्रधान गोविंद, सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, रीतम शाक्य, असिस्टेंट अकाउंट, सचिव पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी आदि महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# बाल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया भाग



प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे व विद्यालय स्टाफ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में पं0 जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव व सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने नेहरूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। छोटे-छोटे बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चम्मच दौड़, बाल रेस, 100 मीटर दौड़, बाल्टी दौड़, लंगडी दौड़, मेढ़क दौड़ आदि शामिल रहे। प्रतियोगिता का आयोजन हाउस वाइज किया गया था। जिसमें रानी लक्ष्मी बाई हाउस प्रथम, माता जीजाबाई हाउस द्वितीय, सती सावित्री हाउस तृतीय स्थान पर रहे। विजयी प्रतियोगियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने बच्चों को नेहरूजी के विषय में विस्तार से बताया। उन्होने नेहरूजी के जन्म से लेकर उनकी उपलब्धियों के बारें में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, शोभा यादव, सुन्दरम सिंह, लालराम, सुरभि श्रीवास्तव, शशांक शुक्ला, शायना खान, पूजा सिंह सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूर रहीं।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाल दिवस के उपलक्ष में जेएन मेमोरियल स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। साथ में ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसमें अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर के भागीदारी की और बच्चों ने विभिन्न स्थानों पर खान-पान का लुत्फउ ठाया। इस अवसर पर निदेशक दुष्यंत कुमार दुबे ने सभी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर माधव सिंह, अमन दुबे, अनुराग वर्मा, सिमरन, रेखा, परिंदा, रितु, रतन, ललिता, तानिया गुप्ता, अनुष्का दुबे आदि मौजूद रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



विभिन्न पात्रों में मौजूद बच्चे

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर आयोजित बाल मेला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और खेलों का आयोजन हुआ। मेले में बच्चों ने सीमित धनराशि में खरीदारी कर आर्थिक समझ, निर्णय क्षमता और संयम का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्राइमरी विंग में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें बच्चों ने विभिन्न पात्रों का प्रभावी अभिनय कर सबका मन मोह लिया। इंटर-हाउस वॉलीबॉल मैच भी आयोजित हुआ। शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय बिष्ट व उपनिदेशिका अंजू राजे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। रेफरी संजीव दुबे एवं कमेंटेटर अंजनी कुमार ने प्रतियोगिता को रोमांचकारी बनाया। निदेशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। एमडी ज्योत्सना अग्रवाल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उपनिदेशिका अंजू राजे ने रचनात्मक वातावरण के महत्व पर बल दिया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बच्चों की प्रतिभा और कल्पनाशीलता की सराहना की। प्राइमरी विंग इंचार्ज शिवानी दीक्षित ने कहा कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और आज बच्चों ने अद्भुत आत्मविश्वास का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रार्थना, एंकरिंग, समाचार वाचन, विचार, प्रतिज्ञा, विशेष प्रस्तुति और समूहगीत के माध्यम से शिक्षकों व छात्रों ने बाल दिवस का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



डीआईओएस व बीएसए को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की भ्रष्टाचार संबंधित समस्याओं को लेकर पदाधिकारियो द्वारा बीएसए एवं डीआईओएस को ज्ञापन दिया गया। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह धरना स्थल पर जाकर के समस्याओं का निस्तारण करेंगे। ज्ञापन में तहसील का आईएमगंज आदर्श इंटर कॉलेज पितोरा, कन्या गर्ल्स कॉलेज पितोरा में प्रधानाचार्य विश्व मोहिनी पांडे ने छात्रों से खुलेआम अभी वसूली की जा रही है। किसान यूनियन द्वारा कई बर ज्ञापन देने के बाद अधिकारियों द्वारा इनके विरुद्ध कोई करवाई नहीं की गई। जिससे परेशान होकर किसानों ने तहसील कायमगंज के अंतरगत झबुपुर क्रॉसिंग के पास अनिश्चितकालीन धरना 5 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित बबलू, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, एवी सिंह सोमवंशी, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, सुनील गहार, बबलू यादव आदि कार्यकर्ता अपस्थित रहे।

## दंपति व पुत्र के साथ मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरमपुरी निवासी राकेश की पत्नी अनीता देवी ने धर्मेंद्र उर्फ डोला, अरविंद उर्फ बाबा पुत्रगण जयवीर यादव, रामसेवक उर्फ लल्लू यादव, अनुरुद्ध पुत्र राजेश यादव अज्ञात के विरुद्ध मारपीट व जाति सूचक गाली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार उक्त आरोपितों के खेत में पानी चला गया। इसी बात को लेकर 11 नवंबर को समय करीब 8:30 बजे उक्त सभी आरोपित जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे मना करने पर मेरे व मेरे पुत्र विनीत, पति राकेश के साथ लाठी-डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कुछ किसान लोग बचाने आए तब उक्त आरोपित भाग गए। मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज के सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी।

# बाढ़ से निजात पाने के लिए तटबंध बनाने की उठी मांग



बैठक के दौरान मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की पहली बैठक जमापुर चौराहे पर संपन्न हुई। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और तटबंध बनवाने के लिए हर संभव सहयोग और संघर्ष का वादा किया। प्रत्येक क्षेत्रवासी तटबंध बनवाने के लिए दिन-रात साथ देने का वादा किया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन सिंह ने कहा कि गंगा जी के दोनों तरफ तटबंध बनना बहुत जरूरी है, क्योंकि हर वर्ष बाढ़ के विनाश लीला से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। आचार्य अम्बरीष महाराज ने कहा कि यह काम यहां के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए, जनता के दर्द को ना समझने वाले संवेदनहीन जनप्रतिनिधि समाज के लिए अच्छे नहीं होते हैं, जब प्रजा दुख दर्द में सहे तो राजा चैन की नींद नहीं सो सकता है। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभागाध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि गंगा जी के दोनों तरफ तटबंध बनना बहुत आवश्यक है, क्योंकि बाढ़ लोगों के पूरे जीवन की कमाई और खेत खलियान सब कुछ बर्बाद करके चली जाती है और पीछे छोड़ जाती है तो सिर्फ और सिर्फ तबाही के निशान, इस तबाही से बचने के लिए हम सबको संघर्ष करना पड़ेगा। पिंटू सोमवंशी, डॉ. पंकज राठौर, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा, सुमित गुप्ता, श्याम सुंदर अग्निहोत्री उर्फ भैया पंडित, प्रधान रामवीर बाथम, ओपेंद्र सिंह यादव, विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि शीघ्र एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर तटबंधन बनाए जाने की मांग करेगा और यदि शीघ्र इस पर कोई निर्णय न हुआ तो फिर जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अनूप अग्निहोत्री, लाल सिंह कुशवाहा, निशु दुबे, महिपाल राजपूत, शिवेंद्र बाजपेई, राजीव वर्मा, गोपाल सिंह, मोहित खन्ना, शिवकुमार सिंह, संदीप पांडे, रत्नेश पांडे, राजीव सिंह, अतीक खान, आदिल खान, अशोक शाक्य, रामरूप जाटव, अमरपाल कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



खुशी का इजहार करते भाजपाई

बिहार विधानसभा के आए परिणाम में एनडीए की प्रचंड विजय पर नगर के श्यामा गेट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी मनाई। भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. विकास शर्मा, अवनीश चतुर्वेदी, अमर दीप दीक्षित, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, पूर्व पूर्व चेयरमैन सुनील चक, रश्मि दुबे, सुभाष गुप्ता, अखलेश शर्मा, अमर गुप्ता, अंबुज गंगवार, आसिफ मंसूरी आदि ने कहा कि बिहार की जनता को हृदय से आभार यह जीत विकास और सुशासन की जीत है। यह जीत बिहार के जन जन के विश्वास की ऐतिहासिक विजय है। अब रफ्तार और तेज होगी। बिहार और मज़बूत बनेगा।

